

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853


# दैनिक समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब बिहार, मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 24 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 03 नवम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया


## बाहुबली रॉकेट से नौसेना का सैटेलाइट लॉन्च

### *पीएम मोदी बोले– 'इसरो की सफलताओं ने राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाया'*

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा कि हमारा अंतरिक्ष क्षेत्र हमें निरंतर गौरवान्वित करता है।

***भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई***

भारत के सबसे भारी संचार उपग्रह सीएमएस-03 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई। हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों की बदौलत हमारा अंतरिक्ष क्षेत्र उत्कृष्टता और नवाचार का पर्याय बन गया है, यह सराहनीय है। उनकी सफलताओं ने राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाया है और अनगिनत लोगों को सशक्त बनाया है।

**एलबीएम-3 यान के सभी प्रक्षेपण इसरो द्वारा सफलतापूर्वक किए गए हैं और यह 100 प्रतिशत विश्वसनीय यान है**

इससे पहले इसरो के एवीए3-



एम-5 द्वारा सीएमएस-03 संचार उपग्रह के प्रक्षेपण पर इसरो प्रमुख वी. नारायणन ने कहा कि इस जीएसएलवी लांचर की क्षमता लगभग 4000 किलोग्राम जीटीओ तक ले जाने की है और पहली बार हमने 4410 किलोग्राम भार को दीर्घवृत्तीय कक्षा में पहुंचाया है। इसने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और यह एलबीएम-3 यान का आठवां प्रक्षेपण है। एलबीएम-3 यान के सभी प्रक्षेपण इसरो द्वारा सफलतापूर्वक किए गए हैं और यह 100 प्रतिशत विश्वसनीय यान है। यही यान हमारे गगनयात्री-2 को अंतरिक्ष में ले जाने के लिए भी निर्धारित है।

एलवीएम3-एऽ रॉकेट आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निर्धारित समय शाम 5.26 बजे प्रक्षेपित किया गया

# बिहार चुनाव: पटना में पीएम मोदी का मेगा रोड शो, सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब



## प्रधानमंत्री मोदी की झलक पाने के लिए जनता ने दिखाया अपार उत्साह, रोड शो में महिलाओं और बच्चों ने किया जोरदार स्वागत

बिहार चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजधानी पटना में विशाल रोड शो किया। आरा और नवादा में चुनावी सभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी सबसे पहले दिनकर गोलंबर पहुंचे और राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद रोड शो प्रारंभ हुआ।

पीएम मोदी के साथ सांसद और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल और सांसद रविशंकर प्रसाद भी मौजूद रहे। उनके हाथ में भाजपा का चुनाव चिह्न, कमल का निशान था।

रोड शो के दौरान उनकी झलक पाने के लिए पूरे शहर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। दिनकर गोलंबर से गांधी मैदान के निकट उद्योग भवन तक रोड शो की योजना बनाई गई थी, जिसमें नाला रोड, ठाकुरबाड़ी, बारी पथ और बाकरगंज शामिल थे। इस दौरान वे पटना के सभी एनडीए प्रत्याशियों के लिए समर्थन मांगते नजर आए।



रोड शो प्रारंभ होने से पहले ही बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर खड़े होकर प्रधानमंत्री का इंतजार कर रहे थे। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे, बावजूद इसके सड़कों पर लोग उत्साहित नजर आए। लोगों ने 'मोदी जिंदाबाद' और 'जय श्रीराम' के नारे लगाकर रोड शो का स्वागत किया।

महिलाएं और बच्चे सड़कों के किनारे खड़े होकर प्रधानमंत्री का अभिनंदन कर रहे थे। पीएम मोदी ने हाथ हिलाकर उनका अभिवादन स्वीकार किया। लोग कैमरे में उनकी तस्वीर कैप्चर करने के लिए उत्साहित थे।

रोड शो के मार्ग में कई स्थानों पर स्वागत स्टॉल और मंच बनाए गए, जहां जनता ने प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। सड़क के किनारे बैरिकेडिंग की गई थी, लेकिन उत्साही भीड़ में कोई कमी नहीं थी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उत्तराखंड में पतंजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में की शिरकत

### राष्ट्रपति ने छात्रों को बधाई दी, योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा की सराहना की और स्वस्थ भारत के लिए प्रेरित किया

समाज जागरण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन दिवसीय दौरे पर रविवार को उत्तराखंड पहुंचीं। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत करने राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उपस्थित थे। इसके बाद राष्ट्रपति ने हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शिरकत की और उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों को बधाई दी। उन्होंने छात्राओं की बढ़ती भागीदारी की भी प्रशंसा की।



समारोह में बोलते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे देश के महान व्यक्तित्वों ने मानव संस्कृति और ज्ञान को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने महर्षि पतंजलि का जिक्र करते हुए बताया कि उन्होंने योग से मन की अशुद्धियों को दूर किया, व्याकरण से वाणी को सुधारा और आयुर्वेद से शरीर को स्वस्थ बनाया।

राष्ट्रपति ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय समाज को महर्षि पतंजलि की महान परंपरा से जोड़ने का काम कर रहा है, जो बहुत सराहनीय प्रयास है।

राष्ट्रपति ने विश्वविद्यालय के योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा शिक्षा और शोध की सराहना की और कहा कि ऐसे प्रयास से 'स्वस्थ भारत' बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने विश्वविद्यालय की भारत-केंद्रित शिक्षा दृष्टि की भी तारीफ की और बताया कि यह शिक्षा प्राचीन वैदिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक शोध को जोड़कर वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में मदद करती है।

राष्ट्रपति ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के अनुसार जीवन जीने का महत्व समझाया और उम्मीद जताई कि विश्वविद्यालय के छात्र जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में सद्भाव और नैतिक मूल्यों को अपनाकर स्वस्थ समाज और विकसित भारत बनाने में योगदान देंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि जब हम एक-एक व्यक्ति को पोषित करते हैं, तो इसका असर परिवार, समाज और राष्ट्र पर पड़ता है। पतंजलि विश्वविद्यालय इसी मार्ग पर चलकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है। राष्ट्रपति ने उम्मीद जताई कि उपाधि प्राप्त छात्र अपने ज्ञान और आचार से समाज और देश की उन्नति में भागीदारी निभाएंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी सात नवंबर को आएंगे वाराणसी

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात नवंबर को दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी आएंगे। वह अपने संसदीय क्षेत्र से तीन वंदेभारत ट्रेनों की सौगात देंगे। बरेका स्थित गेस्ट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद आठ नवंबर की सुबह वह दरभंगा में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए रवाना होंगे। पीएमओ ने शनिवार को उनके आगमन और प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी जिला प्रशासन को भेज दी है।

प्राथमिक सूचना के मुताबिक प्रधानमंत्री बिहार में जनसभा को संबोधित करने के बाद शाम करीब पांच बजे बाबतपुर एयरपोर्ट पर आएंगे। जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ जनप्रतिनिधि और पार्टी पदाधिकारी उनकी अगवानी करेंगे। इसके बाद वह सेना के हेलीकॉप्टर से बरेका स्थित हेलीपैड पर पहुंचेंगे। यहां अल्प विश्राम के बाद शाम तकरीबन साढ़े सात बजे बनारस स्टेशन पहुंचेंगे और बनारस से खजुराहो के बीच चलने वाली वंदेभारत को रवाना करेंगे। वहीं, फिरोजपुर से दिल्ली और लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली दो अन्य ट्रेनों का भी वर्चुअल शुभारम्भ करेंगे।



इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार के भी शामिल होने की संभावना है। डीएम सत्येंद्र कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रस्तावित दो दिवसीय दौरे में वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। रात्रिप्रवास के बाद वह अगले दिन सुबह बिहार के लिए रवाना होंगे।

### 153 वर्षों से जारी परंपरा: जलगांव में श्रीराम रथोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

समाज जागरण

जलगांव (महाराष्ट्र), 02 नवम्बर 2025: महाराष्ट्र के जलगांव जिले में स्थित श्रीराम मंदिर संस्थान में रविवार को 153वें श्रीराम रथोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह ऐतिहासिक उत्सव हर वर्ष एकादशी के पावन अवसर पर मनाया जाता है। इस दौरान मंदिर परिसर में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे नगर में धार्मिक उत्साह का वातावरण छा गया। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

**बिहार चुनाव 2025**

## सिवान: केशव प्रसाद मौर्य का बयान – तेजस्वी यादव कभी मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे

सिवान, 02 नवम्बर 2025: उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और बिहार चुनाव में बीजेपी के सह-अभियान प्रभारी केशव प्रसाद मौर्य ने सिवान में चुनावी रैली के दौरान बिहार की सियासत को लेकर बड़ा बयान दिया।

मौर्य ने कहा कि यदि कोई यहां से किसी प्रत्याशी को टिकट देकर उसे "ओसामा (शहाब)" से "ओसामा बिन लादेन" बनाने का प्रयास करता है, तो उन्हें यह जान लेना चाहिए कि यहां की जनता बहुत सतर्क है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस बार बिहार में ऐसा बदलाव देखने को मिलेगा कि तेजस्वी यादव कभी मुख्यमंत्री बनने का सपना भी नहीं देख पाएंगे।




केशव प्रसाद मौर्य का यह बयान चुनावी माहौल में बीजेपी की रणनीति और जनता के मनोभाव को उजागर करता है। रैली में पार्टी कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या शामिल हुई और मौर्य ने लोगों से आक्रामक संदेश देते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में बीजेपी के प्रति समर्थन जुटाने की अपील की।

## फरार्टे भर रहे डग्गामार वाहन.. राजस्व का हो रहा भारी नुकसान..जिम्मेदार बने बैठे अंजान

समाज जागरण

दिल्ली/लोनी, 2 नवंबर: पटपड़गंज, दिल्ली थाना क्षेत्र में स्थित आनंद विहार बस अड्डे के निकट, जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते डग्गामार गाड़ियों का अवैध संचालन आजकल खूब फल-फूल रहा है. विभिन्न स्थानों की ओर दौड़ाए जाने वाली इन डग्गामार गाड़ियों के कारण जहां हादसे होने का भय बना रहता है वहीं सरकार को भी लाखों रुपए प्रति माह की चपत लग रही है। सवारियों को ढोने वाली इन डग्गामार मैजिक, स्विफ्ट डिजायर, ईको, वैगनार व अर्टिगा आदि इन कारो के अनफिट तथा बीमा होने की भी कोई गारंटी नहीं है. इसके बावजूद ना जाने क्यों.! जिम्मेदार विभाग इस ओर से गांधी जी के तीन बंदर की तरह बने बैठे है। सूत्रों की माने तो डग्गामार गाड़ियों का यह गोरख धंधा खोड़ा में रहने वाले किसी युवक की देख-रख (ठेकेदारी) में संचालित है. जिसे खाकी और खादी, दोनों का संरक्षण प्राप्त है।



### रात को होती हैं डग्गामारी, सफर करती है हजारो सवारी

वैसे तो यहां से लगभग सभी मार्गों की ओर डग्गामार वाहन दौड़ते हैं, लेकिन मेरठ, बरेली, मुरादाबाद व गुड़गांवा की ओर जानवाले मार्ग पर यह अधिक फरार्टा भरते हैं। शाम के लगभग 7 बजे शुरू होने वाला डग्गामारी का यह धंधा रात भर जारी रहता है. और इस तरह इन वाहनों से रोजाना दो हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं, जिससे सरकार को कई लाख रुपये रोजाना के राजस्व का नुकसान होता है।

### कुछ माह पूर्व बंद किया गया था डग्गामारी का यह अवैध धंधा

लोगों का कहना है कि यहां वर्षों से चला आ रहा डग्गामार वाहनों का यह गैर कानूनी धंधा शिकायत के चलते पिछले दिनों बंद कर दिया गया था. मगर कुछ दिन बाद ही यह पुनः अस्तित्व में आ गया हैं जो इस बार खोड़ा कॉलोनी में रहने वाले किसी व्यक्ति (ठे-केदार) के संरक्षण में शुरू हुआ है। एक कार चालक ने अपना नाम न बताने की शर्त पर जानकारी देते हुए बताया कि ठे-केदार द्वारा प्रत्येक कार चालक से 5000 प्रति माह के अलावा 150 से 200 प्रतिदिन वसूले जाते हैं।

### अतिक्रमण के कारण लोग परेशान, पुलिस प्रशासन अनजान

लोगों का आरोप है कि डग्गामार वाहनों (कारो) के चलते यहा अवैध स्टैंड बन जाने से मार्ग पर अतिक्रमण बना रहता है। नतीजन आसपास दुकान दरों के साथ-साथ पैदल यात्रियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इसकी शिकायत करने के बावजूद परि-




वहन विभाग हो या पुलिस, न जाने क्यों.? इसके विरुद्ध कोई कार्रवाई करने की जहमत उठाता नजर नहीं आता है।

## पटना: पीएम मोदी के रोडशो में जनता का जबरदस्त उत्साह, मंत्री लालन सिंह

समाज जागरण

पटना, 02 नवम्बर 2025: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पटना रोडशो के दौरान जनता का उत्साह देखते ही बन रहा था। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (लालन) सिंह ने कहा कि रोडशो में महिलाओं ने 'आरती' कर प्रधानमंत्री का स्वागत किया, जो इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता बने हुए हैं।

मंत्री लालन सिंह ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि रोडशो में शामिल लोगों ने प्रधानमंत्री के प्रति अपार स्नेह और समर्थन दिखाया। उन्होंने कहा, "आज आपने देखा कि हमारे सम्मानित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोडशो के दौरान जनता कितनी उत्साहित थी। यह उत्साह उनके नेतृत्व की लोकप्रियता और जन समर्थन की पुष्टि करता है।"



रोडशो के दौरान विभिन्न स्थानों पर जनता ने प्रधानमंत्री का स्वागत फूलों, नारियल और ढोल-नगाड़ों के साथ किया। सड़कों पर खड़े लोगों ने हाथ हिलाकर प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं और युवा शामिल हुए, जिन्होंने रोडशो में भाग लेकर प्रधानमंत्री की योजनाओं और विकास कार्यों के प्रति अपनी प्रशंसा जताई।

सविस्तार यह भी बताया गया कि रोडशो का आयोजन शांति और अनुशासन के साथ सम्पन्न हुआ, और प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे।

केंद्रीय मंत्री ने जोर देकर कहा कि यह रोडशो केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि जनता और सरकार के बीच विश्वास और समर्थन को दर्शाने वाला प्रतीक था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता न केवल बिहार में, बल्कि पूरे देश में बनी हुई है।

# बिहार में 'जंगल -राज,' बनाम 'राम- राज'




बिहार विधानसभा चुनाव के बहाने मैं जंगलराज बनाम रामराज पर बात कर पा रहा हूँ. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बिहारियों को बीस साल पुराने लालू के शासनकाल को जंगलराज बताकर आगाह कर रहे हैं.बता रहे हैं कि लालू यादव के जंगलराज में 34 नरसंहार हुए थे.

शाह साहब के इतिहास ज्ञान को मै कभी चुनौती नहीं देता. वे इतिहास के छात्र होने के नाते जो कहते हैं वो कितना सच और कितना झूठ होता है, ये देश को पता है. बात जंगलराज बनाम रामराज की हो रही है. देश में 11 साल से और बिहार में 20 साल से रामराज है. लेकिन न देश में नरसंहार रुके हैं और न बिहार में. बिहार में तो पहले चरण का मतदान होने से पहले ही हत्याकांड शुरू हो चुका है. हमारे मानस में जंगलराज और रामराज की तो कल्पना है लेकिन कानून के राज की कोई छवि नहीं है. भाजपा रामराज की बात करती है तो कांग्रेस कानून के राज की. जंगलराज की बात कोई नहीं करता. हर राज रामराज और कानून का राज होता है, उसे जंगलराज में तब्दील हमारे माननीय नेता करते हैं. राजनीतिक दल करते हैं.

जंगलराज हो या रामराज किसी का कोई लिखित संविधान नहीं होता. लिखित संविधान केवल कानून के राज का होता है. जंगलराज में जंगल के राजा शेर का अलिखित कानून चलता है और रामराज में राजाराम का अलिखित कानून. कानून के राज को चलाने के लिए एक लिखित कानून जरूर होता है लेकिन उसकी बखिया भी जब चाहे तब उधेड दी जाती है. आज की जनरेशन बखिया का मतलब शायद न समझती हो इसलिए बता दूं कि बखिया को स्टिचिंग कहा जा सकता है.

आज देश में न जंगलराज है और न रामराज. न कानून का राज है न सुकून का राज. आज देश मोदीराज से संचालित है. जिसका अपना कानून है, अपना संविधान है, अपना निशान है. अगर मणिपुर जल रहा है तो जंगलराज नहीं कह सकते आप. ये मोदीराज की उपलब्धि है. अगर यूपी मेझ मुसलमानो पर बुलडोजर चल रहा है तो ये योगीराज की उपलब्धि है. इसमें न कहीं रामराज है और न कानून का राज.

हमारे पास कान के राज की भी परिभाषा है और रामराज की भी. कानून का राज जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए बना राज होता है. रामराज का यद्यपि कोई लिखित संविधान नहीं है किंतु रामराज के कुछ लक्षण हैं जो रामचरित मानस में दर्ज हैं. गोस्वामी तुलसीदास रामराज के बारे में लिखते हैं-

**राम राज बैठे त्रैलोका।**
**हर्षित भए गए सब सोका॥**
**बयरु न कर काहू सन कोई।**
**राम प्रताप बिषमता खोई॥**
**वरनाश्रम निज निज धरम, निरत वेद-पथ लोक।**
**चलहिं सदा पावहिं सुखहिं, नहिं भय रोग न सोक॥**
**दैहिक दैविक भौतिक तापा।**
**राम राज नहिं काहुहिं व्यापा॥**
**सबु नर करहिं परस्पर प्रीती।**
**चलहिं स्वधर्म निरत श्रुति नीती॥**
**चारिउ चरन धर्म जग माहीं।**
**पूरि रहा सपनेहुँ अघ नाहीं॥**
**रामभगति रत नर अरु नारी।**
**सकल परम गति के अधिकारी॥**

अर्थात रामराज में भी जनता जनार्दन को स्वधर्म पर चलने की छूट थी, लेकिन मोदीराज में या योगीराज में स्वधर्म पर चलने की छूट नहीं है. इन दोनों राज में यदि आप हिंदू हैं तो ही ठीक है अन्यथा आपके लिए ये दोनों ही राज जंगलराज हैं, बुलडोजर राज है.

बिहार की जनता ने कांग्रेस का राज भी देखा है, लालू का राज भी देखा है और नीतिश बाबू का सुशासन भी देखा है. बिहार की जनता को अब मोदीराज देखना है तो वो भी देख ले. वैसे बिहार में अभी मोदीराज की ही छाप है. नीतीश बाबू की तिलक और छाप तो कब की छीनी जा चुकी है. जनता परम स्वतंत्र है, अनुभवी है. उस पर भरोसा किया जाना चाहिए.जनता जो फैसला करेगी, सही फैसला करेगी. शर्त यही है कि केंचुआ और मशीन कोई हरकत न करे.

**@ राकेश अचल**

# तुलसी विवाह करिए आराधना...!

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी,
सनातन परंपरा में शुभ मानी गई तिथि।
इस दिन करें सुख-सौभाग्य की कामना,
"तुलसी विवाह" करिए होगी आराधना।

तुलसीजी-शालिगराम के विवाह परंपरा,
धन की देवी माँ लक्ष्मी प्रतीक रुप धरा।
भगवान श्री विष्णु के प्रतीक अवतरित,
शालिगराम देते आशीर्वाद मिले त्वरित।

ये तुलसी-शालिगराम का महा-गठबंधन,
गरीब-ब्राह्मण को वस्त्र,मिठाई,फलदान।
पावन दिन त्रिपुष्कर व सर्वार्थसिद्ध योग,
सुखमय रहें वैवाहिक जीवन हो संयोग।

संजय एम तराणेकर

# रुपये के अंतरराष्ट्रीयकरण की भविष्य की दिशा



मुद्रा का मूल्य समय के साथ स्थिर होना चाहिए। एक मुद्रा को स्थिर तब माना जाता है जब कीमतों का सामान्य स्तर बहुत अधिक नहीं बदलता है।

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने अपनी पिछली नीतिगत बैठक में, सीमा-पार व्यापार में रुपये के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों की पेशकश की जो इसके धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीयकरण की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था की मुद्रा भी वैश्विक स्तर पर एक अहम दर्जा हासिल कर सकती है, यह धारणा उस वक्त जोर पकड़ने लगी जब अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ष 2016 में चीन के रेनमिनबी (आरएमबी) को अपने विशेष आहरण अधिकार वाली मुद्राओं के समूह में जोड़ा।

अमेरिका, रूस और चीन से जुड़े नए भू-राजनीतिक तनावों के बीच, यह सवाल फिर से उभरता है कि भारत आखिर रुपये के अंतरराष्ट्रीय दर्जे की ओर अपनी यात्रा को सार्थक रूप से कैसे आगे बढ़ा सकता है? रुपये के अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनने के लिए, गैर निवासियों के बीच इसी मुद्रा में व्यापार और निवेश करने की चाहत और क्षमता दोनों होनी चाहिए। उदाहरण के तौर पर एक रूसी आयातक को दक्षिण अफ्रीका के सामान के लिए रुपयों में भुगतान करने में सक्षम होना चाहिए। इसी तरह, ब्रिटेन में एक निवेशक को रुपये वाले बॉन्ड या शेयरों को आसानी से खरीदने में सक्षम होना चाहिए। इन मामलों में, मुद्रा का जोखिम विदेशी उठाते हैं, न कि भारतीय । यह बदलाव ही वास्तव में मुद्रा शक्ति का सार है। यह वह ह्यअतिशय विशेषाधिकारह्ल भी है जो अमेरिकी डॉलर को लंबे समय से हासिल है।

एक मुद्रा का वैश्विक स्तर पर उपयोग करने की इच्छा और क्षमता तीन प्रमुख शर्तों पर निर्भर करती है। सबसे पहले, मुद्रा जारी करने वाली अर्थव्यवस्था का दायरा बड़ा होना चाहिए जिसे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), व्यापार और अंतरराष्ट्रीय लेन-देन की मात्रा से मापा जाता है। चीन, 18 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ, इस मानदंड को पूरा करता है, भारत, लगभग 4 लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर है और यह अभी उस मानदंड पर खरा नहीं उतरता है। उस पैमाने पर आने के लिए, भारत को आने वाले वर्षों में 7-8 फीसदी की सालाना वृद्धि दर बनाए रखनी होगी जो रुपये की वैश्विक महत्त्वाकांक्षा के लिए एक मुश्किल लेकिन आवश्यक शर्त है।

दूसरी बात, मुद्रा का मूल्य समय के साथ स्थिर होना चाहिए। एक मुद्रा को स्थिर तब माना जाता है जब कीमतों का सामान्य स्तर बहुत अधिक नहीं बदलता है। स्थिरता के कई पहलू हैं जैसे कि समग्र अर्थव्यवस्था, वित्तीय और राजनीतिक। समग्र अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर, भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति कई वर्षों के निचले स्तर पर है और आरबीआई ने इसे 4 फीसदी के लक्ष्य के करीब रखने में अपनी विश्वसनीयता कायम की है। वित्तीय स्थिरता भी मजबूत हुई है, बैंकों में पूंजी का स्तर बेहतर है, बैलेंसशीट भी बेहतर है और व्यापक वित्तीय प्रणाली भी बेहतर प्रतीत होती है।

राजनीतिक स्थिरता, तीसरा स्तंभ है। भारत एक लोकतंत्र है और यह तथ्य इसके पक्ष में जाता है। लोकतंत्र,अपने संस्थागत संतुलन के साथ, विदेशी निवेशकों को नीति की विश्वसनीयता और निरंतरता के बारे में आश्वस्त करता है। यह आत्मविश्वास बदले में मुद्रा को दीर्घकालिक स्थिरता देता है।

मुद्रा स्थिरता को अक्सर उतार-चढ़ाव न होने के संदर्भ में देखा जाता है लेकिन दोनों एक ही नहीं हैं। एक स्थिर मुद्रा, सच्ची बाजार ताकतों को दशार्ती है न कि केंद्रीय बैंक के प्रबंधन को। इसका मूल्य, सीमा-पार पूंजी प्रवाह द्वारा तय होना चाहिए जैसे कि डॉलर-यूरो विनिमय दर जो वैश्विक वित्त में लगातार गतिविधि के बावजूद व्यापक रूप से स्थिर रहती है। इसे प्रशासित कीमतों की तरह सोचें, भारत ने एक बार स्टील और डीजल जैसे आवश्यक वस्तुओं की कीमतें नियंत्रित की थीं और उन्हें कृत्रिम तरीके से स्थिर रखा था। आज, इन कीमतों में आपूर्ति और मांग के आधार पर उतार-चढ़ाव होता है और यह एक स्वस्थ बाजार का संकेत है। मुद्रा बाजारों को उसी तरह काम करना चाहिए।

अंत में, एक मुद्रा को तरल होना चाहिए जिसका अर्थ यह है कि निवेशक कीमतों में बदलाव के बिना इसमें बड़ी मात्रा में परिसंपत्ति खरीद और बेच सकते हैं। तरलता, व्यापक वित्तीय बाजारों और एक खुले पूंजी खाते पर निर्भर करती है। भारत का शेयर बाजार जीवंत है लेकिन इसका ऋण बाजार उथला बना हुआ है। इतिहास से पता चलता है कि पूंजी नियंत्रण वाले देशों में बाजार में उथलापन होता है जबकि विदेशी निवेशकों के लिए खुलापन नकदी या तरलता को बढ़ाता है। फिर भी, उदारीकरण शुरू होने के तीन दशक से अधिक समय बाद भी,भारत अब भी व्यापक नियंत्रण बनाए हुए है खासतौर पर अपने ऋण और डेरिवेटिव्स बाजारों में जो रुपये की वैश्विक पहुंच को सीमित करता है।

यहीं पर भारत के दृष्टिकोण को चीन से अलग रखना चाहिए। चीन ने पूंजी नियंत्रण और सख्ती से प्रबंधित विनिमय दर को बरकरार रखते हुए आरएमबी का अंतरराष्ट्रीयकरण करने की कोशिश की है। यह वास्तव में एक ऐसा संयोजन है जिसमें किसी भी मुद्रा ने कभी सफलता नहीं पाई है। चीन का फायदा इसके व्यापक पैमाने में निहित है मसलन यह वैश्विक व्यापार के 12 फीसदी से अधिक को नियंत्रित करता है और कुछ उत्पादों में, दुनिया के निर्यात के आधे से अधिक हिस्से को। यह वर्चस्व सीमित परिवर्तनीयता की बाधाओं की आंशिक रूप से भरपाई कर सकता है। भारत, वैश्विक व्यापार के केवल 3 फीसदी हिस्से के साथ उस फायदे से वंचित है। यह अंतर डेटा में नजर आता है। वैश्विक विदेशी विनिमय कारोबार में आरएमबी का योगदान लगभग 9 फीसदी है जबकि रुपया 2 फीसदी से नीचे होने की वजह से पिछड़ रहा है।

भारत के लिए आगे बढ़ने की सबसे अच्छी राह यही है कि वह धीरे-धीरे अपने पूंजी नियंत्रणों को कम करे। आरबीआई और सरकार ने 2020 से सार्थक कदम उठाए हैं लेकिन और अधिक की आवश्यकता है। इसके साथ ही, भारत को बाजार सहभागियों के लिए पर्याप्त हेजिंग विकल्पों को सुनिश्चित करते हुए एक वास्तविक रूप से लचीली विनिमय दर अपनानी चाहिए। प्रोत्साहन की बात यह है कि प्रगति दिखाई दे रही है और वर्ष 2022-24 की लगभग निर्धारित विनिमय दर व्यवस्था से, जब रुपया-डॉलर अस्थिरता रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी, आरबीआई ने तब से मुद्रा को बाजार की ताकतों के साथ अधिक स्वतंत्रता से चलने की अनुमति दी है।

**Also Read | मुक्त व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन की तैयारी**

निश्चित रूप से, भारत रातोंरात पूंजी खाते को उदार नहीं बना सकता या पूरी तरह से लचीली विनिमय दर को नहीं अपना सकता। एक आशाजनक दृष्टिकोण यह है कि अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र के रूप में गिफ्ट सिटी का उपयोग एक नियंत्रित प्रयोग के रूप में किया जाए। यह एक खुले पूंजी खाते, लचीली विनिमय दरों और मजबूत हेजिंग उपकरणों के साथ भारत का ह्यहांगकांगह्ल बन सकता है। आरबीआई इस तरह की प्रणाली का प्रबंधन करने में मूल्यवान अनुभव हासिल कर सकता है और इसके आधार पर धीरे-धीरे रुपये के अंतरराष्ट्रीय दर्जे की ओर आगे बढ़ा सकता है।

रुपये को अंतरराष्ट्रीय मुद्रा बनाना वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के भारत के नजरिये के साथ मेल खाता है। लेकिन अगले दो दशकों में इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए लगातार, सोच-समझ कर कार्रवाई करने की आवश्यकता होगी। मुद्रा अंतरराष्ट्रीयकरण, एक लंबी यात्रा है जिसके लिए कई निर्माण खंडों की आवश्यकता होती है। भारतीय नीति निमार्ताओं को चीन से एक अलग रास्ता तैयार करना होगा, जो रुपये की वैश्विक भूमिका को सीमित करने वाली बाधाओं को धीरे-धीरे खत्म करे। सफलता वास्तव में आर्थिक सुधारों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता पर निर्भर करेगी जो मुद्रा में अंतरराष्ट्रीय भरोसे को बढ़ाते हैं।

# सूखे नशे की गिरफ्त में दुनिया, भारत में नशे का आलम भयावह



**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, कवि, चिंतक, रायपुर (छत्तीसगढ़),**

महान साहित्यकार प्रेमचंद ने कहा था युवक वही जो अपनी ऊर्जा समाज के निर्माण में लगाए, विनाश में नहीं। आज वही संदेश पुनः प्रासंगिक है।

आज भारत एक ऐसे गंभीर दौर से गुजर रहा है जहां आर्थिक, तकनीकी और वैचारिक प्रगति के समानांतर एक सामाजिक महामारी जन्म ले रही है ड्रग्स की। नशे की यह घातक लत हमारे युवा वर्ग को धीरे-धीरे विनाश की ओर ढकेल रही है। यह केवल स्वास्थ्य या सामाजिक समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नैतिकता और भविष्य की चेतना से जुड़ा संकट बन चुकी है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 में ड्रग्स से संबंधित अपराधों में पिछले पाँच वर्षों की तुलना में लगभग 37% की वृद्धि दर्ज की गई। वहीं, नशे के प्रभाव में किए गए बलात्कार, लूट, हत्या और हिंसक अपराधों की दर में भी लगातार वृद्धि देखी गई है। देश के महानगर–मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, पंजाब, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई–इन अपराधों के सबसे बड़े केंद्र बन चुके हैं। मुंबई पुलिस की नारकोटिक्स इकाई ने केवल पिछले एक वर्ष में 12,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं, जिनमें कोकीन, चरस, अफीम, हेरोइन और एमडी ड्रग्स जैसी घातक वस्तुएं शामिल हैं। मुंबई, गोवा और गुजरात की समुद्री सीमाएं अब ड्रग्स तस्करी के प्रमुख मार्ग बन चुकी हैं, जहाँ पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लेकर म्यांमार तक का नेटवर्क सक्रिय है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय (UNODC) की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिण एशिया में ड्रग्स का लगभग 30% अवैध कारोबार भारत के रास्ते से होता है, जो न केवल हमारी युवा पीढ़ी के लिए खतरा है, बल्कि आर्थिक और सामाजिक स्थिरता पर भी चोट करता है।

नशे का सबसे भयावह पहलू यह है कि यह व्यक्ति की चेतना, विवेक और संवेदना को नष्ट कर देता है। एक बार यह लत लगने पर मस्तिष्क की कार्यप्रणाली बदल जाती है और व्यक्ति अपराध करने में हिचकिचाता नहीं। अपराधशास्त्री डॉ. अरविंद नायर के शब्दों में, ड्रग्स व्यक्ति से मनुष्यत्व छीन लेता है, और जब इंसान की संवेदना मर जाती है, तब समाज में अपराध जन्म लेता है। यही कारण है कि नशे में धुत अपराधियों द्वारा किए गए बलात्कार, हत्या, लूट और सड़क दुर्घटनाएं समाज के लिए एक स्थायी भय बन चुकी हैं।

दूसरी ओर, कॉलेजों और स्कूलों में भी ड्रग्स ने अपनी जड़ें जमानी शुरू कर दी हैं। किशोरों में ड्राइ ड्रग्स यानी सूखे नशे (MD, LSD, कोकीन पाउडर आदि) का चलन तेजी से बढ़ रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से इन पदार्थों की बिक्री अब डिजिटल अपराध का नया रूप बन चुकी है। राष्ट्रीय युवा सर्वेक्षण 2024 के अनुसार, भारत में 15 से 24 वर्ष की आयु के लगभग 12% युवा किसी न किसी रूप में नशे के संपर्क में हैं, और इनमें से 70% को यह आदत कॉलेज परिसर या मित्र मंडली से मिली। यह आँकड़ा न केवल चिंताजनक बल्कि आने वाले सामाजिक विघटन की चेतावनी भी है।

फिल्म उद्योग और ग्लैमर वर्ल्ड में भी ड्रग्स की पैठ ने समाज में एक खतरनाक आकर्षण पैदा किया है। सुशांत सिंह राजपूत प्रकरण के दौरान सामने आए मादक पदार्थ नेटवर्क ने पूरे देश को झकझोर दिया। इसने यह उजागर किया कि ड्रग्स की लत अब केवल समाज के निचले तबके तक सीमित नहीं, बल्कि उच्चवर्गीय समाज, कॉर्पोरेट पार्टियों, और आलीशान होटलों तक फैल चुकी है। वर्ष 2024 के नववर्ष की पूर्व संध्या पर केवल मुंबई और गोवा में लगभग 300 से अधिक ऐसी पार्टियों की पहचान पुलिस ने की, जहाँ सूखे नशे का सेवन किया जाना था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई अवसरों पर इस विषय पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि नशा समाज का नहीं, संकल्प का शत्रु है। इससे लड़ाई केवल कानून से नहीं, जनजागरूकता से जीती जाएगी। वास्तव में, केवल पुलिस कार्रवाई या कानूनी सख्ती पर्याप्त नहीं है। समाज को इस बुराई के विरुद्ध सामूहिक चेतना के रूप में उठना होगा। नशे के विरुद्ध विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को जागरूकता की निरंतर पहल करनी होगी।

ड्रग्स तस्करी अब एक अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध बन चुकी है। अफगानिस्तान के गोल्डन क्रीसेंट और म्यांमार-थाईलैंड के गोल्डन ट्रायंगल से होकर आने वाला मादक पदार्थों का नेटवर्क भारतीय सीमा तक फैला हुआ है। सीमा सुरक्षा बल (BSF) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) लगातार कार्रवाई कर रहे हैं, परंतु तस्कर अब डिजिटल मुद्रा, डार्क वेब और नकली व्यापारिक चैनलों के माध्यम से नये रास्ते बना रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि नशे की आपूर्ति श्रृंखला को नष्ट नहीं किया गया, तो इसका असर भारत की उत्पादक शक्ति–यानी युवाओं–पर स्थायी चोट के समान होगा।

नशे का दूसरा भयानक आयाम ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में शराब और सस्ती दवाओं का दुरुपयोग है। गरीब वर्ग में यह लत आर्थिक, पारिवारिक और मानसिक विनाश का कारण बन रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में 40% परिवार ऐसे हैं जहाँ नशे की वजह से घरेलू हिंसा और आर्थिक क्षति बढ़ी है। यह केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि मानव गरिमा और सामाजिक संतुलन का प्रश्न है।

आज आवश्यकता है एक समन्वित राष्ट्रीय नीति की, जो ड्रग्स की रोकथाम, पुनर्वास और जनशिक्षा तीनों मोर्चों पर एक साथ काम करे। नशे के शिकार युवाओं के लिए पुनर्वास केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए, स्कूल स्तर पर जीवन कौशल शिक्षा को अनिवार्य बनाया जाए, और मीडिया में ऐसे अभियान चलाए जाएँ जो नशे को फैशन नहीं बल्कि विनाश के रूप में प्रस्तुत करें। महान साहित्यकार प्रेमचंद ने कहा था–युवक वही जो अपनी ऊर्जा समाज के निर्माण में लगाए, विनाश में नहीं। आज वही संदेश पुनः प्रासंगिक है।

निश्चित रूप से ड्रग्स का यह संकट केवल कानून का नहीं, बल्कि समाज की आत्मा का प्रश्न है। जब तक हर घर, हर विद्यालय, हर नागरिक यह संकल्प नहीं लेता कि नशे को अपने परिवेश से मिटाना है, तब तक यह लड़ाई अधूरी रहेगी। नशे के व्यापारियों को पहचानना, उन्हें कानून के शिकंजे में लाना और युवा चेतना को पुनः जाग्रत करना ही भारत के भविष्य की रक्षा का एकमात्र मार्ग है। नशा केवल शरीर को नहीं मारता–यह विवेक, मूल्य और भविष्य तीनों को नष्ट करता है। अतः अब समय है कि राष्ट्र समवेत स्वर में कहे–ड्रग्स मुक्त भारत ही सुरक्षित भारत है।

# मुक्त व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन की तैयारी

वर्ष 2010 से 2024 के बीच वैश्विक वस्त्र निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मामूली रूप से बढ़कर 5.2 फीसदी से 5.8 फीसदी हो गई है।

देश की व्यापार वाताओं मे खास औद्योगिक क्षेत्रों से संबंधित रणनीतियों का ध्यान रखा जाना चाहिए ताकि उन क्षेत्रों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाया जा सके। बता रही हैं अमिता बत्रा

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पूरी होने की ओर अग्रसर है। हालांकि, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता (जब भी पूरा होगा) विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के अनुरूप कानूनी रूप से बाध्यकारी मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) नहीं होगा। ऐसे में यह द्विपक्षीय व्यापार समझौता अनिश्चितता में घिरा रहेगा। इसलिए भारत के लिए निर्यात बाजार में विविधता लाने का लक्ष्य प्रमुख रहेगा और एफटीए इस लक्ष्य को हासिल करने में मददगार हो सकता है।

ऐसे परिदृश्य में यह बात उत्साह बढ़ाने वाली है कि इस वर्ष के आरंभ में ब्रिटेन के साथ व्यापक एफटीए पर हस्ताक्षर करने के बाद यूरोपीय संघ के साथ एफटीए तेजी से आगे बढ़ रहा है। बहरहाल यह बात ध्यान देने वाली है कि एफटीए के लाभ केवल तभी पूरी तरह उठाए जा सकते हैं जब उन्हें सभी साझेदार देशों द्वारा मंजूर किया गया हो और तरजीही बाजार पहुंच के प्रावधानों को पूरी तरह लागू किया गया हो।

इसलिए यह महत्त्वपूर्ण है कि एफटीए के हस्ताक्षर और क्रियान्वयन के बीच मिलने वाली अंतरिम अवधि का इस्तेमाल व्यापार संभावनाओं को अधिकतम स्तर पर ले जाने के लिए किया जाए। वस्त्र एवं कपड़ा क्षेत्र को लेकर यह बात खासतौर पर प्रासंगिक है। यह क्षेत्र कृषि के बाद देश में रोजगार प्रदान करने वाला दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है और अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क ने इस पर सबसे अधिक प्रभाव डाला है। इतना ही नहीं, यही वह क्षेत्र है जहां हाल के वर्षों में भारत का निर्यात निराशाजनक रहा है। यह कमजोरी विश्व स्तर पर भी रही है और यूरोपीय संघ और ब्रिटेन के लक्षित एफटीए बाजार में भी।

वर्ष 2010 से 2024 के बीच वैश्विक वस्त्र निर्यात में भारत की हिस्सेदारी मामूली रूप से बढ़कर 5.2 फीसदी से 5.8 फीसदी हो गई है। हालांकि, कपड़ा क्षेत्र में जो वैश्विक वस्त्र निर्यात की प्रमुख श्रेणी है, भारत की हिस्सेदारी लगभग 3 फीसदी पर बनी हुई है और यह स्थिति सदी की शुरूआत से है। यह विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि विकासशील देशों ने, जो वैश्विक वस्त्र एवं कपड़ा निर्यात का 70फीसदी हिस्सा रखते हैं, पिछले कुछ वर्षों में अपनी हिस्सेदारी में वृद्धि दर्ज की है।

चीन एक दशक से अधिक समय से दुनिया का सबसे बड़ा कपड़ा एवं वस्त्र निर्यातक बना हुआ है। बांग्लादेश और वियतनाम जैसे विकासशील देशों ने भी इस अवधि में सकारात्मक वृद्धि हासिल की है। दुनिया के कपड़ा निर्यात में वियतनाम की हिस्सेदारी वर्ष 2000 में एक फीसदी से बढ़कर 2010 में 3 फीसदी पहुंच गई। वर्ष2024 में यह इससे दोगुना यानी 6 फीसदी हो गई। दुनिया के शीर्ष 10 कपड़ा एवं वस्त्र निर्यातकों में वियतनाम की निर्यात हिस्सेदारी में सबसे तेज वार्षिक वृद्धि देखी गई।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# पीएम-कुसुम योजना: सोलर पम्प मैकेनिकों के चयन और प्रशिक्षण हेतु आमंत्रण

**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत 15 दिवसीय व्यावहारिक शिक्षण कार्यक्रम आयोजित, इच्छुक अभ्यर्थी 10 नवम्बर तक आवेदन करें**

समाज जागरण

गौतम बुद्ध नगर, 02 नवम्बर 2025: उप कृषि निदेशक राजीव कुमार ने जानकारी दी कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी०एम० कुसुम) के अंतर्गत कृषकों को सिंचाई हेतु सोलर पम्प स्थापित कराये जा रहे हैं, जिससे कृषकों को सिंचाई कार्य में विशेष लाभ मिल रहा है।

हालांकि, वर्तमान में सोलर पम्पों के अनुरक्षण एवं मरम्मत हेतु कुशल मैकेनिकों की पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण कृषकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, रहमानखेड़ा, लखनऊ द्वारा सोलर पम्प स्थापना एवं अनुरक्षण हेतु मैकेनिकों का 15 दिवसीय क्षमता विकास (व्यावहारिक प्रशिक्षण) कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रत्येक तहसील से एक अभ्यर्थी का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया जनपद स्तरीय समिति द्वारा संपन्न की जाएगी।

**पात्रता एवं आवेदन प्रक्रिया**

अभ्यर्थी के पास इलेक्ट्रिशियन / इलेक्ट्रॉनिक / फिटर ट्रेड में दो वर्षीय आईटीआई प्रमाणपत्र अथवा इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा या स्नातक होना आवश्यक है।

**आयु सीमा: 18 से 45 वर्ष**

इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक अभिलेखों की छायाप्रतियों सहित आवेदन पत्र कार्यालय उप कृषि निदेशक, कक्ष संख्याझ318, विकास भवन, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा में 10 नवम्बर 2025 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। सौजन्य सेः सूचना

# बृज की रसोई-भूख के विरुद्ध सेवा का संविधान लिखती मानवता: विपिन शर्मा

समाज जागरण

लखनऊ (उ.प्र.), 2 नवम्बर 2025। जहाँ सेवा होती है, वहीं सच्ची पूजा होती है इसी भावना को साकार करते हुए इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी (रजि.) द्वारा संचालित बृज की रसोई के अंतर्गत आज आशियाना, लखनऊ के चिन्हित स्थानों पर निःशुल्क भोजन वितरण सेवा का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 1450 लोगों को भोजन परोसा गया।

संजय श्रीवास्तव ने बताया कार्यक्रम का शुभारम्भ बाबा नीम करौली जी को भोजन का भोग व पुष्प अर्पित कर श्री गणेशाय नमः के उद्घोष के साथ किया गया।

वहीं दीपक भुटियानी ने कहा इस अवसर पर बच्चों, वृद्धजनों और जरूरतमंद परिवारों को पूर्णतः पौष्टिक एवं स्वच्छ भोजन परोसा गया। भोजन में सादगी, स्नेह और सेवा का अद्भुत संगम दिखाई दिया।

संस्था के संस्थापक विपिन शर्मा ने कहा कि किसी भूखे को अन्न देना केवल सेवा नहीं, बल्कि मानवता की सबसे सुंदर आराधना है। उन्होंने बताया कि संस्था का एकमात्र उद्देश्य प्राणी मात्र सेवा है, और यह कार्य किसी धार्मिक या भौतिक लाभ हेतु नहीं, बल्कि निःस्वार्थ भावना से किया जाता है।

आशीष श्रीवास्तव ने बताया भोजन वितरण के दौरान स्वयंसेवकों ने बड़ों का आशीर्वाद और बच्चों की मुस्कुराहट को अपनी सबसे बड़ी सफलता बताया। सेवा में भाग लेने वाले सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे प्रत्येक सप्ताह इस कार्य को और अधिक विस्तार देंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए।

देवांश रस्तोगी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अपनी क्षमता अनुसार सहयोग करें, क्योंकि मानवता का सम्मान और छोटी सी मदद किसी का जीवन बदल सकती है। गौरतलब है कि इण्डियन हेल्पलाइन सोसाइटी को किए गए दान पर आयकर अधिनियम की धारा 80जी के अंतर्गत कर छूट भी प्राप्त है।

हीरा सिंह ने बताया कि मानवता ही सबसे बड़ा धर्म है का संदेश लेकर भोजन वितरण कार्य साईं मंदिर आशियाना से शुरू होकर सेक्टरझ्ञ एम रिक्शा कॉलोनी, रतन खंड पार्क, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के निकट झुग्गी-झोपड़ियाँ, निमार्णाधीन भवनों में कार्यरत श्रमिकों के अस्थायी निवास, नगर निगम जोन-8 की मलिन बस्तियाँ तथा रतनखंड पानी टंकी क्षेत्र सहित कई स्थानों पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में देवांश रस्तोगी, संजय श्रीवास्तव, दीपक भुटियानी, आशीष श्रीवास्तव, दिनेश पाण्डेय, हीरा सिंह, नवल सिंह सहित अनेक समाजसेवियों ने सक्रिय योगदान दिया।

कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के सभी पदाधिकारियों, सेवा सहयोगियों एवं क्षेत्रीय नागरिकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना और वसुधैव कुटुम्बकम् के उद्घोष के साथ हुआ।

# यातायात नियमों संबंधित पम्पलेट्स का वितरण किया गया

समाज जागरण




जनपद श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी के निर्देश में अपर पुलिस अधीक्षक श्री मुकेश कुमार उत्तम व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री भरत पास्वान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के थाना भिनगा क्षेत्रान्तर्गत सेमरी चौराहे व विभिन्न स्थानों, स्थानीय बाजार, व अन्य भीड़-भाड़ वाले स्थानो पर आम-जनमानस को एकत्र कर उन्हें 30 दिन तक चलने वाले यातायात माह के बारे मे अवगत कराया गया तथा दो पहिया वाहन चलाते बिना समय सदैव हेलमेट पहनने,व चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने व मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाने, बिना बीमा वाहन न चलाने, व बिना नम्बर प्लेट वाहन न चलाने आदि यातायात नियमों के प्रति विस्तृत रूप से जागरूक करते हुए उन्हे यातायात नियमों सम्बन्धित पम्पलेट्स का वितरण कर उन्हे सदैव यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई` तथा सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का उल्लंघन करने से होने वाली जान-माल की हानि के बारे मे अवगत कराया गया इसके अलावा प्रभारी यातायात द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो जैसे बिना हैलमेट वाहन चलाना, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाना आदि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर अधिक से अधिक शमन अधिरोपित किया गया। तथा भविष्य में पुनः ऐसा न करने की हिदायत दिया गया

# आर डब्ल्यू ए सैक्टर- 35 नोएडा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह सम्पन्न

समाज जागरण




संवाददाता नोएडा 3नबंवर 2025: आर डब्ल्यू ए सैक्टर- 35 नोएडा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोहआर डब्ल्यू ए सैक्टर- 35 नोएडा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सैक्टर -35 नोएडा स्थित कम्युनिटी सेंटर में सपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। नवनिर्वाचित टीम के अध्यक्ष महीपाल सिंह ने एन पी सिंह (अध्यक्ष -डी डी आर डब्ल्यू ए), योगेन्द्र शर्मा (अध्यक्ष -फोनरवा), के के जैन(महासचिव -फोनरवा)एवं चुनाव कमेटी ( के के शुक्ला, देवेन्द्र पाण्डेय एवं श ए के भटनागर) का पुष्प गुच्छ देकर एवं शाल ओढ़ाकर स्वागत किया।देवेन्द्र पाण्डे (पूर्व आईएफएस अधिकारी) ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।एन पी सिंह एवं योगेन्द्र शर्मा जी ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

महीपाल सिंह (एम पी सिंह) को अध्यक्ष,आर के रैना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,संजीव अग्रवाल को उपाध्यक्ष,राजीव चौधरी को महासचिव,अनिल तलवार को कोषाध्यक्ष, सी के त्यागी को सचिव एवं एस के चौपड़ा को सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। इस सपथ ग्रहण समारोह में अनेको आर डब्ल्यू ए के पदाधिकारियों विजय भाटी, संजीव कुमार,अनिल सिंह,अनिल खन्ना,राजीव कुमार,पवन यादव के साथ -साथ सैक्टर 35 नोएडा के स्थानिक नागरिक उपस्थित रहे।

# तुलसी विवाह कार्यक्रम में भक्ति और श्रद्धा का दिखा अनूठा संगम

समाज जागरण



लोनी, 2 नवंबरः रविवार देव उठान एकादशी के शुभ अवसर पर रामेश्वर पार्क माता मंदिर में तुलसी विवाह कार्यक्रम का आयोजन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया. इस धार्मिक अवसर पर उपस्थित महिला व पुरुष नागरिकों के बीच श्रद्धा और भक्ति का एक अनूठा संगम देखने को मिला।

तुलसी विवाह कार्यक्रम पंडित शिवराम द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ पूरे विधि विधान से किया गया. इस दौरान महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने हल्दी रसम, बधाई गीत, तथा कन्यादान संस्कार में भाग लिया. साथ ही ब्राह्मणों को वस्त्र, आभूषण, और श्रद्धा-भेंट देकर उन्हें सम्मानित किया गया। और इस तरह श्रद्धा और भक्ति के अनूठे संगम के बीच संपन्न हुए तुलसी विवाह कार्यक्रम के उपरांत सभी के बीच हलवा-पूरी व मिष्ठान प्रसाद वितरित किया गया।

इस धार्मिक अवसर पर शिव कुमार, राधा देवी, नीलम, सुमित्रा, पवित्रा, राजेश्वरी, नंदिनी, कृष्णा व राजकुमारी सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

# लोनी में भ्रष्टाचार पर बड़े आंदोलन की तैयारी के बीच सत्येंद्र बने मेरठ मंडल अध्यक्ष

समाज जागरण



लोनी, 2 नवंबरः क्षेत्र में बढ़ते भ्रष्टाचार और विकास कार्यों में हो रही लापरवाही को लेकर अब जल्द ही बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा. भारतीय किसान यूनियन (अनाज) ने एक व्यक्ति के माध्यम से यह जानकारी देते हुए बताया कि अब उन्होंने इस दिशा में कमर कस ली है।

आंदोलन की तैयारी को लेकर लोनी में आयोजित बैठक के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सचिन शर्मा ने सत्येंद्र गुर्जर को मेरठ मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया। इस मौके पर उन्होंने दूसरे संगठनों से जुड़े अन्य कई किसान-मजदूरों का भी भाकियू (अनाज) में स्वागत किया। बैठक में संगठन के विस्तार और किसान हितों को लेकर महत्वपूर्ण रणनीति पर चर्चा की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों पर पहुंचने का काम करेंगे। उन्होंने कहा एकता ही हमारी शक्ति है, किसान ही हमारा धर्म है।

इस अवसर पर राजकुमार नेताजी, सुखराम बैसला, रिंकू भाई, अंकित गुर्जर, माही मलिक, रामगोपाल सिंह, फुरकान अली, प्रेम सिंह, बंटी शर्मा, आकाश खन्ना, राहुल राजपूत, अजय कुमार, ओमप्रकाश, प्रदीप सिंह, सुनील, संजय राजपूत, ललित कुमार व अमित शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नदिनी गांव में आयोजित हुआ जैविक खेती किसान प्रशिक्षण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**




मिर्जापुर।। नमामि गंगे परियोजना से जुड़े बायोशर्ट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आज विकासखंड छानबे के नदिनी गांव में जैविक खेती किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ो किसानों ने जैविक खेती की जानकारी ली। अंकित पाण्डेय ने किसानों को जीवामृत बीजामृत और नीमास्त्र के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि वह जैविक खाद को अपना कर अपने उपज को बढ़ा सकते हैं। किसान भाइयों को अपने साथ-साथ आसपास के किसानों को भी जैविक खेती के लिए प्रेरित करना चाहिए। गगन यादव ने किसानों को फसल की बुवाई के पहले बीज को अच्छी तरह से शोधित करके ही बोने के अपील की साथ ही केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे तमाम योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही डीकम्पोजर के उपयोग और उसके लाभ के बारे मे भी बताये। आज आयोजित हुए जैविक किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानों ने जैविक खाद बनाने और जैविक खेती करने का भी संकल्प लिया।

# कुलाधिपति परिवार ने श्रीजी की शांतिधारा का पुण्य कमाया

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के रिद्धि- सिद्धि भवन में कल्पद्रुम महामंडल विधान के चतुर्थ दिवस पर विधान का परम रहस्य और चक्रवर्ती का आत्म-वैराग्य का विस्तार से वर्णन

समाज जागरण



मुरादाबाद : तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के रिद्धि-सिद्धि भवन में आयोजित कल्पद्रुम महामंडल विधान के चौथे दिन भक्ति, ज्ञान और आत्म-चिंतन की पराकाष्ठा के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। समस्त मुनि संघ के पावन सान्निध्य और उनके ओजस्वी उपदेशों ने श्रद्धालुओं को विधान के आंतरिक फल और चक्रवर्ती के वैभव में निहित वैराग्य से अवगत कराया। कल्पद्रुम महामंडल विधान का शुभारंभ भगवान महावीर के महा अभिषेक से हुआ,जबकि मंगल शांतिधारा करने का परम सौभाग्य टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन के परिवार को प्राप्त हुआ।कुलाधिपति श्री सुरेश जैन , ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन,एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन आदि ने शांतिधारा में सम्मिलित होकर पुण्य संचित किया। साथ ही जैन फैकल्टीज भी सामूहिक रूप से शांतिधारा में शामिल हुई। विधान के दौरान गूँजते भक्तिमय संगीत और मंत्रों के बीच श्रद्धालुओं ने अत्यंत उत्साह और निर्मल भाव से विधान में भाग लिया और भक्ति की पराकाष्ठा में झूम उठे। विधान में फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, श्रीमती जाह्नवी जैन के अलावा वीसी प्रो. वीके जैन, प्रो. रवि जैन, प्रो. विपिन जैन, श्री विपिन जैन, श्री मनोज कुमार जैन, डॉ. कल्पना जैन, श्रीमती नीलिमा जैन, डॉ. अर्चना जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

विधान के मुख्य क्रम में सभी श्रद्धालुओं ने मंत्रोच्चार और भक्तिभाव के साथ अपने हाथों में द्रव्य, फल और पुष्प लेकर प्रभु के चरणों में अर्घ समर्पित किया।विधान में विराजमान समस्त मुनि संघ और आर्यिका रत्न ज्ञानमति माताजी के निमित्त भी विशेष अर्घ्य समर्पित किए गए। आज के प्रवचन सत्र में श्रद्धालुओं द्वारा गुरु जी से दो महत्त्वपूर्ण जिज्ञासाएँ रखी गईं, जिन पर उपाध्याय श्री 108 प्रज्ञानंद जी महामुनिराज ने गहन आध्यात्मिक प्रकाश डाला कल्पद्रुम महामंडल विधान का परम रहस्य यानी आंतारक फल का महत्व क्या होता है, एक श्रद्धालु ने गुरु जी से जानना चाहा।

उपाध्याय श्री ने विधान के महत्त्व को कर्म सिद्धान्त से जोड़ते हुए समझाया कि यह विधान मात्र बाहरी क्रिया नहीं है, बल्कि अष्टकर्मों की निर्जरा का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि कल्पद्रुम' वास्तव में जीवात्मा की शक्ति का प्रतीक है। इस विधान के माध्यम से हम अपने शुभ परिणामों को इतना सशक्त करते हैं कि वे अनुकूल पुण्योदय को खींच लाते हैं। विधान का मुख्य फल सच्चे देव, शास्त्र और गुरु के प्रति श्रद्धा की दृढ़ता है, जो सम्यक दर्शन को पुष्ट करती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह विधान हमें संसारी सुखों की क्षणभंगुरता का बोध कराकर आत्म-कल्याण की ओर उन्मुख करता है।

दूसरा सवाल था,चक्रवर्ती का अलौकिक, आगम-सम्मत वैभव -वैराग्य की पृष्ठभूमि क्या है ? उपाध्याय श्री ने जैन परंपरा के अनुसार चक्रवर्ती के अद्वितीय और त्रैलोक्य-दुर्लभ वैभव का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि चक्रवर्ती छह खण्डों -षट्खण्ड का अधिपति होता है, जिसे 14 रत्न और निधियाँ पूर्व पुण्य से स्वतः प्राप्त होती है। क्षुल्लकरत्न श्री 105 समर्पण सागर जी महाराज ने कथाओं का स्मरण कराते हुए कहा कि चाहे मेढक की भक्ति हो या चक्रवर्ती का वैभव, दोनों ही सम्यक भावों के बिना मोक्ष के द्वार तक नहीं पहुँच सकते। विधान के मंत्रोच्चार के बीच, सभी उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा और समर्पण के भाव से प्रभु के चरणों में अर्घ समर्पित किया और पुण्य कमाया।

# सवर्ण आर्मी ने मुरादाबाद में जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

सवर्ण आर्मी मुरादाबाद ने जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापनः जातिगत आरक्षण और एस.सी./एस.टी. एक्ट पर मांगें

समाज जागरण



मुरादाबाद, 02 नवम्बर 2025: सवर्ण आर्मी मुरादाबाद टीम के सदस्यों ने हाल ही में जिला अधिकारी कार्यालय, मुरादाबाद में राष्ट्रपति महोदया के नाम एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में सवर्ण समाज की प्रमुख मांगें रखी गईं।

**ज्ञापन में मुख्य रूप से तीन बड़े मुद्दे उठाए गए हैं:**

-जातिगत आरक्षण समाप्त किया जाए।

-एस.सी./एस.टी. एक्ट समाप्त किया जाए।

-सवर्ण आयोग का गठन किया जाए।

सवर्ण आर्मी का कहना है कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे सवर्ण समाज की है।

इस कार्यक्रम में सवर्ण आर्मी के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें प्रदेश सचिव नरेश चौहान, मंडल अध्यक्ष गजराम सिंह, जिलाध्यक्ष दुष्यंत कौशल, जिला संयोजक रोहतास शर्मा, जिला संगठन मंत्री पुनीत कुमार शर्मा, सचिव विष्णु भारद्वाज, उपाध्यक्ष अरुण सिंह, राज कुमार गुप्ता, प्रियांशु जोशी, रजत शर्मा, वैभव शर्मा, यश भारद्वाज, अनुज ठाकुर और संजीव शर्मा शामिल थे।

सवर्ण आर्मी ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य समाज के हितों को आगे बढ़ाना और उनके मुद्दों को सरकार तक पहुंचाना है।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत अपराध का अंत, सुबूतों के संग : अभियुक्त को 20 वर्ष का कठोर कारावास

समाज जागरण




जौनपुर, 02 नवम्बर 2025: उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बालिकाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर सख्त कार्रवाई के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 के तहत एक और बड़ी सफलता मिली है।

ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के अंतर्गत जौनपुर पुलिस और अभियोजन विभाग के संयुक्त प्रयासों से माननीय न्यायालय ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाए गए अभियुक्त को 20 वर्ष के कठोर कारावास एवं 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई मिशन शक्ति के उद्देश्यों – “अपराध का अंत, सुबूतों के संग” –को सशक्त बनाती है। इस अभियान के तहत त्वरित विवेचना, ठोस साक्ष्य संकलन और प्रभावी पैरवी के माध्यम से दोषियों को सजा दिलाई जा रही है।

जौनपुर पुलिस ने बताया कि यह फैसला पीड़िता को न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इससे समाज में यह संदेश जाएगा कि महिला और बाल सुरक्षा के मामलों में किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

# थाना बादलपुर पुलिस ने हत्या की घटना का किया खुलासा, एक अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 02 नवम्बर 2025: थाना बादलपुर पुलिस ने हत्या की एक सनसनीखेज वारदात का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से दो मोबाइल फोन, एक मोटरसाइकिल और एक अवैध हथियार बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, घटना के बाद से ही आरोपी की तलाश के लिए विशेष



टीम गठित की गई थी। तकनीकी सर्विलांस और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा ने बताया कि अपराध की वजह आपसी रंजिश प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामले का पदार्फाश कर यह साबित किया है कि अपराधी कितना भी शातिर क्यों न हो, कानून के शिकंजे से नहीं बच सकता। अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बरामद अवैध हथियार को जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा गया है।

# थाना फेस-1 पुलिस ने चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को दबोचा, लैपटॉप-प्रिंटर और अवैध हथियार बरामद

समाज जागरण




नोएडा, 02 नवम्बर 2025: थाना फेस-1 पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो चोरी किए गए प्रिंटर, एक लैपटॉप और एक अवैध शस्त्र बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, इन अभियुक्तों ने हाल ही में क्षेत्र में स्थित कुछ दफ्तरों और दुकानों से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी किए थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी का सामान और एक अवैध हथियार बरामद हुआ।

थाना प्रभारी फेस-1 ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियाँ मिली हैं। संभव है कि ये गैंग पहले भी अन्य चोरी की वारदातों में शामिल रहा हो। पुलिस अब इनके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है।

अभियुक्तों के खिलाफ धारा 379, 411, 25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायिक कार्रवाई की जा रही है।

# मिशनशक्ति5 के तहत नोएडा पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

समाज जागरण

नोएडा, 02 नवम्बर 2025: सीपी नोएडा के निर्देशन में महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे मिशनशक्ति5 अभियान के अंतर्गत नोएडा पुलिस की महिला सुरक्षा टीम द्वारा आज सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया गया।

इस दौरान पुलिस टीम ने लैंगिक अपराध, नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी जानकारियाँ दीं। साथ ही बच्चों के प्रति होने वाले अपराधों से बचाव, ‘गुड टच-बैड टच’ की पहचान, साइबर अपराध और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों – 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सहायता), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) – की जानकारी प्रदान की गई।

पुलिस टीम ने जागरूकता बढ़ाने के लिए पंपलेट भी वितरित किए और महिलाओं को किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस या हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करने की सलाह दी।

नोएडा पुलिस का यह अभियान महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**समाज जागरण झिंझाना।**

मेरठ करनाल हाईवे पर गांव सेवापुर में तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार व्यक्ति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद कार सवार घायल को उपचार हेतु अस्पताल ले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। रविवार की दोपहर को मेरठ करनाल हाईवे के सेवापुर में शामली की ओर से आ रही तेज रफ्तार एर्टिगा कार ने अपने आगे चल रहे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद कार सवार सचिन घायल व्यक्ति को उपचार हेतु अस्पताल ले गये जहां उसका उपचार चल रहा है। सूचना



पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है।वहीं घायल व्यक्ति की पहचान बबलू पुत्र चंद्रपाल निवासी बनत के रुप में हुई है।वहीं सेवापुर में ही बीति रात्रि में डीसीएम ट्रक की अपने आगे चल रहे ट्रक के साथ टक्कर हो गई। जिसमें डीसीएम क्षतिग्रस्त हो गया वहीं चालक मामूली रुप से घायल हो गया था। कोतवाली प्रभारी विरेन्द्र कसाना ने बताया मामले की सूचना मिली थी घायल का उपचार चल रहा है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## धूमधाम से मनाया गया बाबा खाटूश्याम का जन्मोत्सव

**समाज जागरण झिंझाना।**

कस्बे के पीठ बाजार में बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में बाबा के भजनो पर श्रद्धालु रातभर झूमते रहे। बाबा के नारों से वातावरण खाटूमय हो गया। सांवरे बिन तुम्हारे ठिकाना नहीं और मेरे शाम को कोई प्यार से सजा दो नामक कई भजनों पर श्याम प्रेमीगण जमकर नाचे। सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार की रात्रि श्री श्याम प्रेमियों द्वारा थाने के



पास में बाबा खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें सुंदर दरबार लगाया,जिसमें गायक कलाकार आशीष मित्तल ने गणेश स्तुति, मां सरस्वती स्तुति और हनुमान जी की स्तुति से जागरण का शुभारंभ किया। प्रदीप भारद्वाज, राम रिंकी, सचिन, सिंध्यान, पिंकी गोस्वामी कलाकारों ने सिक्का मेरे खाटू का... आ जाओ सांवरिया आ जाओ.. तेरे बिन सूनी है मेरी यह गलियां... कीर्तन की है रात... सांवरे बिन तुम्हारे ठिकाना नहीं और मेरे शाम को कोई प्यार से सजा दो नामक कई भजनों पर श्याम प्रेमी गण जमकर झूमे। बाबा के नारों से वातावरण खाटूमय हो गया। मध्य रात्रि बाबा खाटू श्याम के जन्म उत्सव पर केक काट कर खुशियां मनाई। वही कलाकारों को बाबा खाटू श्याम की तस्वीर देकर सम्मानित किया। खाटू श्याम प्रेमी मनीष संघाल,गौरव,अंकित,तुषार मित्तल,विकास सैनी,अरुण धीमान, अमित शर्मा,आशीष मित्तल,विकास गोयल,अंकित प्रजापत,विशाल गोयल,नवीन गुप्ता,नितिन गोयल, अंशु,कन्हैया, तुषार,राजा,मनस्वीर, वरुण सहित समस्त श्याम प्रेमियों सहित सैकड़ों लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद सोमवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई की बैठक का आयोजन

**समाज जागरण**

शामली। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की जिला शामली इकाई का गठन रविवार को सहारनपुर रोड स्थित एक बैंकट हॉल में आयोजित समारोह में किया गया। समारोह में जिलेभर से व्यापारी सम्मलित हुए। कार्यक्रम में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें राजकुमार वर्मा को जिला अध्यक्ष तथा शशांक वर्मा को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया। अंकित जैन को जिला प्रभारी बनाया गया। यह गठन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्य मंत्री संदीप बंसल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने कार्य




कारिणी की घोषणा करते हुए कहा कि व्यापारी वर्ग देश की आर्थिक रीढ़ है और संगठन व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है। मुजफ्फरनगर के जिला प्रभारी राजेन्द्र सिंगल, युवा जिलाध्यक्ष पुनीत सिंगल, डॉ. अर्जुन वर्मा, रमेश चंद सोनी, आकाश गुप्ता, अनुज सोनी, सुशील चौहान, विकास वर्मा, सागर जुनेजा, शमीम अहमद, अमित चौधरी, सागर, विनीत कर्णवाल, विपिन आत्री सहित व्यापारी उपस्थित रहे।

## छात्रा के साथ छेड़छाड़ का आरोप

**समाज जागरण**

कैराना। घर के बाहर कूड़ा डालने जा रही छात्रा के साथ दो युवकों द्वारा छेड़छाड़ करने का आरोप है। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी कक्षा 11 की छात्रा है। शनिवार शाम उसकी बेटी गांव के बाहर कूड़ा डालने गई थी। आरोप है कि तभी दो सगे भाइयों ने उसके साथ छेड़छाड़ की तथा विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिए। शोर–शराब होने पर छात्रा के भाई भी मौके पर पहुंच गया। विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गहनता से जांच की। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सर्दी के मौसम की दस्तक वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा

**समाज जागरण**

शामली।(फुरकान जंग )सर्दी के मौसम की दस्तक के साथ ही शहर में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को सुबह से ही आसमान पर कोहरे की हल्की चादर छाई रही, वहीं दिनभर धुंध और प्रदूषण का असर बना रहा। हवा में धूल और धुएं के कणों की मात्रा बढ़ने से शहर की वायु गुणवत्ता चिंताजनक स्तर पर पहुंच गई।

प्रदूषण नियंत्रण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, शामली का एयर क्वालिटी इंडेक्स 120 दर्ज किया गया, जो संवेदनशील लोगों के लिए हानिकारक श्रेणी में आता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार यह स्तर बच्चों, बुजुर्गों और सांस संबंधी बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए खतरे का संकेत है। प्रदूषण के कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, गले में खराश, आंखों में जलन और चुभन जैसी समस्याओं का सामना



करना पड़ा। सुबह सड़कों पर वाहन चालकों को कोहरे और धुंध के कारण दृश्यता में भी कठिनाई हुई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सर्दी के मौसम में पराली जलाने, वाहनों के धुएं और औद्योगिक उत्सर्जन के कारण हवा की गुणवत्ता लगातार बिगड़ रही है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कदम उठाने और सड़कों पर नियमित पानी छिड़काव कराने की मांग की है। डॉक्टरों ने नागरिकों को सुबह के समय बाहर निकलने से बचने, मास्क का प्रयोग करने तथा घरों में पौधे लगाने की सलाह दी है, जिससे वातावरण में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाया जा सके।

## कोतवाल ने होमगार्ड को हटाया

**समाज जागरण**

कैराना। प्रभारी निरीक्षक के कार्यालय के बाहर बैठकर फरियादियों को रोकने वाले होमगार्ड को हटाया गया। रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के कार्यालय के बाहर एक होमगार्ड बैठा था, जिसके द्वारा फरियादियों को अंदर जाने से रोका जा रहा था। आरोप है कि होमगार्ड खुद ही समस्या पूछ रहा था। इसकी जानकारी होने पर प्रभारी निरीक्षक समयपाल अत्री ने होमगार्ड को कार्यालय के बाहर से हटा दिया है।

## युवा पीढ़ी का धार्मिक गतिविधियों से दूर होना चिंता का विषय, जैन मुनि

**समाज जागरण**

शामली। शहर के जैन धर्मशाला में रविवार को श्री 108 विव्रत सागर मुनिराज ने प्रवचन में युवा पीढ़ी का धर्म से विमुख होना और धर्म के वास्तविक उद्देश्य की कमी जैसे गंभीर विषय पर विस्तारपूर्वक विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी का मंदिरों, जिनालयों और धार्मिक गतिविधियों से दूर होना समाज के लिए चिंता का विषय है। युवा यह प्रश्न करते हैं कि मंदिर जाने, जिनवाणी पढ़ने या गुरुओं की सेवा करने से क्या लाभ होगा। क्या इससे धन मिलेगा या परीक्षा में सफलता मिलेगी, लेकिन परिवार और समाज से अक्सर उन्हें इन प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर नहीं मिलते। गुरुदेव ने कहा कि धर्म का उद्देश्य केवल अगला जन्म सुधारना नहीं, बल्कि वर्तमान जीवन में शांति और




आत्मिक संतुलन प्राप्त करना है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे किसान अनाज के लिए खेती करता है, भूसे के लिए नहीं कृ वैसे ही धर्म का लक्ष्य केवल बाहरी उपलब्धियां नहीं, बल्कि आंतरिक शांति और आत्मज्ञान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो बच्चे केवल भौतिक सफलता पर केंद्रित रहते हैं, वे असफलता में टूट जाते हैं। जबकि धर्म की सही शिक्षा उन्हें मानसिक बल और स्थिरता प्रदान करती है। धर्म करने से मनुष्य को आत्मिक संतोष मिलता है, जो किसी भी भौतिक उपलब्धि से बड़ा है। इस अवसर पर सुशील जैन, सुधा जैन, मोहित जैन, सचिन जैन आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज बस की टक्कर से ई–रिक्शा चालक गंभीर, रेफर

**समाज जागरण**

कैराना। शामली रोड पर रोडवेज बस की टक्कर से 65 वर्षीय ई–रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी से रेफर कर दिया।


शनिवार शाम करीब साढ़े पांच बजे गांव मलकपुर निवासी ई–रिक्शा चालक शमशेर शामली रोड पर पब्लिक इंटर कॉलेज के पास जा रहा था। इस दौरान हरियाणा रोडवेज की बस ने ई–रिक्शा में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई–रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गई तथा शमशेर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। लेकिन, सिर में गंभीर चोट के चलते डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

## पार्टी का प्रभावी रूप से रखेंगे पक्ष, वरिष्ठ नेताओं का पैनल तैयार, सुधीर पंवार

**समाज जागरण**

शामली। समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय मीडिया में पार्टी का पक्ष प्रभावी रूप से रखने के लिए उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से वरिष्ठ नेताओं का एक पैनल तैयार किया है। इसमें शामली के गांव भैंसवाल निवासी प्रोफेसर सुधीर पंवार को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

प्रो. पंवार अखिलेश यादव सरकार में राज्य योजना आयोग के सदस्य रहे हैं और किसानों एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास से जुड़ी योजनाओं



में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राजनीति, खेती-किसानी और शिक्षा के मुद्दों पर उनकी विशेषज्ञता को देखते हुए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उन्हें एक बार फिर पार्टी का पक्ष राष्ट्रीय मीडिया में रखने की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने प्रोफेसर सुधीर पंवार को इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि उनके अनुभव और विचारधारा से पार्टी की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सशक्त होगी।

## आठ गोवंश गायब करने का आरोप, हंगामा

**समाज जागरण**

कैराना। गौशाला से आठ गोवंश गायब करने का आरोप लगाते हुए बजरंग दल कार्यकताओं ने तहसील में हंगामा किया। उन्होंने सीडीओ को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग की। शनिवार को बजरंग दल के तहसील अध्यक्ष अमित सिबरवाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर हंगामा–प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम सीडीओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया कि गांव जंधेड़ी में स्थित सरकारी गौशाला की ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव और केयरटेकर द्वारा गोवंशों की देखभाल नहीं की जा रही है। इसके अलावा गौशाला में रजिस्टर से मिलान करने पर आठ गोवंश कम पाए गए। आरोप है कि गोवंशों को गायब किया गया है। गौशाला में गोवंशों की काफी दुर्दशा हो रही है। पिछले दिनों भी जंधेड़ी गौशाला में आवारा कुत्तों द्वारा मृत गोवंशों को नोचने की वीडियो वायरल हुई थी। डीएम ने भी गौशाला का निरीक्षण किया था। लापरवाही मिलने पर केयरटेकर के विरूद्ध मुकदमा भी दर्ज कराया गया था।

## श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत निकाली जाएगी भव्य नगर परिक्रमा

**समाज जागरण**

शामली। श्री ओम श्री बाबा श्याम परिवार शामली एवं श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सती वाला की ओर से चल रहे श्री श्याम बाबा प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत 3 नवम्बर को भव्य नगर परिक्रमा निकाली जाएगी। इससे पूर्व रविवार को मंदिर परिसर में विशेष पूजा अर्चना की गई। शहर के सती मंदिर में पूजा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुई। मुख्य यजमान नितिन जिंदल एवं उनकी धर्मपत्नी रुचि जिंदल रहे, जिन्होंने वास्तु पूजन एवं गर्भगृह पूजा विधि-विधान से पूर्ण कराई। महोत्सव समिति के अध्यक्ष विकास गर्ग ने बताया कि सभी यजमान परिवार एक साथ बैठकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर रहे हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया



कि सोमवार को मंदिर परिसर से बाबा श्याम की मूर्तियों की परिक्रमा प्रातः 10 बजे सती मंदिर स्थल से प्रारंभ होकर गौशाला रोड, मोहल्ला गुजरातीयान, बड़ा बाजार, शिव चौक, रेलवे रोड, मंडी गांधी गंज, भिक्की मोड़, माजरा रोड, सैनी चौक, ब्लॉक रोड होते हुए पुनः मंदिर परिसर में पहुंचेगी। नगर परिक्रमा में देश के प्रसिद्ध बैंड, ढोल-नगाड़े, भजन पार्टी एवं प्राण प्रतिष्ठा मूर्तियों के विग्रह शामिल होंगे। धार्मिक उत्साह और भक्ति भावना से परिपूर्ण इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। कार्यक्रम में बाहर से अनेक अतिथियों एवं संतों के आने की भी संभावना जताई गई है। बताया कि 4 नवम्बर को प्रातः 10 बजे सती वाला मंदिर परिसर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा।मौके पर अध्यक्ष विकास गर्ग, सचिन जिंदल, अखिल तायल मौजूद रहे।

## हमलावरों की तलाश में पहुंची हरियाणा पुलिस

**समाज जागरण**

कैराना। घर में घुसकर हमला करने के दो आरोपियों की तलाश में हरियाणा पुलिस ने नगर में दबिश दी। आरोपियों के नहीं मिलने पर टीम लौट गई।

शनिवार शाम हरियाणा के जनपद पानीपत के थाना तहसील कैंप के उपनिरीक्षक धर्मराज ने अपनी टीम के साथ कोतवाली में आमद दर्ज कराई। टीम के साथ आरोपी पिंकू निवासी इंद्र विहार कॉलोनी पानीपत तथा आकाश उर्फ पाला निवासी जावा कॉलोनी नूर वाला पानीपत भी थे, जिन्हें हरियाणा पुलिस ने कस्टडी रिमांड पर ले रखा था। बताया गया कि वहां थाने में घर में घुसकर बलवा और मारपीट करने के मामले में मुकदमा दर्ज है। उक्त मुकदमे में नगर निवासी आदिल और समीर भी वांछित है। बाद में हरियाणा पुलिस ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर दोनों आरोपियों की तलाश में नगर में कई स्थानों पर दबिश दी। बाद में टीम बेरंग लौट गई।

## सांड ने एक व्यक्ति को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**समाज जागरण**

शामली। क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी एक युवक को सांड ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल युवक को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हडडी टूटने से दशा गंभीर बनी हुई है।

क्षेत्र के गांव जलालपुर निवासी राहुल पुत्र राजकुमार की बहन गुडिया की शादी के लिए रविवार को बारातघर आनी थी। सवेरे जब बहन की शादी के लिए इंतजाम कर रहा था और घर के बाहर खडा साफ सफाई कर रहा था तो इसी दौरान सांड ने आकर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसके हाथ में फैक्कर आया है। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसको जिला अस्पताल में भर्ती किया है। ग्रामीणों का कहना है कि आवारा सांड का आतंक सडकों पर बढ़ गया है। आये दिन लोगों पर हमला कर घायल कर रहे है। जिला प्रशासन को चाहिए कि उक्त सडकों पर घूम रहे आवारा पशुओं को पकडकर गौशालाओं में छोडा जाये, जिससे लोगों का जान का खतरा न रहे।

## जोनल हैड को बेरहमी से पीटा, अस्पताल में भर्ती

**समाज जागरण**

शामली। देर रात्रि डिजेटी मय कोफिन्स प्राइवेट लिमिटिड के दो कलेक्शन ऑफिसरों ने अपने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जोनल हैड को उस समय बेहरमी से मार पीटकर घायल कर दिया, जब वह रिकवरी के लिए दबाव बना रहा है। घायल जोनल हैंड को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पश्चिमी बंगाल के जनपद बाकुंड निवासी मनोज कुमार पुत्र लेक शांति मोय मुखर्जी डिजेटी मयकोफिन्स प्राइवेट लिमिटिड में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जोनल हैड के पद पर तैनात है। बताया जाता है कि गत शनिवार देर रात्रि शहर के गुरूद्वारा तिराहा स्थित अपने कार्यालय पर उसने कलेक्शन



ऑफिसर अरुण राणा, दुष्यंत कुमार निवासी खतौली पर मार्केट से कलैक्शन एकत्रित करने का दबाव बनाया। जिसके बाद उक्त दोनों कलेक्शन ऑफिसर ने बिना कुछ कहे सुने जोनल हैड पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसको इतना पीटा गया कि जोनल हैड बेहोश हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच बचाव कराया तो उक्त दोनों युवक मौके से फरार हो गया। घायल मनोज कुमार शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां मेडिकल उपचार के बाद पीडित ने थाना आदर्शमंडी पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## देव उठानी पर जिलेभर में बजी शादी की शहनाईयां

**समाज जागरण**

शामली। जिलेभर में देवउठानी एकादशी पर शादी की शहनाई बजी। शुभ मुहूर्त होने के चलते इस दिन बड़ी संख्या में शादियां हुईं। शहर का कोई बैंकट हॉल खाली नहीं था। यहां तक कि खुले मैदानों में भी टेंट लगाए गए थे। शहर में ही लगभग एक हजार से ज्यादा शादियां होने का अनुमान है। दिन के साथ ही रात में भी सड़कों पर बरात की चढ़त से काफी चहल-पहल रही। दिन में कई स्थानों पर जाम के हालात भी बने। देवउठानी एकादशी पर शादी के लिए शहर और आसपास के सभी बैंकट हॉल बुक थे। दो-तीन दिनों से हलवाई लगे हुए थे और शादी की तैयारियां जोरों पर चल रही थी। रविवार को दिन और रात में कई शादियां हुईं। दिल्ली रोड, टंकी रोड, कैराना रोड स्थित, माजरा रोड, मुजफ्फरनगर रोड, सहारनपुर रोड, करनाल रोड समेत शहर में स्थिति बैंकट हॉल में से किसी में दिन में तो किसी में रात की शादी रही। दिन में भी एमकेएस रोड, कैराना रोड और टंकी रोड पर बरात की चढ़त के दौरान जाम के हालात बने। रात होते ही बैंकट हाल लाइटों से जगमगा उठे और जगह-जगह बरात की चढ़त शुरू हो गई। सबसे ज्यादा बैंकट हाल कैराना रोड पर है। इसलिए इस रोड पर ही सबसे ज्यादा चहल-पहल रही। रात में शादियों का साया होने के चलते शहर की सडकों पर जाम लगा रहा।

जिसमें फंसे बारातियों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा।

भीषण जाम के कारण कई बारात देरी से पहुंची है। जाम को खुलवाने में ट्रेफिक पुलिसकर्मियों को मशक्कत करनी पडी।

## अनियंत्रित होकर पलटा रेत से भरा डंफर, बड़ा हादसा होने से बचा

**समाज जागरण**

शामली। शहर के सहारनपुर रोड पर एक रेत से भरा अनियंत्रित डंपर पलट गया। जिससे एक बडा हादसा होने से बाल बाल बच गया। बाद में जेसीबी मशीन की सहायता से टंपर को सीधा किया गया। हादसे में चालक को मामूली चोटे आई है।

रविवार सवेरे झिंझाना की ओर से एक डंपर चालक ओपर लोड रेत भरकर शामली बाईपास सहारनपुर रोड सांई मंदिर के निकट से जा रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही डंपर चालक ने डंपर को मोडने का प्रयास किया तो वजन अधिक होने के बाद उसका संतुलन बिगड गया और डंपर असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने



चालक को डंपर से बाहर निकाला, जिसको मामूली चोटे आई थी। बाद में जेसीबी मशीन बुलाकर डंपर को सीधा किया गया। आसपास मौजूद लोगों ने बताया कि ओवरलोड सडकों पर दौड रहे है, जिससे हादसे हो सकते है। ऐसे में जिला प्रशासन को संज्ञान लेने की जरूरत है।

## गली में अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही कई लोगों पर रंजिश के चलते मारपीट करने और गली में अतिक्रमण करते हुए अवैध रूप से तिरछी दीवार करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान निवासी श्रीनिवास शर्मा पुत्र जनेश्वर शर्मा ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव का ही बिट्टू का परिवार पीड़ित के रंजिश रखता है। पीड़ित का आरोप है कि जब पीड़ित अपने खेत पर कार्य करने के लिए गया हुआ था इसी बीच पड़ोसी बिट्टू ने अपने परिवार के मोनू, राजवीर व



मांगा के साथ मिलकर गली में तिरछी दीवार खड़ी कर दी। जिससे पीड़ित को आने-जाने में परेशानी हो रही है। पीड़ित ने विनम्रता से दीवार को सीधी करने को कहा तो आरोप है कि चारों लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट करते हुए गाली गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने मामले की सूचना डायलॉग 112 पुलिस को दी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया था। 112 पुलिस जाने के बाद आरोपियों ने पीड़ित को गांव से निकलने की धमकी देते हुए फिर से निर्माण कार्य शुरू कर दिया।पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर गली में हो रहे अवैध रूप से निर्माण कार्य को बंद कराने और कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पुलिस को तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पड़ोसी युवक पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी एक महिला ने अपनी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पड़ोसी युवक पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्थानीय थाने में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार रविवार को पीड़िता किसी कार्य से घर से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान उसकी नाबालिग बेटी घर पर अकेली थी। महिला का आरोप है कि मौके का फायदा उठाते हुए पड़ोस में रहने वाला युवक किशोरी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। काफी देर तक जब बेटी वापस घर नहीं लौटी तो परिजनों में हड़कंप मच गया। महिला ने अपने परिजनों के साथ मिलकर आसपास के क्षेत्रों में बेटी को खंगालने के साथ ही रिश्तेदारों तक फोन मिलाकर जानकारी जुटाई, मगर घंटों तलाश के बाद भी किशोरी का कोई पता नहीं चल सका।पीड़िता का कहना है कि युवक के अलावा उसकी मां तथा भाई भी इस मामले में संलिप्त हैं। पीड़ित महिला ने आरोपी युवक सहित तीनों के खिलाफ तहरीर दी है। महिला ने किशोरी की सुरक्षित बरामदगी और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस ने नाबालिग को शीघ्र बरामद करने व दोषियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# जन्मोत्सव पर खाटू श्याम जी के जयकारों से गूंज उठे मंदिर

**समाज जागरण बागपत।**
जिलेभर में रविवार को खाटू श्याम जी का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचे और उन्होंने भगवान खाटू श्याम जी की विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की। जनपद बागपत के गांव आदर्श नगला में एक हजार साल पुराने ऐतिहासिक श्री खाटू श्याम जी के मंदिर में वरिष्ठ भाजपा नेत्री, महाराजा सूरजमल संगठन की राष्ट्रीय महासचिव, विश्व हिंदू महासंघ की प्रदेश अध्यक्ष, अखिल भारतीय जाट महासभा की प्रदेश महासचिव व तंवर स्वच्छ पर्यावरण संस्था की प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा अंजू खोखर ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।



उनका यहां पहुंचने पर मंदिर समिति की तरफ से सम्मान किया गया। श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव पर यहां हवन का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सामूहिक रूप से हवन कुंड में आहुतियां डाली। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने पूरी उत्साह के साथ भाग लिया और एक साथ बैठकर सब्जी, पूरी व हलवे का प्रसाद ग्रहण किया।

# गढी कंलजरी में मरे चार पशु 50 से अधिक बीमार पशु पालकों में दहशत

**समाज जागरण**

चांदीनगर। गढी कंजरी गांव में पशुओं में बीमारी फैलने से हडकंम मच गया है। अब तक तीन से चार पशु की मौत हो चुकी है। जबकि 50 से अधिक पशु बीमार बताए जा रहे है। रविवार को ग्रामीणों ने पशु अस्पताल के सामने प्रदर्शन कर विभाग ओर पशु चिकित्सा अधिकारी के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की है।गढी कंजरी ग्रामीणों के अनुसार पिछले दो वर्षों से गांव के पशु अस्पताल में कोई डाक्टर तैनात नहीं है। इस कारण पशुओं को उचित इलाज नहीं मिल पा रहा है। गांव के पुरन सिंह, जतिन और सत्य पाल, के पशुओं की मौत हो चुकी है। ग्रामीण देव कसाना का कहना है कि पिछले बीस दिनों से गांव में खुरपका ओर गोवंशो में लंपी



जैसी बीमारियां फैल रही है। अस्पताल होने के बावजूद डाक्टर की अनुपस्थिति के कारण ग्रामीणों को निजी चिकित्सको से इलाज कराना पड रहा है। जिससे पशुओं की लगातार मौंते हो रही है। प्रदर्शन करने वालो में देव कसाना , धीरेन्द्र कसाना, पूरन सिंह, निशु राजपाल, दयानंद, जोगिंदर, नीतीश, सतपाल ,और पुष्पेंद्र सहित कई ग्रामीण शामिल थे। सभी ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से मामले में हस्तक्षेप कर समाधान कराने और गांव में पशु चिकित्सकों की टीम भेजने और अस्पताल में स्थाई डॉक्टर की तैनाती की मांग की है।

# हाईवे की मरम्मत की मांग बदहाली पर उठाई आवाज

**समाज जागरण कांधला।**
पश्चिमांचल विकास परिषद के अध्यक्ष नितिन स्वामी ने रविवार को संगठन पदाधिकारियों के साथ राष्ट्रीय राजमार्गझ709बी सहारनपुरझ शामलीझबागपत मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह राजमार्ग पश्चिमांचल को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से जोड़ने वाला प्रमुख जीवनमार्ग है, किन्तु वर्तमान में इस पूरे मार्ग पर गहरे गड्ढे होने से राहगीर परेशान हैं तथा वाहन चालकों को प्रतिदिन जोखिम झेलना पड़ रहा है। विशेष रूप से जनपद शामली के एलम क्षेत्र के समीप सड़क की स्थिति अत्यन्त दयनीय हो चुकी है, जहाँ आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। नितिन स्वामी कहा कि जब शासन टोल कर वसूल कर रहा है तो आम जनता को टूटीझफूटी मार्गों पर क्यों चलना पड़ रहा है। यदि रात्रि के समय इन गड्ढों के कारण किसी की दुर्घटना में मृत्यु हो जाए तो उसकी



जिम्मेदारी कौन लेगा।पश्चिमांचल विकास परिषद की ओर से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को औपचारिक चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिनों के भीतर मरम्मत कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया तो परिषद स्वयं इस मार्ग पर मरम्मत कार्य प्रारम्भ कर देगी तथा इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। उन्होंने ने स्पष्ट रूप से कहा कि अब पश्चिमांचल की जनता चुप नहीं बैठेगी। परिषद आम जनमानस के अधिकारों एवं हितों के लिये प्रत्येक स्तर पर अपनी आवाज बुलन्द करती रहेगी। इस दौरान उनके साथ संगठन के कई लोग मौजूद रहे।

# सोनभद्र पुलिस ने 101 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद कर मालिकों को सौंपे

**दैनिक समाज जागरण**
सोनभद्र। जनपद की पुलिस ने साइबर अपराधों की रोकथाम और आमजन को तकनीकी माध्यम से न्याय दिलाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने CEIR पोर्टल की मदद से तकनीकी ट्रेसिंग के माध्यम से कुल 101 एंड्रॉइड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में सर्विलांस सेल, एसओजी टीम और जनपद के सभी थानों की संयुक्त टीमों ने यह कार्रवाई की। बरामद किए गए सभी मोबाइल फोन कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद 2 नवंबर 2025 को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिए गए। मोबाइल फोन वापस मिलने पर नागरिकों ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया।



पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने इस सराहनीय कार्य के लिए संबंधित पुलिस टीमों की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के दूरसंचार मंत्रालय द्वारा विकसित उएक्क्षपोर्टल पूरे देश में लागू है। सोनभद्र में इस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर ये मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। अभिषेक वर्मा ने जनता से उएक्क्ष पोर्टल पर अधिक से अधिक शिकायतें दर्ज करने की अपील की। उन्होंने जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए बताया कि सभी थानों और चौकियों पर उएक्क्षपोर्टल के पोस्टर लगाए गए हैं, ताकि लोग आसानी से शिकायत दर्ज कर सकें। बरामद किए गए फोनों में कुछ चोरी के थे, जबकि कुछ गुम हो गए थे। चोरी के मामलों में अभियुक्तों की धरपकड़ के लिए भी कार्रवाई की जा रही है।

# साइबर फ्रॉड गैंग का पदार्फाश, 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**

सोनभद्र। पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक गिरोह का पदार्फाश किया है। थाना पिपरी और साइबर क्राइम पुलिस थाना की संयुक्त कार्रवाई में चार साइबर ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। ये अभियुक्त क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी कर धन ठग रहे थे। यह मामला रेनुकुट, पिपरी निवासी अजय कुमार पुत्र संकठा प्रसाद चौरसिया की शिकायत से शुरू हुआ। उन्होंने अपनी तहरीर में बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी दुकान पर लगे क्यूआर कोड का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी का पैसा मंगवाया। इसके बाद वादी से नकद पैसे लिए और उनके खाते में ₹5200 धोखाधड़ी का पैसा जमा कर दिया, जिससे उनका खाता अवरुद्ध हो गया। इस शिकायत के आधार पर थाना पिपरी में मुकदमा अपराध संख्या 217/ 2025, धारा 318




(4), 336(3) BNS और 66D IT Act के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देश तथा अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में जांच शुरू की गई। थाना पिपरी और साइबर क्राइम पुलिस थाना की संयुक्त टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और सर्विलांस की मदद से अभियुक्तों की तलाश की। 01 नवंबर 2025 की रात को टीम ने इन चारों अभियुक्तों को थाना पिपरी क्षेत्र के मुर्धवा मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त लखनऊ के गोयल इंस्टीट्यूट और महर्षि यूनिवर्सिटी से बी.बी.ए. और डेटा एनालिसिस का कोर्स कर रहे हैं। गिरफ्तारी के समय उनके कब्जे से चार एंड्रॉइड मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार, ये शातिर ठग हैं और इन्होंने अन्य व्यक्तियों से भी धोखाधड़ी की है, जिनके खिलाफ अन्य शिकायतें भी दर्ज हैं। ये जनसेवा केंद्रों और वित्तीय संस्थानों से संपर्क कर उनके क्यूआर कोड प्राप्त करते थे और उन्हीं क्यूआर कोड पर धोखाधड़ी का पैसा मंगवाकर कमीशन के रूप में अलग से धन प्राप्त करते थे।

# न्याय का नया युग वही है,जब हर नागरिक जागरूक और सशक्त बने : दीक्षित त्यागी

**समाज जागरण बागपत।**
बागपत थाना क्षेत्र के ग्राम बसा टिकरी में चौपाल का आयोजन न्याय के नए युग की ओर जनजागरूकता कार्यक्रम 2 प्वाइंट जीरो आयोजन किया गया। जिसमें थाना बागपत की पुलिस द्वारा नए आपराधिक कानूनों एवं नागरिक सुरक्षा से संबंधित जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी दीक्षित त्यागी ने ग्रामवासियों को न्याय व्यवस्था के नए प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।कार्यक्रम के दौरान जीरो एफआईआर, ई एआईआर समयबद्ध न्याय, महिला एवं बाल संरक्षण के



विशेष प्रावधान, नए अपराधों एवं औद्योगिक अपराधों से जुड़े संशोधन, तथा फॉरेंसिक जांच के अनिवार्य उपयोग जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। साथ ही पीड़ित केंद्रित प्रावधानों, डिजिटल अरेस्ट , डिजिटल क्राइम, एवं साइबर सुरक्षा के प्रति भी विस्तृत जानकारी दी गई। थाना प्रभारी दीक्षित त्यागी ने कहा न्याय का नया युग वही है, जिसमें हर नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होकर डिजिटल रूप से सशक्त बने। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि किसी भी अपराध या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की बात कही।ग्रामवासियों ने नए कानूनों और नागरिक सुरक्षा से संबंधित विषयों पर उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका समाधान मौके पर ही अधिकारियों द्वारा किया गया। सीमा सिंह प्रभारी मिशन शक्ति थाना बागपत द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम एनसीएल जागरूकता अभियान 2 प्वाइंट जीरो के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य नागरिकों को न्याय, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति सजग बनाना है।कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। मोना सिंह, विपिन कुमार, राजन कुमार, राहुल, देवेंद्र डीलर, पुष्पा देवी, बबिता सिसोदिया, गौरव सिसोदिया, पिंटू सिसोदिया, सिंटू सिसोदिया, खुशी, तथा प्रियंका आर्य (समाज सेविका एवं कार्यक्रम संयोजिका) सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी ने इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# सारथी की 35 वी रसोई सफल -- जरूरतमंदों लोगों ने किया भोजन

**समाज जागरण बड़ौत।**
सारथी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में सारथी की 35 वी रसोई का आयोजन किया गया। रसोई का उद्घाटन पवन शर्मा मीडिया प्रभारी एवं रविन्द्र आर्य भाजपा नेता भारतीय जनता पार्टी द्वारा किया गया। रसोई से जरूरतमंदों का पेट भरता है। हजारों लोग इसमें भोजन करते है। ऐसे ही रसोई हमेशा चलती रहे और इसमें हमारा सहयोग हमेशा रहेगा। इसी के साथ-साथ विकास गुप्ता अध्यक्ष सारथी वेलफेयर फाउंडेशन ने बताया कि यह फाउंडेशन नवंबर 2020 से इसकी शुरूआत हुई थी। आज इस सारथी वेलफेयर



फाउंडेशन को 5 साल भी हो गए है। आप सभी का साथ और सहयोग से सारथी वेलफेयर फाउंडेशन निरंतर आगे बढ़ रहा है। हम यही चाहते है जैसे हम खाते ह ऐसे ही सबको भी मिले। डॉक्टर आशुतोष शर्मा, डॉ मोनिका का रसोई में हमेशा सहयोग रहता है। इस रसोई में रेडी पटरी वाले रिक्शा वाले और जरूरतमंदों को भोजन कराया जाता है। इस मौके पर सचिव अनिल अरोरा, आशा ग्रोवर, विभु जैन, सुनील मेवला, सुनील सैनी, विशाल वर्मा, सचिन खोखर, भूपेंद्र दांगी, रविन्द्र जैन, मनीष जैन, अनमोल गुप्ता, केशव मग्गू, अंकुश खोखर, संजना जैन, रविंद्र आर्य, पवन शर्मा, तुषार आदि ने इस रसोई में सहयोग कर धर्म लाभ उठाया।

# संतों का सानिध्य देता मनुष्य को मुक्ति का मार्ग

**समाज जागरण खेकड़ा।**

बड़ागांव के प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में सिद्धचक्र महामंडल विधान में श्रद्धालुओ ने भगवान पार्श्वनाथ को 128 अर्घ्य समर्पित किए। आर्यिका ने कहा कि संतों की संगत हमेशा मनुष्य के मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। रविवार को आर्यिका 105 चंद्रमति माता के सानिध्य में चल रहे अष्टाहनिका पर्व के सिद्धचक्र महामंडल विधान का पूजन विधानाचार्य पं. राकेश जैन ने कराया। सुबह नित्य नियम श्रद्धालुओं ने भगवान पार्श्वनाथ का प्रासुक जल से अभिषेक व शांतिधारा की क्रियाएं की। विधानाचार्य ने विधि विधान से पूजन कराया, श्रद्धालुओं ने भगवान



को 128 अर्घ्य समर्पित कर पारिवारिक सुख समृद्धि की कामना की। धर्मचर्चा में आर्यिका चंद्रमति माता ने कहा कि संत की संगत व सानिध्य हमेशा मनुष्य को मुक्ति का मार्ग दिखाते हैं। आज का मनुष्य अपने संस्कार व संस्कृति को भूलता जा रहा है जो गलत है। अब संतों के सानिध्य से ही मनुष्य को अपने संस्कार व संस्कृति की अनुभूति होती है। इसलिए मनुष्य को हमेशा संतों की संगत व सानिध्य में रहना चाहिए। यहीं मनुष्य को जीवन में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है।

# पुलिस ने किए दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**समाज जागरण कांधला।**

पुलिस ने एसपी के आदेश पर कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तको को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है। एसपी शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को वांछित, अभियुक्तों को गिरफ्तार करने के निर्देश दे रखे हैं। कस्बे के शिवालय मार्ग निवासी खुर्शीद के विरुद्ध कई बार स्कूल गया थाने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियुक्त को जेल भेज दिया था। आरोपी जमानत पर आने के बाद न्यायालय




के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी हाजिरी नहीं लग रहा था कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी और पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी वांछित अभियुक्त राशिद को भी गिरफ्तार किया है पुलिस ने दोनों वांछितों को रविवार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

# श्री शनि धाम एवं खाटू श्याम मंदिर से निकाली गई निशान यात्रा

**समाज जागरण बागपत।**
श्री शनि धाम एवं श्री खाटू श्याम जी धाम मंदिर अग्रवाल मंडी टटीरी से श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के मौके पर निशान यात्रा निकाली गई। इसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निशान यात्रा कस्बा अग्रवाल मंडी टटीरी के मुख्य



मार्गो से होती हुई मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। शाम मंदिर प्रांगण में भजन, कीर्तन का आयोजन किया गया, इसमें महिला एवं पुरुषों ने पूरी उत्साह के साथ भाग लिया और भगवान श्री खाटू श्याम का गुणगान किया। उसके बाद मंदिर प्रांगण में भंडारा लगाया गया, इसमें सभी ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रवीण गोयल सेक्रेटरी अंकुर पंडित कोषाध्यक्ष सोनू मानव संजीव शर्मा राजीव गोयल आशु गुप्ता मास्टर हरिओम शर्मा उमादत शर्मा एवं कमेटी के सभी लोग उपस्थित थे।

# लायंस क्लब ने शतरंज प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**समाज जागरण बागपत।**
लायंस क्लब के तत्वाधान में नगर के वात्सायन पैलेस में हुई शतरंज प्रतियोगिता का रविवार को विधिवत रूप से समापन हो गया।शतरंज प्रतियोगिता के फाइनल में सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान भारत गौरव, द्वितीय जहांगीर अल्वी एवं तृतीय




राजीव त्रिखा रहे। जूनियर वर्ग में प्रथम दक्ष कश्यप (क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट स्कूल), द्वितीय आदित्य (गोल्डन गेट स्कूल) तथा तृतीय स्थान पर संस्कार (डीएवी पब्लिक स्कूल) एवं आरोन रॉय (जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल ) रहे। विजेता खिलाड़ियों को एडीजे पवन रॉय द्वारा ट्रॉफी, प्रशस्ति पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के अध्यक्ष अजय शर्मा, सचिव विजयपाल यादव, कोषाध्यक्ष परमवीर वर्मा, प्रमोद प्रकाश, राजपाल शर्मा, गजेंद्र सिंह बली, नीरज नैन, महबूब खान, जितेंद्र कुमार, डॉ महेश शर्मा, अशोक कुशनुर आदि लायन सदस्य उपस्थित रहे।

# ओबरा थाने में सौहार्दपूर्ण वातावरण में देव दीपावली पर्व मनाए जाने को लेकर हुई शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**समाज जागरण/**
**अनिल कुमार अग्रहरी**
ओबरा/ सोनभद्र। आगामी देव दीपावली और इससे जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण और मर्यादित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से, ओबरा थाने में रविवार, 2 नवंबर को एक महत्वपूर्ण शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें पुलिस प्रशासन और स्थानीय नागरिक संगठनों के प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया ने उपस्थित सभी आयोजकों, गणमान्य नागरिकों और प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पर्व की गरिमा बनाए रखने की



अपील की। उन्होंने कानून-व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित स्पष्ट निर्देश दिए उन्होंने बताया कि पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस पूरी तरह चौकन्नी रहेगी और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सख्त कदम उठाएगी। श्री चौरसिया ने कड़ी चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति कार्यक्रम के दौरान अभद्र व्यवहार या माहौल खराब करने की कोशिश करता हुआ पाया गया, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा और उसके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयोजकों से विशेष अपील की कि कार्यक्रमों में केवल सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को ही प्राथमिकता दी जाए। यह सुनिश्चित करना होगा कि अश्लील गाने न बजाए जाएं या ऐसे कोई कृत्य न हों जो सामाजिक सद्भाव या मयार्दा को ठेस पहुँचाएँ। बैठक में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक संगठनों और पुलिस विभाग के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिन्होंने पर्व की सफलता के लिए प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। विश्व हिंदू महासंघ के सर्वेश दुबे सामाजिक प्रगति परिषद देव दीपावली कार्यक्रम अध्यक्ष संकट मोचन झा, आयोजन अरविंद सोनी, संयोजक अक्षय पांडे, रणजीत तिवारी, अनिल राय, समीर माली, सौरभ सिंह व युवा जागरण मंच देव दीपावली सेक्टर 8 से संस्थापक विपुल शुक्ला अमित उपाध्याय, सभासद नगर पंचायत राकेश पासवान विकास सिंह आनंद जायसवाल ओबरा चौकी इंचार्ज विष्णु प्रभार सिंह एस आई राम लोचन सभी उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में ओबरा में देव दीपावली पर्व को शांति, उल्लास और सांस्कृतिक मयार्दा के साथ मनाने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रपति ने पतंजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

सार्वभौमिक बंधुत्व की भावना, प्राचीन वैदिक ज्ञान और अत्याधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान का एकीकरण, तथा वैश्विक चुनौतियों का समाधान आधुनिक संदर्भों में भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ा रहा हैः राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (2 नवंबर, 2025) उत्तराखंड के हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में भाग लिया।
इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की महान विभूतियों ने मानव संस्कृति के विकास में अमूल्य योगदान दिया है। ऋषियों में महानतम महर्षि पतंजलि ने योग के माध्यम से मन की, व्याकरण के माध्यम से वाणी की और आयुर्वेद के माध्यम से शरीर की अशुद्धियों को दूर किया। उन्होंने इस बात पर खुशीजताई कि



पतंजलि विश्वविद्यालय महर्षि पतंजलि की महान परंपरा को समाज के लिए आसान बना रहा है।
राष्ट्रपति ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान का विकास कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह एक प्रशंसनीय प्रयास है जो स्वस्थ भारत के निर्माण में सहायक है। राष्ट्रपति ने पतंजलि विश्वविद्यालय की भारत-केंद्रित शैक्षिक दृष्टि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विश्व बंधुत्व की भावना, प्राचीन वैदिक ज्ञान और अत्याधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधान के एकीकरण तथा वैश्विक चुनौतियों के समाधान की दृष्टि से शिक्षा, आधुनिक संदर्भों में भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ा रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस विश्वविद्यालय के आदर्शों के अनुरूप शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को यह महसूस किया होगा कि पर्यावरण की रक्षा और अपनी जीवनशैली को प्रकृति के अनुकूल बनाना मानवता के भविष्य के लिए आवश्यक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे जलवायु परिवर्तन सहित वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए सदैव तैयार रहेंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि सार्वभौमिक कल्याण की कामना हमारी संस्कृति की पहचान है।

यह कल्याण सद्भाव और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्हें विश्वास है कि इस विश्वविद्यालय के छात्र सद्भाव के जीवन मूल्य को व्यवहार में लाएंगे।
राष्ट्रपति ने कहा कि व्यक्ति के पोषण से परिवार का पोषण होता है, जिससे समाज और राष्ट्र निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि पतंजलि विश्व विद्यालय ने व्यक्तिगत विकास के माध्यम से राष्ट्र निर्माण का मार्ग अपनाया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस विश्वविद्यालय के छात्र अपने सद्गुण आचरण से एक स्वस्थ समाज और विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण सहयोग देंगे।

# जब-जब देश को बलिदान की जरूरत पड़ी है, हरियाणा के शूरवीरों ने आगे बढ़कर देश के लिए अपनी शहादत दी है : पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 2 नवंबर। प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि सरकार जनकल्याण में जनोत्थान विकास योजनाओं को लागू कर आम लोगों को आर्थिक आजादी की ओर आगे बढ़ा रही है। इसी कड़ी में एक नवंबर से पेपरलेस स्टांप रजिस्ट्री आनलाइन शुरू की गई हैं। ताकि किसी भी जरूरतमंद की जेब पर रजिस्ट्री का खर्च कम पड़े और इसके सकारात्मक प्रणाम आएंगे। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा और उपभोक्ता को इसका फायदा मिलेगा। पूर्व कृषि मंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार की दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के तहत आज एक नवंबर से लाखों पात्र महिलाओं को हर महीने 21 सौ रूपए की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में प्रदान की जा रही है। सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए कृत संकल्प है।



उन्होंने कहा कि हरियाणा की संस्कृति समृद्ध और विशाल है। दूसरे प्रदेशों में जहां भी जाते हैं, हरियाणवी लोगों की एक अलग ही पहचान बनी है। उन्होंने कहा कि जब-जब देश को बलिदान की जरूरत पड़ी है, हरियाणा के शूरवीरों ने आगे बढ़कर देश के लिए अपनी शहादत दी है। वहीं खेलों में हरियाणा के खिलाड़ी विश्व में नाम कमा रहे हैं। जेपी दलाल रविवार को देव उठनी एकादशी पर आयोजित मंगल कार्यक्रमों में हल्के के बिधनोई, हरियावास, तलवानी, विधवान, मंढ़ोली खुर्द, ढाणी भाकरा, पातवान, चैहड़खुर्द, चैहड़ कलां, बड़दु नई, ढाणी हुनात, ढाणी दयाचंद, सिवानी, बड़वा, किकराल,गुरेरा, मीठी, मोरकां, गरवा, चैहड़ खुर्द, बहल ,ओबरा आदि गांवों में शिरकत की और शादी के बंधन में बांधने वाली युगल जोड़ो को आशीर्वाद देते हुए नवजीवन की मंगल कामना दी। उन्होंने नव विवाहितो को जीवनभर प्यार प्रेम, समृद्धि और सुख का आशीर्वाद दिया। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा बहल, मंडल अध्यक्ष सुनील सांगवान सिरसी, जिला पार्षद रविंद्र मंढ़ोली सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आल सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति, हरियाणा के आह्वान पर 9 नवंबर की महापुकार रैली की तैयारियों को लेकर जनसंपर्क अभियान किया तेज

**समाज जागरण,**
**( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

बहल, 2 नवंबर। आल सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति, हरियाणा के आह्वान पर 9 नवंबर की महापुकार रैली की तैयारियों को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है और दावा किया जा सकता है कि महापुकार रैली ऐतिहास रचेगी जो सरकार की दमनकारी नीतियों का आइना साबित होगी। इसी संदर्भ में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों की एक बैठक अनाज मंडी बहल में की गई है। जिसमें सफाई कर्मचारी का रैली के प्रति जोश व उत्साह दिखाई दिया। यह जानकारी देते हुए ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा, बहल ब्लाक प्रधान मोहन ने दी। सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा सरकार को सत्ता में आए 11 साल बीत चुके है। इसके बावजूद ग्रामीण व शहरी सफाई कर्मियों को ना ही तो पक्का कर्मचारी बनाया गया है और ना ही 26 हजार रुपए का न्यूनतम वेतन लागू किया जा रहा है। 7, अक्टूबर 2022 को



गोहाना में सरकार द्वारा आयोजित भगवान वाल्मीकि जयंती पर तत्कालीन मुख्यमंत्री के सामने भाजपा नेता कृष्ण बेदी ने कहा था कि 1996 के बाद एक भी सफाई कर्मचारी पक्का नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने इन्हें पक्की नौकरी का तोहफा देने का वायदा किया था । 24 नवंबर 2025 को खुद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सफाई कर्मचारियों को 26 से 27 हजार वेतन देने का आश्वासन दिया था। लेकिन सरकार अपने किए वादे से पीछे हट रही है। 11 जून 2025 को घोषित 21 सौ रुपए बढ़ोतरी भी सफाई कर्मचारियों के लिए मजाक बनकर रह गई है। चूंकि पेरोल वालों को छोड़कर ये बढ़ोतरी आज तक किसी को नहीं मिली है। हरियाणा सरकार के इस कर्मचारी व दलित विरोधी कदम के खिलाफ प्रदेश के सरकारी, अर्धसरकारी विभागों में काम करने वाले सफाई कर्मचारी 9 नवम्बर को पीपली, कुरुक्षेत्र में महापुकार रेली में भारी संख्या में शामिल होकर रेली को सफल बनाएंगे। बैठक को आदि ने सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार, ग्रामीण सफाई कर्मचारी नेता मोहन लाल, सुशील खुर्द, बलजीत लाडवास, जयवीर शेरला, पप्पू बहल आदि ने संबोधित किया।

# अकेडमी के राइफल्स शूटर खिलाड़ी नकुल कालिया ने कांस्य पदक जीतकर किया जिले का नाम गौरवान्वित

**समाज जागरण, ( महेन्द्र प्रजापत बहल )**

बहल, 2 नवंबर। बहल की फोक्स शूटिंग अकेडमी के शूटर खिलाड़ी ने 44वीं नार्थ इंडिया शूटिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत दर्ज की है। यह शूटिंग प्रतियोगिता उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में आयोजित की गई थी। अकेडमी के राइफल्स शूटर खिलाड़ी नकुल कालिया ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। खिलाड़ी नकुल कालिया की इस सफलता के पीछे कोच मोहन सांगवान और नरेश बिश्नोई को श्रेय दिया है। नकुल कालिया की उपलब्धि पर क्षेत्र के अनेक लोगों, राजनेताओं व अधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं और उज्जवल भविष्य की कामना की है। खिलाड़ी नकुल कालिया ने हाल ही में आयोजित हरियाणा स्पोर्ट शूटिंग कांपिटिशन में भी ब्रांज मेडल जीतकर अपने शहर, अपने गांव और अपने जिले का नाम रोशन किया था।



# गाँव फग्गू में फिर से शुरू हुआ पशु मेला

**समाज जागरण,**

कालांवाली 2 नवंबर (सुरेश जोरासिया) क्षेत्र के गाँव फग्गू में फिर से पशु मेला शुरू हो गया है। कल इस मेले का शुभारंभ पंचायत विभाग के अधिकारियों, गाँव फग्गू के गुरुद्वारा साहिब पतिशाह आठवी के व्यवस्थापकों और क्षेत्र की कुछ गणमान्य हस्तियों ने किया। इस बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य भाई कुलदीप सिंह फग्गू ने



बताया कि जिस तरह पहले गुरुद्वारा साहिब में हर रविवार को पशु मेला लगता था। उसी तरह अब दूसरा मेला भी शुरू हो गया है। पशु मेले का पहला दिन होने के कारण इस मेले में पशुओं की आवक और बिक्री कम देखी गई, लेकिन व्यवस्थापकों ने पशुपालकों और किसानों से अपील की कि वे इस मेले में आएँ ताकि लोगों को इस मेले की सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि आने वाले लोगों के लिए लंगर की व्यवस्था की गई है और पशुओं के लिए छाया और पानी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि सरदूलगढ़ से कालांवाली रोड पर गांव फग्गू में लगने वाले इस मेले में हरियाणा व पंजाब के लोग आसानी से पशुओं की खरीद-फरोख्त कर सकते हैं।

# श्री बालाजी धाम डोभ पर भव्य संकीर्तन पहुँची 61वीं पैदल ध्वजा यात्रा

**समाज जागरण,**
**(महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी, 2 नवंबर। भिवानी रोड स्थित श्री बालाजी धाम गाँव डोभ के संस्थापक प्रधान श्री पुरुषोत्तम दास बंसल ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रत्येक रविवार को शनि देव मित्र मण्डल तेज कॉलोनी रोहतक एवं भक्तजनों द्वारा श्री दुर्गा भवन मंदिर भिवानी स्टैंड से सुबह 10 बजे पैदल ध्वजा यात्रा श्री बालाजी धाम डोभ के लिये चलती हैं आज यात्रा में लाइव भजन किया गया जिसमें पूजा शाह पानीपत,विनोद गुप्ता,बिट्ठू दुआ द्वारा सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया गया धाम पर संकीर्तन, स्वास्थ्य जाँच शिविर व छोले का भंडारा लगाया गया

श्री दुर्गा भवन मंदिर से ज्योत प्रचण्ड कर के यात्रा कि शुरूआत की जाती हैं सभी हाथ में ध्वजा लिये जय श्री राम के जयकारे लगाते हुये श्री बालाजी धाम डोभ पहुँचे रास्ते में दो





जगह पड़ाव होता हैं पहला पड़ाव नजदीक खुशबू गार्डन के सामने (जगदम्बा ट्रेक्टर हाउस के द्वारा चाय नास्ता का प्रबन्ध किया जाता हैं) रास्ते में दुसरा पड़ाव पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने भिवानी रोड पर होता हैं मन्दिर से भक्तों की वापसी के लिये निःशुल्क ऑटो उपलब्ध करवाई जाती हैं

प्रत्येक रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाता हैं जिसमे आंख जाँच, दांत जाँच, फिजियोथेरेपिस्ट, मेडिसिन और देशी वैध द्वारा इलाज किया जाता हैं सभी दवाईयां और चश्मे निशुल्क दिये जाते हैं

साथ ही बालाजी महाराज का सुन्दर संकीर्तन हुआ जिसमे मुस्कान सवारियां, विक्की जांगड़ा द्वारा सुन्दर सुन्दर भजनों का गुणगान किया साथ ही रिंकू महादेव द्वारा सुन्दर सुन्दर झाकियों प्रस्तुत की गई

इस अवसर पर मुख्य रूप हर्षित कोचर, नवीन तनेजा, रमेश गुप्ता, बल्लू शाह,बलदेव राज कात्याल, वंश,सैंटी,खुशाल,सुनील निमड़ी, राजेश गोयल, नमन गोसाई,पंडित नरेश कौशिक,अमित कौशिक एवं अन्य भक्तजन उपस्थित रहे

# रेल मंत्रालय ने फिरोजपुर - नई दिल्ली वाया बठिंडा नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने को दी मंजूरी

**मन्नू शर्मा पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,2 नवंबर : रेलवे विभाग ने पंजाब के फिरोजपुर से नई दिल्ली वाया बठिंडा के बीच एक नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है।जिसकी मंजूरी दे दी है। रेलवे विभाग के एक अधिकारी के अनुसार नई ट्रेन संख्या 26461-26462 फिरोजपुर -नई दिल्ली के बीच चलेगी। ट्रेन का ठहराव फरीदकोट, बठिंडा ,धूरी, पटियाला, अंबाला कैंट , पानीपत व नई दिल्ली स्टेशनों पर रहेगा। ट्रेन चलाने की समय-सारणी भी जारी कर दी गई है। यह ट्रेन फिरोजपुर से सुबह 7.35 बजे रवाना होकर नई दिल्ली दोपहर



2.35 बजे पहुंचेगी जबकि नई दिल्ली से फिरोजपुर के लिए सायं 4 बजे चलकर रात 10.35 बजे पहुंचेगी।वहीं, रेलवे विभाग ने ट्रेन संख्या 22485-22486 नई दिल्ली - मोगा वाया लुधियाना इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार फिरोजपुर तक करने की भी सहमति प्रदान कर दी गई है। सूत्रों का कहना है कि यह ट्रेन 4 नवंबर को चलेगी।

# शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष पद के लिए दोबारा उम्मीदवार घोषित किए जाने पर एडवोकेट धामी ने शिरोमणि अकाली दल नेतृत्व और सदस्यों का आभार व्यक्त किया

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 2 नवंबर : शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों के वार्षिक आम चुनाव हेतु शिरोमणि कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक के बाद, एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने गुरु साहिब का धन्यवाद किया और पार्टी नेतृत्व तथा शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल सहित सभी सदस्यों का अध्यक्ष पद के लिए उनके नाम की पुनः घोषणा के लिए आभार व्यक्त किया। एडवोकेट धामी ने कहा कि गुरु साहिब के आशीर्वाद और सदस्यों के सहयोग से वे पिछले 4 वर्षों से सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर पुनः विश्वास जताना उनके लिए गर्व की बात है, साथ ही यह उनकी ज़िम्मेदारियों में भी वृद्धि है। उन्होंने कहा कि गुरु साहिब के आशीर्वाद से वे सदैव पंथिक भावनाओं का प्रतिनिधित्व करने का प्रयास करते रहेंगे।



शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी मीडिया से बात करते हुए व अन्य।

# पूर्व हॉकी कप्तान रानी रामपाल ने CA संग रचाई शादी, जीवन की नई पारी हुई शुरू

कुरुक्षेत्र की शाहबाद संघर्ष से सफलता का सफर तय करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान और पद्मश्री रानी रामपाल अब जीवन की नई पारी की शुरूआत कर चुकी हैं. रविवार को उन्होंने कुरुक्षेत्र के चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज के साथ सात फेरे लिए. शादी का भव्य समारोह स्थानीय पाल प्लाजा में आयोजित किया गया, जो खेल और ग्लैमर के सितारों से जगमगा उठा.

कुरुक्षेत्र की शाहबाद संघर्ष से सफलता का सफर तय करने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान और पद्मश्री रानी रामपाल अब जीवन की नई पारी की शुरूआत कर चुकी हैं. रविवार को उन्होंने कुरुक्षेत्र के चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज के साथ सात फेरे लिए.

रानी रामपाल को आशीर्वाद देने के लिए हॉकी और बॉक्सिंग जगत की कई बड़ी हस्तियां कुरुक्षेत्र पहुंचीं. रानी के पहले कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित बलदेव सिंह ने विवाह की रस्में, विशेषकर कन्यादान की रस्म निभाई. बलदेव सिंह ने कहा, रानी ने देश के लिए जो किया, उससे बड़ा कोई कन्यादान नहीं हो सकता. मैं आज बेहद खुश हूं.

# उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक मोहित चंद्रा ने अमृतसर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण दौरा किया

**(रघुनंदन पराशर जैतो दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो,2 नवंबर : फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में एतवार को बताया कि उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक श्री मोहित चंद्रा ने आज अमृतसर रेलवे स्टेशन का दौरा किया, निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अमृतसर स्टेशन के होनेवाले पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की। अमृतसर स्टेशन के पुनर्विकास के जगह को चिन्हित कर लिया गया है जिसका उन्होंने बारीकी से अवलोकन किया। सकुर्लेटिंग एरिया, वातानुकूलित तथा गैर वातानुकूलित प्रतीक्षालय, एस्केलेटर और लिफ्ट का प्रावधान, दिव्यांगजन-अनुकूल वातावरण, मुख्य प्रवेश द्वार की ओर बेहतर परिसंचरण के साथ एक विशाल पार्किंग क्षेत्र का प्रावधान, सुचारू यातायात प्रवाह और यात्री सुविधा सुनिश्चित करने के लिए अलग-अलग ड्रॉप-ऑफ और पिक-अप लेन का प्रावधान, नए प्लेटफॉर्म, फुट ओवर ब्रिज आदि सुविधाएँ प्रदान की जाएगी। अपर महाप्रबंधक श्री मोहित चंद्रा ने कहा कि यह परियोजना न केवल स्टेशन को आधुनिक और यात्री-अनुकूल बनाएंगी, बल्कि यात्रियों को वैश्विक स्तर की सुविधाएं प्रदान करने में भी मील का पत्थर साबित होंगी।इस निरीक्षण में मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार, सीएओ/कंस्ट्रक्शन श्री एस. मिश्रा, वरिष्ठ मंडल अभियंता (III) श्रीमती नवलप्रीत कौर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री परमदीप सिंह सैनी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक मोहित चंद्रा रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए व अन्य।

# असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन अगला पड़ाव फरीदकोट के लिए रवाना हुआ ,जगह जगह पर भव्य स्वागत

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 2 नवंबर : नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शताब्दी के उपलक्ष्य में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा शहीदी नगर कीर्तन गुरुद्वारा धोबरी साहिब असम से शुरू हुआ और विभिन्न शहरों से होकर गुजरा। आज श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की छत्रछाया गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब, श्री मुक्तसर साहिब में रखी गई और पंज प्यारे साहिबों के नेतृत्व में यह अपने अगले पड़ाव गुरुद्वारा खालसा दीवान फरीदकोट के लिए रवाना हुई।

नगर कीर्तन रवाना होने से पहले, श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी जत्थे ने गुरुद्वारा श्री दरबार साहिब, श्री मुक्तसर साहिब में सुसज्जित धार्मिक हॉल में गुरबाणी कीर्तन किया और सचखंड श्री हरमंदिर साहिब के ग्रंथी सिंह साहिब ज्ञानी केवल सिंह ने नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत का इतिहास संगत के साथ साझा किया। नगर कीर्तन रवाना होने से पहले, पंज प्यारे साहिबानों और उपस्थित प्रमुख हस्तियों को सिरोपा भेंट किए गए। नगर कीर्तन में शिरोमणि कमेटी के महासचिव शेर सिंह मंडवाला, सदस्य जत्थेदार कौर सिंह, अवतार सिंह वनवाला, नवतेज सिंह कौनी, शिरोमणि अकाली दल के जिला अध्यक्ष और पूर्व विधायक कंवरजीत सिंह रोजी बरकंदी, पूर्व सांसद जगमीत सिंह बराड़, अतिरिक्त सचिव गुरिंदर सिंह मथरेवाल, प्रीतपाल सिंह, प्रभारी बलजीत सिंह, भोला सिंह हीरेवाला, मुख्य प्रचारक भाई सरबजीत सिंह ढोटियां, श्री दरबार साहिब के उप प्रबंधक कुलवंत सिंह, प्रबंधक निर्मलजीत सिंह, पूर्व प्रबंधक बलदेव सिंह, पूर्व इदरबारा सिंह, पूर्व सुपरवाइजर सुमेर सिंह बादियां सहित संगत उपस्थित थी।




असम से शुरू हुआ शहीदी नगर कीर्तन अगले पड़ाव के लिए रवाना होने का दृश्य।

# 78वां निरंकारी संत समागम मानव सौहार्द और विश्वबंधुत्व का अनूठा दृश्य

## परमात्मा के अहसास से सरल होगा आत्ममंथनः- सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

**(रघुनंदन पराशर दैनिक समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब)**

जैतो, 2 नवम्बर : "आत्ममंथन केवल साधारण सोचने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की साधना है जो परमात्मा के अहसास से सरल हो सकती है।ह्लह्ल यह उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के दूसरे दिन उपस्थित विशाल मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।इस चार दिवसीय संत समागम में देश-विदेश से लाखों की संख्या में मानव परिवार एकत्रित हुआ है और सौहार्दपूर्ण व्यवहार से मानवता एवं विश्वबंधुत्व का दृश्य साकार कर रहा है।सतगुरु माता जी ने आत्ममंथन के वास्तविक भाव को समझाते हुए फरमाया कि कई बार हम भावनाओं के अधीन होकर किसी आसान कार्य को भी जटिल बना देते हैं जबकि प्रभु का सिमरण रूप में अहसास आते ही मन में अकर्ता भाव प्रकट होता है जिससे मन शांत होकर हर कार्य सहजता से पूर्णता की ओर बढ़ता है।सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि दिन भर में कई बातें हमारे सामने आती हैं जिन्हें हम देखते हैं, सुनते हैं, सोचते हैं और कई बार किसी के मधुर वचन हमें मोह लेते हैं, कई कटू वचन मन को ठेस पहुंचाते हैं। पर कौनसी बात ग्रहण करनी है और कौन सी बात मन से निकाल देनी है इसका चुनाव व निर्णय हमे स्वयं ही करना होता है। ब्रह्मज्ञानी महात्मा अपने विवेक से सकारात्मक चुनाव करके जीवन में शांति और सुकून प्राप्त करते हैं।



सतगुरु माता जी ने उदाहरण द्वारा समझाया कि जिस तरह किसी हिल स्टेशन के कुछ पॉइंट्स पर हमारी आवाज टकराकर उन पहाड़ों पर अथवा वहां की अन्य वस्तुओं पर कोई भी प्रभाव न डालते हुए प्रतिध्वनि के रुप में लौटक र वापस आ जाती है, उसी प्रकार हम दूसरों से जैसा व्यवहार करते हैं उसकी प्रतिक्रिया लौटक र हमारे पास ही आ जाती है। हमारे व्यवहार से उस व्यक्ति के उपर कोई प्रभाव हुआ अथवा नहीं यह अलग बात है, पर परिणाम स्वरूप हमें उसकी प्रतिक्रिया का सामना अवश्य करना पड़ता है। इसलिए हमारा व्यवहार इस तरह का हो जिसकी प्रतिक्रिया हमारे लिए सुखदायी हो।सतगुरु माता जी ने अंत में कहा कि आत्ममंथन वास्तव में स्वयं के सुधार का मार्ग है। जब मन निरंकार से जुड़ता है, तो भीतर की शांति और बाहर का व्यवहार दोनों दिव्यता से भर जाते हैं।इसके पूर्व आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी ने समागम में अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि धार्मिक क्षेत्र में परमात्मा के बारे में अलग-अलग दृष्टिकोण देखने-सुनने को मिलते हैं। वास्तव में परमात्मा एक ऐसा सत्य है जो पहले भी सत्य था, आज भी सत्य है और आगे भी सत्य ही रहेगा। यह एक सार्वभौमिक सत्य है, इसके बारे में अलग अलग दृष्टिकोण का प्रश्न उत्पन्न नहीं हो सकता। जैसे सूरज पूर्व से उदय होता है यह एक प्राकृतिक सत्य होने पर इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती। इसलिए पूरी मानवता के लिए यह एक आत्ममंथन की बात है कि परमात्मा के बारे में जो अलग-अलग दृष्टिकोण रखे जा रहे हैं, उन्हें परम सत्य नहीं माना जा सकता। वेद, ग्रंथ, शास्त्र इस बात का प्रमाण देते हैं। इसलिए परमात्मा की पहचान करके ही सार्वभौमिक सत्य को जाना जा सकता है और जानने के उपरान्त समझ में आता है कि यह परम सत्य प्रत्येक जीव के लिए एक ही है। इस सत्य को जानने का अधिकार हर मानव को है, इस परम सत्य का बोध कराने के लिए ही सत्गुरु धरा पर आते हैं। अतः हर मानव सत्गुरु की अनुकंपा से समय रहते इस सत्य को प्राप्त कर लें।

**निरंकारी प्रदर्शनीः**

संत समागम में आधुनिक तकनीक एवं लाइट्स आदि का इस्तेमाल करते हुए अत्यंत आकर्षक बनाई गई निरंकारी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केन्द्र बनीं हुई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निरंकारी प्रदर्शनी में मुख्य प्रदर्शनी, बाल प्रदर्शनी एवं संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की प्रदर्शनी-इस तरह तीन भाग बनाये गए हैं।मुख्य प्रदर्शनी में मिशन का इतिहास, सतगुरु माता जी एवं आदरणीय निरंकारी राजपिता जी की मानव कल्याण यात्राएं इत्यादि का ब्यौरा प्रस्तुत किया है जबकि तीन विभिन्न मॉडलों द्वारा संत समागम के मुख्य विषय ह्यआत्ममंथनह्ल पर प्रकाश डाला गया है जिससे श्रद्धालुओं को प्रेरणादायी शिक्षा प्राप्त हो रही है।बच्चों के लिए शिक्षाप्रद बाल प्रदर्शनी वर्तमान समय में बच्चों के बारे में जिन समस्याओं का पूरे संसार को सामना कर पड़ रहा है उसका यथार्थ हल प्रस्तुत कर रही है जिसका बच्चों के कोमल मनों पर गहरा प्रभाव देखने को मिल रहा है। निरंकारी मिशन बच्चों को दुनियावी शिक्षा के साथ साथ आध्यात्मिक शिक्षा भी प्रदान कर रहा है।एसएनसीएफ (संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन) प्रदर्शनी में मिशन की सामाजिक गतिविधियों एवं समाज सुधार के कार्यों को विभिन्न मॉडलों द्वारा दशार्या गया है। एसएनसीएफ के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण यह तीन मुख्य उद्दिष्ट हैं जिनको प्रयोग में लाने के लिए मिशन द्वारा देश-विदेश में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों को आयोजित किया जाता है। सादा एवं सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रमों द्वारा समाज सुधार के कार्य भी मिशन द्वारा संचालित हो रहे हैं। समाज उत्थान के लिए मिशन द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न उपक्रमों का ब्यौरा और स्वरूप इस प्रदर्शनी में दृष्टिगोचर होता है।78 वां निरंकारी संत समागम के दृश्य।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसीः। थाना क्षेत्र के रिंग रोड फेज 2 खेवसीपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई, और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि सहती यादव उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम भड़ाव थाना जंसा अपने ही गांव के निवासी रामविलास गुप्ता 40 वर्ष के साथ अकेलवा से लोहरापुर की ओर जा रहे थे। की खेवसीपुर गांव के पास पहुंचते ही अज्ञात वाहन ने टीवीएस मोटरसाइकिल एक्सल में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें रामविलास गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सहती यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल को पंडित दिन दयाल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पूज्य प्रेम भूषण जी महाराज से मिले समाजसेवी मिंटू

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। काशी में आयोजित आदि काशी व्याख्यान व संवाद समग्र भारतीय जीवन दर्शन की महीमा का आयोजन रविवार को बी एस यू में हुआ।मुख्य अतिथि अर्पणा यादव (राज्य महिला आयोग) उपस्थित हो कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रेम मूर्ति पूज्य प्रेम भूषण जी महाराज द्वारा किया गया।काशी पहुंचने पर प्रेम भूषण जी महाराज का काशी आगमन पर उनका स्वागत श्री राम कथा प्रेमी श्रवण कुमार मिश्र उर्फ मिंटू ने किया।संवाद में स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज, आर्चाय ज्ञानेंद्र सापकोटा, आर्चाय मनीषव्याख्यात मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर अपने विचार लोगो के बीच रखे।आयोजक आशुतोष राय,राजीव भटला,रत्नशंकर मिश्र और विनय तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# रामेश्वर क्षेत्र में धूम धाम से मनाया गया शालिग्राम और तुलसी विवाह

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। शालिग्राम व तुलसी का विवाह रविवार को धूमधाम से कराया गया। रामेश्वर , बरेमा, हिरमपुर, जग्गपट्टी, खेवली, जंसा सहित अन्य गांव की महिलाओं ने भजन-कीर्तन के साथ विधि-विधान से तुलसी विवाह संपन्न कराया। इसके बाद महिलाओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। दो मंडपों में महिलाओं ने तुलसी माता व शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया। महिलाओं ने तुलसी माता को सोलह श्रृंगार सामग्री के साथ ही चुनरी आदि चढ़ाई और विवाह की रस्में अदा कर विधि-विधान से पूजन कर विवाह संपन्न कराया। इसके बाद महिलाओं ने तुलसी माता पर चढ़ी बिदी एक-दूसरे को लगाई। विवाह के दौरान युवाओं ने जमकर आतिशबाजी छुड़ाई। निक्की, तन्नू, मान्या,पूजा देवी,प्रियका तिवारी, प्रियंका पटेल,अन्नू सहित अन्य महिलाएं शामिल रही।



# शंकरपुर में शिकायती पत्र की जांच करने पहुंचे टीम संग जॉच अधिकारी

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी।शंकरपुर गांव में विकास कार्यों में हुयी धांधली की शिकायत की जांच करने शनिवार को जांच अधिकारी जिला युवा कल्याण अधिकारी नीतीश कुमार राय टीम संग गांव में पहुंचे।

जांच अधिकारी ने बताया कि शिकायती पत्र में शामिल विकास कार्यों में से 12-15 कार्यो का रेण्डमली स्थलीय जांच आज किया गया है।अब उन कार्यों से सम्बंधित अभिलेखों से मिलान करने के उपरांत जांच रिपोर्ट बनायी जायेगी।जांच टीम में नामित अवर अभियंता जलनिगम और कन्सल्टिंग इंजीनियर भी जांच के दौरान उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि गांव निवासी छोटेलाल यादव ने वित्तीय वर्ष 2015-16, 2024-25 तक गांव में कराये गये विकास कार्यों में बरती गयी वित्तीय अनियमितता की शिकायत 17-4-2025 को जिलाधिकारी वाराणसी से किया था।जिसकी जांच अधिकारी आज टीम के साथ शंकरपुर पहुंचे थे।शिकायत वर्तमान ग्रामप्रधान मुन्ना यादव और पूर्व ग्रामप्रधान मुनकी के खिलाफ की गयी है।

# हरहुआ ग्रामीण क्षेत्र में शालिग्राम व तुलसी विवाह धूमधाम से हुआ सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी । हरहुआ ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं, लड़कियों ने विधि विधान के साथ तुलसी विवाह धूमधाम से मनाया गया।

घर-घर मे तुलसी चौरे को पूरी तरह से साफ सफाई कर झालर,गुब्बारा,लाइटिंग व दीपक लगाकर सजाने का कार्य लड़कियों ने किया।शाम होते ही चौरे पर घी का दिया जलाकर माँ तुलसी की चुनरी ओढ़ाकर पूजन किया गया। विविध प्रकार के नैवेद्य,फल ,फूल ,पकवानों ,गन्ना सहित अन्य सामग्री रखकर महिलाओं ने भोग लगाया साथ मे भगवान विष्णु को नए गन्ने का रसपान कराकर मंगल गीत गाया।

रामेश्वर मन्दिर के पीठाधीश्वर प० अनूप तिवारी ने धार्मिक मान्यता की जानकारी देते हुए कहा कि तुलसी विवाह तीनों लोकों में देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु के मिलन का प्रतीक है।यह विवाह भक्त और भगवान के बीच के प्रेम और समर्पण का महत्व है। माता तुलसी भगवान की परम भक्त थीं। देवी तुलसी की पूजा करने से दाम्पत्य जीवन मे सुख -शांति समृद्धि ,सभी बाधाओं का अंत होता है और अक्षय फल की प्राप्ति होती है।

इस बार एकादशी को भद्रा होने के कारण रविवार को उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र में शुभ मुहूर्त में तुलसी विवाह किया गया।

हरहुआ क्षेत्र के आयर, औरा,मुर्दहा, सुलेमापुर, गुरवट,बेनीपुर,हरहुआ ,भटौली, चक्का ,करोमा ,औसानपुर, बेरवा, अनौरा, मोहनपुर,कोइराजपुर ,पुआरी कला ,काजीसराय, रसुलपुर ,कोइरीपुर में धूमधाम से मनाई गई।इसके बाद महिलाओं ने तुलसी माता पर चढ़ी बिदी एक-दूसरे को लगाई। विवाह के दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। मंजरी, नैन्सी, जानसी, माही, निक्की, तन्नू, भोली, अमीषा,रानी मुन्नी, सहित अन्य लड़कियों ने पूरे उत्साह के साथ नृत्य करते हुए खुशियां मनाई।

# राष्ट्रपति ने पतंजलि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित किया

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज (2 नवंबर, 2025) उत्तराखंड के हरिद्वार में पतंजलि विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की महान विभूतियों ने मानव संस्कृति के विकास में अमूल्य योगदान दिया है। ऋषियों में महानतम महर्षि पतंजलि ने योग के माध्यम से मन की, व्याकरण के माध्यम से वाणी की और आयुर्वेद के माध्यम से शरीर की अशुद्धियों को दूर किया। उन्होंने इस बात पर खुशीजताई कि पतंजलि विश्वविद्यालय महर्षि पतंजलि की महान परंपरा को समाज के लिए आसान बना रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि पतंजलि विश्वविद्यालय योग, आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षा और अनुसंधान का विकास कर रहा है।

# कुलपति डा० रविकेश श्रीवास्तव ने 40 सदस्यीय दल के साथ किया धार्मिक भ्रमण

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी।। विजय भूमि विश्वविद्यालय कर्जत (मुंबई) के कुलपति डा० रविकेश श्रीवास्तव अपने 40 सदस्यीय दल के साथ धार्मिक यात्रा पर काशी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन कर देश और समाज की समृद्धि की कामना की,साथ ही काशी के कोतवाल बाबा कालभैरव, संकट मोचन कर माँ गंगा की आरती में भी शामिल हुए।

यह दल मुख्यतः 1979 एवं 1982 बैच के कृषि विज्ञान संस्थान के बैचमेट्स से बना था। देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया में कार्यरत उनके पुराने सहयोगी भी इस यात्रा में सम्मिलित हुए। सभी ने साथ मिलकर धर्म, संस्कृति और आपसी सौहार्द को सुदृढ़ करने का संकल्प लिया।

ज्ञात हो कि डा० रविकेश श्रीवास्तव हाल ही में 29-30 अक्टूबर को श्रीलंका के शिक्षा मंत्रालय के साथ हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में विजयभूमि विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किये है। वहाँ से सीधे वे 1979-1982 बैच के इस मिलन समारोह में शामिल होने वाराणसी पहुँचे।

काशी प्रवास के दौरान डा० श्रीवास्तव ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक धरोहर विश्व में अतुलनीय है। शिक्षा और अध्यात्म के बीच सेतु बनाकर हम आने वाली पीढ़ियों को एक उज्ज्वल दिशा दे सकते हैं।

इस दल का नेतृत्व कर रहे सुशील मिश्रा के साथ अमिताभ भौमिक, प्रमोद सिंह,सत्येन्द्र उपाध्याय,असीम दत्ता,डॉ जनार्दन यादव, सियाराम यादव,चौरसिया सहित 40 लोग शामिल रहे।

डॉ रविकेश श्रीवास्तव एवं उनकी टीम का काशी आगमन पर एलआईसी विकास अधिकारी सुरेन्द्र त्रिपाठी एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन वाराणसी के जिलाध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने अपनी शुभकामनाएं देते हुए आभार ब्यक्त किया।



# स्वयं सहायता समूह से कृषि आधारित उद्योग को मिलेगा बढ़ावा महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर लिया हिस्सा

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर/ विकासखंड राजगढ़ के ददरा स्थित ढाबा के सभागार में रविवार को दोपहर में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें महिलाओं को कृषि आधारित उद्योग के आधार पर आय अर्जित करने के लिए जय किसान इंस्टिट्यूट आफ रूरल मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी गुड़गांव हरियाणा के द्वारा जानकारी दी गई। ट्रेनर के रूप में डॉ बी .आर. अंबेडकर ग्राम विकास समिति एनजीओ के अध्यक्ष राजा राम राव व सचिव बिंदु देवी और ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बृजेश कुमार भारती ने बताया कि ग्रामीण आजीविका उत्थान मिशन के तहत ग्रामीण स्वयं सहायता समूह से कृषि आधारित उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। प्रशिक्षकों ने बताया कि कार्यशाला के जरिए कृषि उपज की सामग्री में तिलहन और दलहन के साथ सब्जी उत्पादन को गांव से खरीद कर मंहगे दर पर शहर में सीधे विक्रय कर मुनाफा कमाया जा सकता है। इजराइल और भारत के समझौते कोआधार मानकर देश की महिलाओं को सशक्त बनाना है। जय किसान इंस्टिट्यूट संस्था में जुड़ने वाली महिलाओं द्वारा तीन सौ से खाता खोलकर उसमें एक हजार जमा करने पर पच्चीस हजार रुपए का क्रेडिट कार्ड दिया जाएगा। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर बन सके और रोजगार के नए अवसर भी महिलाओं को मिलने लगेंगे।



# धूमधाम से संपन्न हुआ श्री राम कथा अमृत वर्षा का कलश यात्रा

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के यूसुफपुर स्थित माता महाकाली मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा अमृत वर्षा के निमित्त आज भव्य कलश यात्रा निकालकर शुभारंभ किया गया।इस कलश यात्रा में समाजसेविका मीरा राय के द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चन कर हाथी घोड़े ढोल नगाड़े राम लक्ष्मण सीता हनुमान भगवान शंकर राधा कृष्ण माता काली का झांकी निकालकर हाथी घोड़े के साथ कलश यात्रा पूरे नगर में भ्रमण किया गया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से मां काली मंदिर के पुजारी मुकेश जी विनोद मद्धेशिया, तेज बहादुर यादव, डब्बू सिंह यादव, क्षेत्रीय विधायक मन्नू अंसारी तथा हजारों की संख्या में महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।



# प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बाबतपुर-वाराणसी मार्ग पर सुरक्षा के लिए बांस बल्लियां लगाने का कार्य शुरू

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी आगामी 7 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी आगमन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां तेज कर दी है। रविवार की रात से ही बाबतपुर-वाराणसी मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री के रूट पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या बाधा न उत्पन्न हो इसके लिए सड़क के दोनों किनारों पर बांस और बल्लियां संग बैरियर लगाई जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, प्रशासनिक निर्देश पर देर रात से ही मजदूरों की टीम ने काजीसराय बाजार से लेकर हरहुआ तक बांस बल्लियां लगाने का काम प्रारंभ कर दिया। मजदूर सड़क किनारे गड्ढे खोदते और बल्लियां खड़ी करते नजर आए। यह कार्य पूरी रात और सोमवार को भी जारी रहेगा ताकि प्रधानमंत्री के दौरे से पहले पूरी बैरिकेडिंग का काम पूरा हो सके।

बांस बल्लियों की यह व्यवस्था सुरक्षा घेरा बनाने के साथ-साथ सड़क पर घूमने वाले आवारा पशुओं को रोकने के लिए की जा रही है। अक्सर इस मार्ग पर छुट्टा मवेशी सड़क पर आ जाते हैं, जिससे यातायात बाधित न हो। प्रधानमंत्री के काफिले के दौरान ऐसी स्थिति न बने, इसलिए यह कदम उठाया गया है।

इस दौरान प्रशासनिक अमले के साथ पुलिस विभाग के अधिकारी भी रूट निरीक्षण में जुटे हुए हैं। सुरक्षा के मद्देनजर सड़क के दोनों ओर साफ-सफाई, नालों की सफाई और बैरिकेडिंग का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन से पहले क्षेत्र में सड़क किनारों की मरम्मत और सौंदर्यीकरण का काम भी तेज हो गया है। वहीं, प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान अनावश्यक रूप से रूट पर न आएं और सहयोग करें ताकि यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो सके।



# गंभीर मामलों में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त के घर एवं सार्वजनिक स्थल डुगडुगी बजवाकर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**अभय कुमार मिश्रा, समाज जागरण,**
**ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 2 नवम्बर 2025ः सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत आदित्यपुर थाना क्षेत्र में दर्ज गंभीर मामलों में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त सौरभ कुमार सिंह उर्फ कैटरीना, पिता राजेश सिंह, निवासी कल्पनापुरी, नियर नगर निगम, थाना आदित्यपुर, जिला सरायकेला-खरसावां के विरुद्ध पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की है.

माननीय न्यायालय, सरायकेला-खरसावां द्वारा जारी इश्तेहार के अनुपालन में पुलिस ने शनिवार को डुगडुगी बजवाकर अभियुक्त के घर एवं सार्वजनिक स्थल आदित्यपुर सब्जी बाजार में इश्तेहार चिपकाया. इस दौरान आमजन को सूचित किया गया कि उक्त अभियुक्त के संबंध में किसी को कोई जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं.

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यदि अभियुक्त निर्धारित तिथि तक आत्मसमर्पण नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध विधिपूर्वक कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी.

वहीं, आदित्यपुर थाना प्रभारी बिनोद तिर्की ने बताया कि कानून से ऊपर कोई नहीं है. फरार अभियुक्तों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा. पुलिस की यह कार्रवाई फरार अपराधियों के लिए सख्त संदेश है कि न्याय से बचना असंभव है.



# चोरी की चौदह एंड्रॉयड स्मार्टफोन के साथ दो गिरफ्तार

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। पुलिस ने मुखबिर की सुचना पर वीरापट्टी रेलवे स्टेशन के पास से आज भोर में लगभग तीन बजे ट्रेनों में यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करने एवं फ्लीप कार्ड एवं अमेजन ऐप के माध्यम से चोरी के मोबाइल एक्सचेंज करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास 14 एंड्रॉयड फोन बरामद कर विधिक कार्रवाई कर रही है।

मिली सुचना के आधार पर थाना प्रभारी बड़ागांव अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षकों पंकज सिंह चौहान, रंजीत कुमार, अमन यादव एवं कांस्टेबल आनन्द सिंह, सूर्यनाथ यादव,प्रिंस यादव के साथ उपरोक्त गिरफ्तारी स्थल के पास से देवरिया जिले के बरहज थाना क्षेत्र के कोटवा रामपुर निवासी राहुल राजभर एवं नीरज शर्मा निवासी मावना गढ़वा थाना बरहज जनपद देवरिया को हिरासत लेकर उनके पास से 14 स्मार्टफोन बरामद किया है। पुलिस की पुछताछ में पकड़े गए अभियुक्तों ने बताया कि हम आपस में दोस्त हैं एवं हम दोनों अलग-अलग ट्रेनों एवं रेलवे स्टेशनों पर चार्जिंग में लगे फोन को चोरी करने के साथ ही आन लाइन ऐप के माध्यम से नया मोबाइल प्राप्त कर सिम कार्ड को दुसरे फोन में डालकर खाता धारक के बैंक खाते से धनराशि निकाल लेते हैं।



# मीरजापुर जिले में भव्य तरीके से बनाया जा रहा अंत्येष्टि स्थल

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ ब्लॉक के देवपुरा गांव में भव्य तरीके से बनाया जा रहा अंत्येष्टि स्थल। पूरे जिले में ऐसा कहीं भी नहीं है। देवपुरा गांव के ग्राम प्रधान पंकज सिंह ने बताया कि इसकी लागत लगभग चौबीस लाख है लेकिन लागत बढ़ती ही जा रही है। क्योंकि इतना विशाल और बड़ा अंत्येष्टि स्थल पूरे जिले में भी नहीं है देखने में बहुत बड़ा बनाया जा रहा है जहां पर गांव में शव को जलाने के लिए लोग मिजार्पुर चुनार और बनारस जाकर लोग अंत्येष्टि स्थल पर पहुंचते हैं और हजार रुपए का खर्चा होता है। गांव में यह सुविधा सरकार द्वारा ग्राम प्रधान के माध्यम से बनाया जा रहा है। जहां पर ग्रामीणों को लागत नाम मात्र का आएगा। ग्राम प्रधान पंकज सिंह ने बताया कि यहां पर पानी के लिए अंत्येष्टि स्थल पर आए हुए लोगों को नहाने के लिए बोरिंग की व्यवस्था कर दी गई है।समरसेबल लगा दिया गया है इसके अलावा उठने बैठने के लिए अन्वेषी स्थल में मकान भी बनवाया गया है इसके अलावा चारों तरफ बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया गया है। आने जाने कच्चे रास्तों को मोरंग और गिट्टी डाल कर दुरुस्त किया जा रहा है। जिससे आने-जाने वाले ग्रामीणों को सहूलियत मिल सके। गांव में चारों तरफ कच्चे रास्ते के सड़कों को पक्का बनाने का काम चल रहा है। ग्राम प्रधान ने कहा कि गांव की समस्या को खत्म करना हमारा प्रथम लक्ष्य है। राजगढ़ ब्लाक के लगभग 83 ग्राम पंचायत मे दो दर्जन के आसपास अंत्येष्टि स्थल बनाए जा चुके हैं। एक लेकिन ऐसा अंत्येष्टि स्थल देवपुरा गांव के अलावा कहीं भी नहीं है देवपुरा गांव के बाद गढ़वा गांव का नंबर आता है जहां का अंत्येष्टि स्थल भव्य बनाया गया है।धनसीरिया निकरिका बॉर्डर पर बनाया गया अंत्येष्टि स्थल पर चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है ग्राम प्रधान के ध्यान न देने से चारों तरफ बड़े-बड़े घास ऊग गए हैं।



विकासखंड राजगढ़ ब्लाक के देवपुरा गांव में बनाया जा रहा अंत्येष्टि स्थल

# गृहकलह ने ली जान: ऑटो चालक ने की आत्महत्या

**समाज जागरण अतुल सोनी**
**चोलापुर वाराणसी**

चोलापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सभा गोसाईपुर मोहांव में शनिवार को एक हृदयविदारक घटना सामने आई। पारिवारिक तनाव से जूझ रहे राहुल उर्फ मोनू गुप्ता (34 वर्ष) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राहुल पेशे से ऑटो चालक था और तीन भाइयों में सबसे बड़ा होने के नाते पूरे परिवार की जिम्मेदारी उसी के कंधों पर थी गुरुवार को घरेलू विवाद के चलते राहुल नाराज होकर अपने पुराने घर से निकल गया था। जब शनिवार शाम तक वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। उसके छोटे भाई रोशन और विकास ने खोजबीन करते हुए देखा कि वह अपने नए मकान के ग्रिल से साड़ी के फंदे के सहारे लटका हुआ था। यह स्थान पुराने मकान से लगभग 800 मीटर की दूरी पर स्थित है घटना की सूचना मिलते ही चोलापुर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। शव की स्थिति देखकर अनुमान लगाया गया कि राहुल ने शुक्रवार सुबह ही आत्महत्या कर ली थी। शव फूल गया था और दुर्गंध भी फैल रही थी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि घटना 24 घंटे से अधिक पुरानी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है राहुल के असमय निधन से परिवार में कोहराम मच गया है। उसकी पत्नी सरिता गुप्ता, मां अनीता गुप्ता और दोनों मासूम बच्चे 9 वर्षीय बेटी परी उर्फ दिव्या और 7 वर्षीय बेटा आयुष गहरे सदमे में हैं। राहुल के जाने से न सिर्फ एक परिवार का सहारा छिन गया, बल्कि दो मासूम बच्चे अनाथ हो गए।



# विधायक कृष्णानंद राय की मूर्ति का अनावरण व स्वर्गीय कृष्णानंद राय स्मृति सभागार का उद्घाटन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के भांवरकोल विकासखंड परिसर में रविवार को मंदिर में मूर्ति के अनावरण के बाद भंडारा,स्वर्गीय विधायक कृष्णानंद राय की मूर्ति का अनावरण व स्वर्गीय कृष्णानंद राय स्मृति सभागार का उद्घाटन मुख्य अतिथि के हाथों किया गया ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बलिया वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि पैसे और पिस्तौल के विरुद्ध कृष्णानंद राय ने लड़ाई लड़ी लोकतंत्र की जगह जब पिस्तौल की चल रही थी तो कृष्णानंद राय ने उसका प्रतिवाद किया और उनकी हत्या कर दी गयी लेकिन वे दिलो में जिंदा रहेंगे।इस क्षेत्र के लोगो को गौरवान्वित रहना चाहिए कि भांवरकोल की धरती दुनिया की सबसे उपजाऊ मिट्टी है।मैं संसद में जब मोटे अनाज प्राकृतिक खेती की बात करता था तो सब हँसते थे लेकिन आज इसी की बात होती है।पैसे और पिस्टल से लोकतंत्र पर कब्जा करने का प्रयास करने वालो के पास साहस नही होता है।

विशिष्ट अतिथि विधायक सुशील सिंह ने कहा कि ऐसे वीर पुरुष जिनकी शहादत की चर्चा देश मे हुई वह दिन मुहम्मदाबाद ही नही पूर्वांचल के सभी नौजवानों के दिलो में गूंजता है।एक ऐसी शख्सियत जिसने देश के सबसे बड़े आतंकवादी के विरुद्ध आवाज उठाने का कार्य किया।हमने कहा था कि उनको मारने का कार्य एक व्यक्ति नही कर सकता सरकारों ने उन्हें मारा।मैने कहा था कि जेल में भी सर्जिकल स्ट्राइक होती है और हुई अब इन्हें जड़ से मिटाने के लिए यहां भाजपा को जिताना होगा।अब कृष्णानंद की मूर्ति का अनावरण उनके शहादत स्थल पर करना चाहूंगा। मूर्ति अनावरण के अवसर पर मशहूर गायक गोलू राजा और ऋतु राय ने अपने गीतों से शमां बांध दिया ।इस अवसर पर।संचालन सशांक शेखर राय और अध्यक्षता ओमप्रकाश राय भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया।इस अवसर पर धर्मेंद्र सिंह कृष्णविहारी राय सुनील सिंह,अजीत सिंह, जयशंकर राय,ब्लाक प्रमुख बाराचवर बृजेन्द्र सिंह,ब्लाक प्रमुख मुहम्मदाबाद अवधेश राय,ब्लाक प्रमुख रेवतीपुर राहुल राय,ब्लाक प्रमुख भांवरकोल श्रीमती श्रद्धा राय, भाजपा नेता आनंद राय मुन्ना,वीरेंद्र राय अरविंद राय अभियंता,प्रदीप राय डायरेक्टर वैष्णवी ग्रुप, जिला पंचायत अध्यक्ष मऊ मनोज राय,भाजपा नेता अशोक सिंह,अवधेश राजभर सतीश चंद्र राय समेत हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।





# लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने दिल्ली कैंट स्थित आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल के कमांडेंट का पदभार संभाला

**समाज जागरण**

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाओं में लगभग चार दशकों के अनुभवी कुशल ईएनटी सर्जन लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने 01 नवंबर, 2025 को आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल (आर एंड आर), नई दिल्ली के कमांडेंट के रूप में पदभार ग्रहण किया।

सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे के पूर्व छात्र, वह अपने साथ प्रमुख प्रशासनिक और कमान नियुक्तियों में नैदानिक विशेषज्ञता, नेतृत्व और अनुभव का एक समृद्ध मिश्रण लेकर आए हैं। उन्होंने बेस अस्पताल, दिल्ली कैंट और कमांड अस्पताल, लखनऊ में वरिष्ठ सलाहकार सहित महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। अपने शानदार करियर के दौरान, लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने अनुकरणीय नेतृत्व और समर्पण का परिचय दिया है और सीओएएस, सीआईएससी और जीओसी-इन-सी प्रशस्ति कार्ड सहित कई पुरस्कार अर्जित किए हैं।

कमांडेंट के रूप में उन्होंने पूरे कमांड अस्पताल (उत्तरी कमान) उधमपुर को एक नए, अत्याधुनिक अस्पताल भवन में स्थानांतरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पत्रकार को धमकी देने वाले पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष के खिलाफ मामला दर्ज, पत्रकारों ने किया रोष प्रदर्शन व पुतला दहन का किया ऐलान, थाना प्रभारी को संयुक्त रूप से सौंपा ज्ञापन...

**समाज जागरण**

शहडोल। पत्रकारों की सुरक्षा और प्रेस की स्वतंत्रता से जुड़ा एक बड़ा मामला जिले में सामने आया है। नगर पालिका से जुड़ी खबर प्रकाशित होने से नाराज होकर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं नगरपालिका धनपुरी अध्यक्ष पति इंद्रजीत सिंह छाबड़ा पर धनपुरी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। वरिष्ठ पत्रकार कैलाश लालवानी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294 और 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। इस घटना से पत्रकार समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में बुढार क्षेत्र के पत्रकारों ने 4 नवंबर को दोपहर 1 बजे कॉलेज तिराहे पर शांतिपूर्ण तरीके से इंद्रजीत सिंह छाबड़ा का पुतला दहन करने का निर्णय लिया है। पत्रकारों ने थाना बुढार को आवेदन देकर प्रशासन से अनुमति मांगी है। पत्रकार कैलाश लालवानी ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद कर्मचारियों द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी किए बिना ड्रेस वितरण में की गई अनियमितता पर समाचार प्रकाशित किया था, इसी बात से नाराज होकर इंद्रजीत सिंह छाबड़ा ने उन्हें फोन पर गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी, इस घटना से पत्रकार समुदाय में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में बुढार क्षेत्र के पत्रकारों ने 4 नवंबर को दोपहर 1 बजे कॉलेज तिराहे पर शांतिपूर्ण तरीके से इंद्रजीत सिंह छाबड़ा का पुतला दहन करने का निर्णय लिया है। पत्रकारों ने थाना बुढार को आवेदन देकर प्रशासन से अनुमति मांगी है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पूरी तरह से शांतिपूर्ण और कानून-व्यवस्था का पालन करते हुए किया जाएगा.... पत्रकार संगठनों ने इस प्रकरण को मीडिया की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया है ,और शासन-प्रशासन से आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि कार्रवाई नहीं की गई तो जिलेभर के पत्रकार सामूहिक रूप से आंदोलन करेंगे... वहीं, आम नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि प्रेस लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और उसे डराने-धमकाने की कोशिशें निंदनीय हैं। यह मामला न केवल पत्रकारों की सुरक्षा बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों की परीक्षा भी है।

## हत्या की घटनाएं बढ़ा रही लिव इन की इच्छा : कानपुर में युवती की हत्या

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। युवक युवतियों में कथित प्रेम के फलस्वरूप लिव इन में रहने की इच्छा का परिणाम हत्या की घटनाएं लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में एक और युवती को मौत के घाट उतार दिया गया। पुलिस घटना में संबंधित युवक की तलाश कर रही है। लिव इन के दौरान हत्या की घटना का यह मामला रायपुरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुरवा इलाके का है। पुलिस के मुताबिक भारती पिछले करीब आठ सालों से एक युवक के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी । मौके पर पहुंची पुलिस को पड़ोसियों ने बताया कि यह मकान पिछले पांच दिनों से बंद था, जिससे किसी को भी अनहोनी की आशंका नहीं हुई। इस घटना की जानकारी तब हुई जब मोहल्ले के कुछ लोगों ने भारती के घर के दरवाजे के बाहर से खून बहता देखा तो उनके होश उड़ गए. उन्होंने तुरंत इसकी सूचना रायपुरवा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद होने पर पुलिस ने उसे तोड़ा तो अंदर का मंजर देखकर पुलिसकर्मी भी सन्न रह गए। कमरे में खून बिखरा पड़ा था और भारती का शव बेड के नीचे कपड़ों के ढेर में छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने बताया कि इस घटना के बाद से ही भारती का लिव-इन पार्टनर फरार है, जिससे हत्या का शक उसी पर गहरा गया है। पुलिस उसकी तलाश में लगातार कर रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना लिविंग में रहने का ही परिणाम है ,जिसकी सटीक जानकारी फर्द युवक की गिरफ्तारी के बाद ही मिल पाएगी। उसकी तलाश लगातार की जा रही है। अवगत कराते चलें कि यह मामला पहले नहीं है। इसके पहले भी लिव इन के दौरान हत्या की घटनाएं हो चुकी है।

# भारत की एकता और राष्ट्र निर्माण में सरदार पटेल की थी महत्वपूर्ण भूमिकाः अग्रवाल

**समाज जागरण विजय तिवारी**

उमरिया। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय माय भारत के माध्यम से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित सरदार 150 यूनिटी मार्च को लेकर भाजपा कार्यालय उमरिया में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, जिला युवा अधिकारी आदित्य सिंह और कार्यक्रम के संयोजक और भाजयुमो के अध्यक्ष अमित सिंह मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ने बताया कि लौह पुरुष सरदार पटेल के द्वारा आजाद भारत की शुरूआती समय में अलग-अलग पड़े रियासतों को एक करने का काम किया है। सरदार पटेल ने भारत में एकता और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी को लेकर भारत सरकार ने युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के द्वारा सरदार 150 यूनिटी मार्च की शुरूआत की है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य की भावना को जागृत करना है।अग्रवाल ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। जिसमें जिला स्तरीय पदयात्राएं निकल जाएगी हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में तीन दिन तक



8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा का आयोजन होगा। इसके अलावा सरदार पटेल की जीवन और उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण में किए गए कार्यों के विषय में निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक का आयोजन कराया जाएगा। इसके साथ ही युवाओं के बीच नशा मुक्त भारत की शपथ, संस्थानों में स्वदेशी मेलों का आयोजन, गर्व से कहो स्वदेशी संकल्प दिलाए जाएंगे। इस दौरान योग हेल्थ शिविरों के साथ-साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा चित्र पर श्रद्धांजलि आत्मनिर्भर भारत शपथ सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रमाण पत्र वितरण किया जाएगा। यात्रा का राज्य के केबिनेट मंत्री, सांसद, अन्य जनप्रतिनिधि, स्थानीय प्रशासन, माय भारत और एनसीसी अधिकारी इन यात्राओं का नेतृत्व करेंगे। आयोजित प्रेस वार्ता में प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, युटुब और वेब पोर्टल के पत्रकार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## व्यौहारी में धूमधाम से मनाया गया 70वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। जिले के अंतर्गत विनायक पैलेस, ब्यौहारी में मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।इस अवसर पर विधायक श्री शरद जुगलाल कोल , जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा , नगर परिषद खाड़ अध्यक्ष श्रीमती सुशीला सिंह , नगर पालिका व्यवहारी के अध्यक्ष राजन गुप्ता ,जनपद अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षी सिंह , नगर परिषद उपाध्यक्ष श्रीमती चंद्रकली पटेल , जिला महामंत्री पुष्पेंद्र पटेल , जिला मंत्री नीरज गुप्ता , जिला पंचायत सदस्य दुर्गेश तिवारी , जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र पटेल , SDM ब्यौहारी भागीरथी लहरे , SDOP ब्यौहारी, लोक निर्माण विभाग के अनुविभागीय अधिकारी श्री पांडे तथा समस्त अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में नगर के सम्मानित व्यापारियों की भी भारी सहभागिता रही, जिन्होंने



कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष सहयोग एवं समर्थन प्रदान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने मिलकर अपने प्रदेश को नवाचार, समृद्धि और सद्भावना की दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## SIR प्रक्रिया के बाद सकोला में अलग वार्ड की तैयारी तेज, सकोला निवासी अभिषेक मिश्रा ने कहा – हर वोटर की सही पहचान जरूरी

**समाज जागरण**
**विजय तिवारी अनूपपुर।**

नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सकोला क्षेत्र को जल्द ही एक अलग वार्ड के रूप में घोषित किए जाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। सूत्रों के अनुसार, SIR (Social Impact Report) की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद नगर परिषद प्रशासन ने इस दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। अधिकारियों का स्पष्ट कहना है कि आगामी चरणों में मतदाता सूची के शुद्धिकरण और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। नगर परिषद द्वारा स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं कि BLO (Booth Level Officer) को मतदाता सूची के अद्यतन, सत्यापन और सुधार की पूरी जिम्मेदारी निभानी होगी। यदि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, त्रुटि या पक्षपात पाया जाता है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी इछड की मानी जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी व्यक्ति विशेष के हित में सूची तैयार न हो – बल्कि यह निष्पक्ष, सटीक और पारदर्शी होनी चाहिए।
विशेष रूप से संजयनगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 से 15 को इस बार



प्रशासन ने सघन निगरानी क्षेत्र घोषित किया है। रिपोर्ट के अनुसार, इन वार्डों की मतदाता सूची में वर्तमान में लगभग 4000 नाम दर्ज हैं, जबकि वास्तव में क्षेत्र में केवल करीब 400 निवासी ही स्थायी रूप से रह रहे हैं। यह बड़ा अंतर मतदाता सूची की सटीकता पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। प्रशासन ने निर्देश दिया है कि इन वार्डों में BLO को अधिक मेहनत, जिम्मेदारी और निष्पक्षता से कार्य करना होगा। घर-घर जाकर सत्यापन किया जाएगा ताकि वास्तविक मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित हो सके। नगर परिषद ने यह भी संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में जमीनी निरीक्षण अभियान चलाया जाएगा, जिससे फर्जी प्रविष्टियों को चिन्हित कर हटाया जा सके।
इस संबंध में सकोला निवासी अभिषेक मिश्रा, ने कहा कि यह कदम नगर के भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। अभिषेक मिश्रा का मानना है कि नगर परिषद और नागरिकों का संयुक्त प्रयास ही सही विकास की दिशा तय करेगा। उन्होंने कहा कि सकोला क्षेत्र के लोग लंबे समय से अलग वार्ड की मांग कर रहे हैं, जिससे स्थानीय समस्याओं का समाधान क्षेत्रीय स्तर पर तेजी से हो सके।

## पंचायतों में कृषि भूमि पर अवैध तरीके से हो रही प्लाटिंग

### अवैध कारोबारियों को नहीं है प्रशासन का कोई भय

**समाज जागरण**

शहडोल।जिला मुख्यालय से सटे ग्रामीण क्षेत्रों को भूमि पर इन दिनों माफियाओं की नजर टिकी हुई है। वर्तमान में भू-माफिया ग्रामीण क्षेत्रों की ओर रुख कर अवैध रूप से प्लाटिंग करा रहे हैं। बताया गया कि नियमों का दरकिनार कर व पंचायतों से एनओसी लिए बिना ही प्लाटिंग की जा रही है। भू-माफिया ग्रामीण क्षेत्रों के खेतों को अब नहीं छोड़ रहे और यहां पर भी प्लाटिंग की जा रही है।इन भूमाफियाओं पर शिकंजा कसने की बजाय अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं जिस कारण भू-माफिया ग्रामीणों से कम दाम में जमीन खरीदकर महगे दामों को उसे बेंच रहे हैं। गौरतलब है कि कोइलारी में आश्रम के समीप अवैध प्लाटिंग का कारोबार तेजी से चल रहा है। कृषि भूमि की खरीदी-बिक्री भी जोरों पर है। ग्रामीण क्षेत्रों में एक्टिव भू-माफिया कालोनाइजर एक्ट का पालन न करते हुए कृषि भूमि को परिवर्तित कर प्लाटिंग कर दी है जो कि प्रतिबंधित है। वहीं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की अनुमति के बिना ही कृषि योग्य भूमि की प्लाटिंग कई जगह कर दी गई है। एक्ट के अंतर्गत बिना कॉलोनाइजर लाइसेंस व नियमों के बिना प्लाटिंग नहीं की जानी है। खेती जमीन का डायवर्सन भी जरुरी है। जितनी भी जमीन को खरीदी बिक्री हो रही है, उनमें सिर्फ संबंधित विभाग के अधिकारियों के दफ्तर में आवेदन देकर औपचारिकता निभा दी जा रही हैं। जिसका खामियाजा आम जनता के साथ ही शासन को राजस्व की क्षति के रूप में भुगतना गड़ रहा है। बताया गया कि सुविधा के नाम पर भू-माफिया अधिकारी को कमीशन के तौर पर मोटी रकम व प्लॉट दे रहें है।

**ये कर रहे प्लाटिंग**

जानकारों की माने तो कोइलारी में कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग को अंजाम कोई नहीं बल्कि एक उभरता हुआ चहरा सामने आया है, जिसको सभी अन्ना कहते है। बताया गया है कि अन्ना जो कि पहले तो बड़े भूनाफिया के साथ सिर्फ प्लाट बिकवाने का कार्य करता था लेकिन अब वह खुद ही इस कारोबार को अजाम देने में पीछे नहीं हट रहा है। इस कारोबार में इसका साथ सुभाष भी दे रहा है और अपनी किस्मत आजमा रहा है। इसके साथ ही पर्द के पीछे कई नामचीन चेहरे भी शामिल है।

## बड़ी धूमधाम से मनाया गया संत शिरोमणि नामदेव महाराज जी जयंती समारोह

**समाज जागरण**

शहडोल ।जिले के ब्योहारी नगर में श्री नामदेव विकास परिषद ब्योहारी के तत्वावधान में संत शिरोमणि नामदेव महाराज जी जयंती बड़ी धूमधाम के



साथ मनाया गया जिसमें देवी मंदिर ब्योहारी से नगर भ्रमण करते हुए शोभायात्रा उत्सव पैलेस गांधी मेमोरियल स्कूल न्यू मार्केट ब्योहारी पहुंची जहां संत शिरोमणि नामदेव जी के विचारों पर प्रकाश डाला गया तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में श्री नामदेव विकास परिषद ब्योहारी सभी सदस्य एवं सैकड़ों की संख्या लोग शामिल हुए

# दीपावली के बाद भी जुआ का सिलसिला जारी पुलिस की चुप्पी पर उठे सवाल

**समाज जागरण**

शहडोल। दीपावली के बाद भी शहडोल जिला मुख्यालय से लगे घुनघुटी ,जमुई, बुढ़ार, खैरहा में जुए का बड़ा खेल जारी है। सूत्रों के अनुसार, शहर के कई इलाकों और ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक ताश के पत्तों पर किस्मत आजमाने वालों की भीड़ लग रही है। लाखों रुपये के दांव पर यह अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है, जबकि पुलिस पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दीपावली से शुरू हुआ यह सिलसिला अब रोजमर्रा का खेल बन गया है। सूत्र बताते हैं कि पुराने जुआरी, जिन पर पहले कार्रवाई हुई थी, अब फिर सक्रिय हो गए हैं। यह नेटवर्क शहडोल नगर से निकलकर आसपास के गांवों तक फैल चुका है। जनता का कहना है कि जब नशीली दवाओं और कोरेक्स पर ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई की जा रही है, तो फिर जुआ-सट्टा पर यह नरमी क्यों?

**जनता की मांगः**

मऊगंज और आसपास के क्षेत्रों में चल रहे पूरे जुआ नेटवर्क की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसमें शामिल बड़े संचालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। नागरिकों का कहना है कि जब तक पुलिस ऊपरी स्तर से कार्रवाई नहीं करेगी, तब तक यह अवैध खेल रुकने वाला नहीं है।

## दो आरोपी गिरफ्तार एक की तलाश जारी

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल । शहडोल जिले अंतर्गत ब्योहारी थाना क्षेत्र अंतर्गत 12 अक्टूबर को ऊफरी के जंगल में एक लाश मिलने की सूचना प्राप्त हुई जिसमें मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू की शुरू की तो मृतक की पहचान राजकुमार



साहू वार्ड नंबर चार ब्योहारी की रुप में हुई थी जिसकी जांच को आगे बढ़ाया और नवागत थाना प्रभारी ने बड़ी बूझ और काफी मशक्कत और मेहनत के बाद पुलिस बड़ी सफलता हाथ लगी और मुखबिर सूचना के आधार पर तीन आरोपियों शिनाख्त की गई जिसमें आरोपी विपिन सिंह गोड़,गुरा, रामभजन पाल ग्राम गूरा और अमन पटेल निवासी फूलपुर इलाहाबाद उत्तर प्रदेश के रूप में हुई जिसमें दो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और एक आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## विद्यार्थी खूब पढ़ें आगे बढ़ें तथा देश के विकास में सहभागी बने - विधायक

### विद्यार्थी राष्ट्र के भविष्य के सच्चे निमार्ता - कलेक्टर डॉ. केदार सिंह

### डाइट परिसर शहडोल में मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के डाइट परिसर शहडोल में मध्य प्रदेश की स्थापना दिवस एवं छात्रावास दिवस गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा की यह दिन हमें हमारे गौरवशाली इतिहास, समृद्ध संस्कृति और एकता की भावना की याद दिलाता है। प्रदेश की प्रगति में प्रत्येक नागरिक का योगदान आवश्यक है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा विद्यार्थियों की शिक्षा के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। आपने कहा कि प्रदेश में सांदीपनि विद्यालयों के माध्यम से विद्यार्थियों के समग्र विकास की पहल की गई है। निःशुक्ल पुस्तक,



गणवेश, चार किलोमीटर से अधिक दूरी से स्कूल आने वाले छात्र-छात्राओं को साइकिल, बोर्ड परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने पर लैपटॉप, कक्षा 12वी में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर ई-स्कूटी, छात्रवृत्ति, शिष्यवृत्ति जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। विद्यार्थी खूब पढ़ें आगे बढ़ें तथा प्रदेश एवं देश के विकास में सहभागी बनें। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश देश के 18वें राज्य के रूप में गठित हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रदेश विकास के पथ पर निरंतर अग्रसर है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे कड़ी मेहनत, लगन और मन लगाकर पढ़ाई करें तथा देश की सेवा और प्रगति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र के भविष्य के सच्चे निमार्ता हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव ने भी विद्यार्थियों को सफलता के टिप्स दिए। सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने कहा कि विद्यार्थी भविष्य एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर अध्ययन, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच तथा समय प्रबंधन अपनाएं। मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य आनंद राय सिन्हा, डी. पी. सी. अमरनाथ सिंह, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद विवेक पांडेय सहित संबंधित अधिकारी एवं छात्राएं उपस्थित रही।

## ग्राम बलबहरा हत्या के प्रकरण में पाँच आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

शहडोल। थाना बुढ़ार क्षेत्रांतर्गत चौकी केशवाही अंतर्गत ग्राम बलबहरा में दो पक्षों में पूर्व रंजिश के चलते मार-पीट की घटना घटित हुई थी, जिसमें दो व्यक्ति राकेश तिवारी एवं राहुल तिवारी की मृत्यु होने पर से फरियादिया मृतक की पत्नी निवासी बलबहरा, पुलिस चौकी केशवाही, थाना बुढ़ार की रिपोर्ट पर आरोपी अनुराग शर्मा एवं अन्य अरोपी के विरूद्ध थाना बुढ़ार में अपराध क्रमांक- 655/2025 किया गया था। प्रकरण में 12 आरोपियों की पूर्व में गिरफ्तारी की जा चुकी है। उक्त प्रकरण के शेष फरार आरोपी - 1. निखिल केवट पिता राजाराम केवट, निवासी ग्राम बटुरा, थाना अमलाई, जिला शहडोल, 2. पूरन पाव पिता रामप्रसाद पाव, निवासी ग्राम बटुरा, थाना अमलाई, जिला शहडोल, 3. आरोपी कपिल पाव पिता गोयद पाव, निवासी ग्राम पड़रिया, चौकी केशवाही, थाना बुढ़ार, जिला शहडोल म.प्र. एवं दो बाल अपचारी को बुढ़ार पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की पता-तलाश की जा रही है।

# शहडोल में 6 नवम्बर से श्रीमद् भागवत कथा

**समाज जागरण**

शहडोल। धर्म और भक्ति के समागम स्थल शहडोल में 6 नवम्बर से 12 नवम्बर तक धार्मिक वातावरण की सुगंध गूंजने जा रही है। बुढार रोड शहडोल में स्थित धर्मपालजी के बाड़ा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस सात दिवसीय कथा महोत्सव का शुभारंभ घरौला मोहल्ला के हनुमान मंदिर से दोपहर दो बजे से कलश यात्रा प्रारंभ होकर कथा स्थल धर्मपाल जी का वाड़े तक निकलेगी। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में श्रद्धालु जन श्रीमद् भागवत कथा का महात्म, ध्रुव एवं प्रहलाद चरित्र, बावन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, भगवान श्रीकृष्ण की लीला,रुक्मणि विवाह के साथ सुदामा चरित्र और दिव्य उपदेशों का कथा का अमृतपान श्री श्री 1008 श्री बद्री प्रपन्नाचार्य जी महाराज द्वारा रसपान कराया जाएगा, जो अपने मधुर वाणी और गूढ़ व्याख्यानों से भक्तों को भक्ति भाव में सराबोर करेंगे, वहीं कथा के यज्ञाचार्य पंडित रामसुशील शर्मा शास्त्री जी द्वारा संपन्न कराया जाएगा।

**दोपहर 3 से सायं 7 बजे तक होगी कथा**



श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ 6 नवम्बर गुरुवार को दोपहर 2 बजे कलश यात्रा, व्यास पूजन और श्रीमद् भागवत के महात्म कथा के साथ होगा। श्रीमद् भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक चलेगी। वहीं श्रीमद् भागवत कथा का समापन 12 नवम्बर को होगा तथा 13 नवम्बर को पूणार्हुति, हवन और भंडारा प्रसाद का आयोजन रहेगा। यह आध्यात्मिक आयोजन के मुख्य आयोजक व श्रोता सेवा निवृत्त व्याख्याता चन्द्रशेखर वर्मा हैं जो अपनी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती गायत्री देवी जी की स्मृति में यह आयोजन करा रहे हैं। कथा के संचालन में पार्षद श्रीमती आरती गुप्ता, मनोज टीवीएस शोरूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता, राजेश गुप्ता, योगेश गुप्ता, सुरेश, नरेंद्र, जितेंद्र, सुमित, लक्की, विक्की, हिमांशु, गौरव, सौरभ, शिवांशु, अर्पित,अक्षत और कृपानिधान सहित अनेक श्रद्धालु सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन कर्ता सेवा निवृत्त व्याख्याता चन्द्रशेखर वर्मा एवं मनोज टीवीएस शो रूम के डायरेक्टर मनोज गुप्ता ने सभी धर्म प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे परिवार सहित इस पावन कथा में सम्मिलित होकर श्रीमद् भागवत के दिव्य ज्ञान, भक्ति और आनंद का रसपान कर जीवन को धन्य बनाएं।

# लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने दिल्ली कैंट स्थित आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल के कमांडेंट का पदभार संभाला

सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवाओं में लगभग चार दशकों के अनुभवी कुशल ईएनटी सर्जन लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने 01 नवंबर, 2025 को आर्मी हॉस्पिटल रिसर्च एंड रेफरल (आर एंड आर), नई दिल्ली के कमांडेंट के रूप में पदभार ग्रहण किया। सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज, पुणे के पूर्व छात्र, वह अपने साथ प्रमुख प्रशासनिक और कमान नियुक्तियों में नैदानिक विशेषज्ञता, नेतृत्व और अनुभव का एक समृद्ध मिश्रण लेकर आए हैं। उन्होंने बेस अस्पताल, दिल्ली कैंट और कमांड अस्पताल, लखनऊ में वरिष्ठ सलाहकार सहित महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। अपने शानदार करियर के दौरान, लेफ्टिनेंट जनरल अविनाश दास ने अनुकरणीय नेतृत्व और समर्पण का परिचय दिया है और



सीओएएस, सीआईएससी और जीओसी-इन-सी प्रशस्ति कार्ड सहित कई पुरस्कार अर्जित किए हैं। कमांडेंट के रूप में उन्होंने पूरे कमांड अस्पताल (उत्तरी कमान) उधमपुर को एक नए, अत्याधुनिक अस्पताल भवन में स्थानांतरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) के कमांडेंट के रूप में उनकी नियुक्ति से अस्पताल के मानकों में और सुधार होने की उम्मीद है क्योंकि सशस्त्र बलों और अन्य क्षेत्रों में असाधारण चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के उनके विशाल अनुभव से प्रेरित है। उनका लक्ष्य रोगी देखभाल, चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता को बढ़ावा देकर अस्पताल की विरासत का निर्माण करना है।

# ऐसे 5 फर्मेंटेड फूड जिनसे मजबूत होती है गट हेल्थ, डाइट में करें शामिल

**हमारी सेहत का सीधा रिश्ता पेट से जुड़ा होता है. अगर पेट सही न हो तो शरीर में समस्याएं आने लगती हैं. लेकिन वहीं, अगर पाचन तंत्र सही तरीके से काम कर रहा हो तो जरूरी पोषक तत्व भी मिल जाते हैं और इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत रहता है. इसके अलावा एनर्जी और मूड भी बेहतर रहता है. लेकिन आज कल लोगों की डाइट काफी अनहेल्दी हो गई है. बाहर का जंक फूड खा-खाकर लोगों ने अपनी गट हेल्थ बिगाड़ ली है, जिससे गैस, कब्ज और ब्लोटिंग की समस्या होना आम हो गया है.**




गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए कई ऐसी चीजें हैं जिन्हें आप अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, जिनमें सबसे असरदार हैं फर्मेंटेड फूड्स. ये ऐसे फूड्स है जिनमें नेचुरली बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक्स) की संख्या बढ़ती है. जो पाचन को सुधारने में मदद करते हैं. चलिए जानते हैं किन फर्मेंटेड फूड को आप अपनी डाइट में शामिल करके गट हेल्थ को बेहतर बना सकते हैं.

### चेडर चीज़ का करें सेवन

चेडर चीज़ स्वाद में तो लाजवाब होती ही है, साथ ही पोषक तत्वों से भरपूर भी होती है. इसमें प्रोटीन, फैट, कैल्शियम, फास्फोरस और विटामिन के2 भी पाया जाता है. इसमें कैल्शियम होने की वजह से हड्डियों और दांतों को मजबूत बनाता है. वहीं, विटामिन के5 हार्ट हेल्थ को हेल्दी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. इतना ही नहीं, ये आंतो के कामकाज को भी बेहतर बनाने में हेल्प करता है, जिससे पाचन बेहतर रहता है.

### प्रोबायोटिक अचार भी है लिस्ट में

गट हेल्थ को बेहतर बनाने के लिए प्रोबायोटिक अचार भी काफी फायदेमंद होता है. इसमें बैक्टीरिया ( प्रोबायोटिक) होता है जो अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाने का काम करता है. हालांकि, ध्यान रखें कि सिर्फ फर्मेंटेड और नमक के पानी में बने अचार ही प्रोबायोटिक्स प्रदान करते हैं और गट हेल्थ को बेहतर बनाने में हेल्पफुल हैं.



### किमची भी है अच्छा ऑप्शन

किमची पत्ता गोभी के पत्ते से बनी कोरिया की एक बेहद पॉपुलर डिश है. इसे भी फर्मेंट करके बनाया जाता है, जिसकी वजह से इसमें प्रोबायोटिक्स होते हैं जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को बेहतर करते हैं. इसका सेवन करने से कब्ज , गैस और पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है.



### दही भी है फायदेमंद

NCBI की रिसर्च के मुताबिक, दही भी गट हेल्थ को बेहतर बनाने में मददगार है. इसमें मौजूद प्रोबायोटिक अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं. इससे पाचन दुरुस्त होता है और गट माइक्रोबायोम को बैलेंस करता है. दही में मौजूद Lactobacillus और Bifidobacterium इम्यून सिस्टम को मजबूत करने में हेल्प करते हैं.

### गट हेल्थ के लिए कांजी

कांजी भी गट हेल्थ के लिए एक बेनिफिशियल ड्रिंक है. इसमें नेचुरली प्रोबायोटिक पाए जाते हैं, जो आंत में अच्छे बैक्टीरिया को बढ़ाते हैं और पाचन को दुरुस्त करने में मदद करते हैं. इससे पेट से जुड़ी कई समस्याओं से राहत मिलती है. ये ड्रिंक एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर से भरपूर होती है, जो आंत को हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं.

# फेस्टिव सीजन में मिठाई बनाते समय अपनाएं ये टिप्स

**फेस्टिवल सीजन यानी घर में खुशियां, रौनक और सबसे जरूरी मिठाइयों की मिठास. दिवाली से लेकर भाई दूज सभी त्यौहार या किसी खास अवसर पर कुछ लोग घर पर मिठाई बनाते हैं. हालांकि कई बार मिठाइयों का स्वाद या टेक्सचर सही नहीं आता, जिससे पूरी मेहनत पर पानी फिर जाता है. ऐसे में मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.**

धनतेरस से फेस्टिव सीजन की शुरुआत हो जाएगी और भाई दूज तर देशभर में इसकी धूम देखने को मिलेगी. इस दौरान सभी अपनों घरों को डेकोरेट करते हैं. हर खुशी, सौभाग्य और फेस्टिवल के मौके पर लोग एक दूसरे का मुंह मीठा करवाते हैं. सभी तरह के त्यौहार और पूजा में भी मिठाइयां को भाग भगवान को लगाया जाता है और प्रसाद के रूप में यह बहुत महत्वपूर्ण होती है. इसी तरह दिवाली पर भी लोग एक दूसरे से घर मिठाइयां और गिफ्ट्स देने जाते हैं. मिठाइयों की दुकानों में इस दौरान बहुत भीड़ देखने को मिलती है, उसी तरह कई जगहों से मिलावट की खबरें में सामने आती हैं.

मिठाई बनाते समय कुछ मिलावटखोर अपने फायदे के लिए इसमें मिलावट करते हैं. जिसे खाने के बाद व्यक्ति की सेहत पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है. ऐसे में कई लोग घर पर मिठाई बनाने के बारे में सोचते हैं. लेकिन मिठाई का टेस्ट सही नहीं आ पाता है. दरअसल कई बार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से स्वाद या बनावट खराब हो जाती है. इसलिए मिठाई बनाते समय आपको इन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए.




### सही क्वालिटी के इंग्रीडिएंट्स

सबसे जरूरी बात कि मिठाई बनाने में उपयोग किए जाने वाले इंग्रीडिएंट्स जैसे कि दूध, खोया, मावा, घी, बेसन, चीनी और ड्राई फ्रूट्स यह सभी अच्छी क्वालिटी के हों. बासी या फिर खराब इंग्रीडिएंट्स मिठाई का स्वाद बिगड़ सकते हैं. ताजा दूध और मावा, ताजा देसी घी और साफ चीनी का उपयोग करें. आप बिना मसाले वाले गुड़ का भी उपयोग कर सकते हैं.

### सही क्वांटिटी

मिठाई या फिर कोई भी खाने की चीज बनाते समय इंग्रीडिएंट्स को नाप तौल कर डालना बहुत मायने रखता है. सभी को देखकर रेसिपी के अनुसार माप कर ही डालें. कोई चीज ज्यादा या कम होने से स्वाद खराब हो सकता है. जैसे कि लड्डू बनाते समय घी कम डाला को वह सख्त बनेंगे और ज्यादा डालने से वह बहुत ज्यादा सॉफ्ट बन सकते हैं.

### चीनी की चाशनी का सही टेक्सचर

रसगुल्ला, बर्फी, गुलाब जामुन और जलेबी जैसी मिठाइयों के लिए चाशनी जरूर बनाई जाती है. ऐसे में पहले इसे बनाने की विधि को सही से समझें. 1 तार वाली चाशनी का उपयोग गुलाब जामुन, जलेबी और इमरती और मीठी बूंदी के लिए किया जाता है, तो मिठाई चाशनी को एब्जॉर्ब कर लेती है. वहीं 2 तार चाशनी यूज , गुझिया, मठरी और शकर पारे में डाला जाते हैं, जो परोसते समय ऊपर चढ़ाई जाती है. 3 तार चाशनी का उपयोग बूरा, बर्फी या बताशे बनाने के लिए किया जाता है.

### खोया या मावा घर पर बनाएं

अगर संभल हो तो खोया या मावा बाजार से लाने की बजाय घर पर बनाएं. यह ज्यादा ताजा और शुद्ध होता है और इससे मिठाई का स्वाद भी बेहतर होगा. दूध को धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. जब तक वह मावे जैसा गाढ़ा न हो जाए, पकाते रहें. ध्यान रखें दूध कढ़ाई पर न चिपके.

### ज्यादा मात्रा में न बनाएं

अगर आप पहली बार कोई मिठाई बना रहे हैं, तो कम मात्रा में बनाएं. इसका स्वाद और टेस्चर चेक करें. इससे इंग्रीडिएंट्स खराब नहीं होंगे और आप उसमें सुधार भी कर सकेंगे. मिठाई को एयरटाइट कंटेनर में रखें. मिठाई बनाते समय बर्तन और किचन की सफाई का विशेष ध्यान रखें.

### अपनाएं ये टिप्स

ज्यादातर मिठाइयों धीमी आंच पर पकाई जाती हैं. जिससे कि उनका स्वाद खराब न हो. खोया या बेसन को भूनते समय आंच कम रखें, वरना यह जल सकता है. घी में तले वाली मिठाइयां जैसे कि गुलाब जामुन को धीमी आंच पर ही तलें, ताकि वो अंदर तक ठीक से पक जाए. इसके साथ ही सही बर्तन का उपयोग करें.

# दिल्ली में प्रस्तावित 24 नवंबर के धरने को लेकर शिक्षकों ने भरी हुंकार

**प्रदेश से आए डॉ.संजय सिंह ने शिक्षकों में जोश भरते हुए अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील**



**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जनपद अयोध्या के जिलाध्यक्ष डॉ.संजय सिंह ने रविवार को पीडब्लूडी डॉक बंगला राबर्ट्सगंज सोनभद्र में एक वार्ता में कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों पर जबरन थोपे गए टेट अनिवार्यता कानून के विरोध में आगामी 24 नवंबर को पूरे भारतवर्ष के दर्जनों संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में दिल्ली के जंतर मंतर पर ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस धरने को सफल बनाने के लिए जनपद सोनभद्र के सभी सम्मानित शिक्षक साथियों से विनम्र आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में दिल्ली में उपस्थित होकर इस आंदोलन को सफल बनाएं। डॉ. संजय सिंह के सोनभद्र आगमन पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष रवींद्र नाथ चौधरी ने जनपद के शिक्षकों के साथ उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा सोनभद्र के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय कुमार कुशवाहा, जिला मंत्री रणजीत कुमार, जिला प्रवक्ता आशुतोष सिंह, जिला कोषाध्यक्ष विनोद कुमार, जिला संगठन मंत्री दिलीप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कोन मिथिलेश कुमार गुप्ता, घोरावल ब्लॉक अध्यक्ष अशोक सन्याशी, सदर ब्लॉक अध्यक्ष साधू सिंह, जिला मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी मधुर, दिनेश कुमार, नरेंद्र सिंह, शंकर सहित सैंकड़ों शिक्षक उपस्थित थे।

# सवर्ण आर्मी का उद्देश्य किसी का विरोध न करते हुए समाज में एकता सम्मान और आत्मनिर्भरता बढ़ाना

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**




चोपन/ सोनभद्र। चोपन में सोन पुल के पास सवर्ण आर्मी के जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जनपद भर से सवर्ण समाज के लोग एकत्रित हुए। संगठन का उद्देश्य सवर्ण समाज में एकता, सम्मान और संगठन को मजबूत करना बताया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सवर्ण आर्मी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह फौजी थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह संगठन उन युवाओं की आवाज है जो समाज में समानता, अधिकार और गरिमा चाहते हैं। फौजी ने स्पष्ट किया कि संगठन का उद्देश्य किसी का विरोध करना नहीं, बल्कि अपने समाज को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा, "हमारा उद्देश्य किसी को नीचा दिखाना नहीं, बल्कि स्वयं को ऊपर उठाना है।" विजेंद्र सिंह फौजी ने इस बात पर जोर दिया कि सवर्ण समाज ने देश की संस्कृति, शिक्षा, सेना, प्रशासन और न्याय व्यवस्था को दिशा दी है। उन्होंने कहा कि अब यह समाज अपने मूल्यों की रक्षा के लिए संगठित हो रहा है। उन्होंने बच्चों को परिश्रम, संस्कार और सम्मान की शिक्षा देने पर बल दिया, ताकि वे अपने पूर्वजों के योगदान को न भूलें। फौजी ने आह्वान किया कि हर गांव, नगर और जनपद में सवर्ण आर्मी का झंडा फहराया जाए, ताकि कोई उनके आत्मसम्मान को चुनौती न दे सके। उन्होंने यह भी कहा कि सवर्ण आर्मी किसी राजनीतिक दल का मोहरा नहीं है, बल्कि राष्ट्रवादी सोच वाले सिपाही हैं जो समाज के अधिकार, सम्मान और अस्तित्व के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि सवर्ण समाज अब एकजुट होकर हर अन्याय और उपेक्षा का जवाब संगठन की शक्ति से देगा।

विशिष्ट अतिथि आशीष तिवारी, प्रदेश महासचिव, सवर्ण आर्मी उत्तर प्रदेश ने अपने संबोधन में कहा कि सवर्ण आर्मी का उद्देश्य समाज में समानता, सम्मान और सहयोग की भावना को सुदृढ़ बनाना है। उन्होंने कहा, "समाज को जोड़ना हमारा कर्तव्य है, तोड़ना नहीं। हमें अपने गौरवशाली इतिहास को फिर से जीवित करना है।" कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष शिवदत्त तिवारी ने अपने प्रभावशाली शब्दों में किया, जबकि जिला अध्यक्ष अशोक दूबे ने स्वागत भाषण देते हुए संगठन की योजनाओं और उद्देश्यों का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया।दीप प्रज्वलन, फीता काटकर उद्घाटन और सम्मान समारोह के बीच उपस्थित जनसमूह बार-बार जय सवर्ण आर्मी, जय भारत के नारों से गूंजता रहा। इस अवसर पर मंडल प्रभारी अविनाश शुक्ला, मंडल सह प्रभारी मुकेश चौबे, जिला संयोजक कमला त्रिपाठी, जिला सहसंयोजक विनोद सिंह, जिला संरक्षक शिवपूजन त्रिपाठी, महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष श्रद्धा मिश्रा, जिला प्रभारी आशुतोष मिश्रा, जिला सचिव बमबम दूबे, जिला उपाध्यक्ष कपिलकांत पाठक, बृजकिशोर, जितेंद्र सिंह, जिला सचिव हेमंत त्रिपाठी, अवनीश पांडेय, ललित पाठक, मनोज केशरी, ब्लॉक प्रभारी ऋषभ कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और समाजसेवी उपस्थित रहे।

# करमा ब्लॉक में स्थानांतरण आदेश के बावजूद भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं

**तेजस्वी संगठन न्यास ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी से की शिकायत**

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। तेजस्वी संगठन न्यास ने करमा विकासखंड के राजकीय बीज गोदाम प्रभारी रामेश्वर सिंह के खिलाफ गंभीर अनियमितताओं की शिकायत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी सोनभद्र एवं उप कृषि निदेशक से की है। संगठन ने बताया कि संबंधित कर्मचारी का स्थानांतरण करमा से विकासखंड बभनी (कोरची न्याय पंचायत) में किया जा चुका है, फिर भी वह अब तक अपने पद से रिलीव नहीं हुआ है। आदेश के बावजूद कुर्सी पर बने रहने को लेकर विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

ग्रामीण किसानों द्वारा लगाए गए आरोपों के अनुसार, उक्त कर्मचारी पर बीज वितरण में अनियमितता, किसानों से निर्धारित मूल्य से अधिक धनराशि वसूलना, मनचाहे व्यापारियों को बीज बिक्री, निःशुल्क बीज को भी बिक्री के रूप में दिखाना, जैसे कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। किसानों, सामाजिक कार्यकताओं और संगठनों द्वारा कई बार शिकायतें करने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। तेजस्वी संगठन न्यास के प्रतिनिधियों ने बताया कि मामले की शिकायत IGRS पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय, जिला अधिकारी सोनभद्र, उप कृषि निदेशक एवं कृषि विभाग के प्रमुख सचिव को भी भेजी गई है। संगठन ने मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर तत्काल प्रभाव से भ्रष्ट कर्मचारी को पदमुक्त कर विभागीय कार्रवाई की जाए।

# पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ के छठवें दिन यज्ञ मंडप की परिक्रमा को उमड़ी भीड़

**प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से दी जा रही आहुति**

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। अयोध्या के नंदीग्राम भरतकुंड में रविवार को छठवें दिन पंचकुंडीय विराट रुद्र महायज्ञ में श्रद्धालुओं के जयकारे से समूचा यज्ञ मंडप परिसर गुंजायमान हो गया। यज्ञ मंडप की परिक्रमा को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी जा रही है। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के यज्ञाध्यक्ष भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज के आशीर्वाद से पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज चल रहा है। आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी, राजेश तिवारी, रेवती तिवारी, रामपूजन मिश्र , योगेश तिवारी, कौशल तिवारी व निर्भय शुक्ला द्वारा पंचकुंडीय विराट रूद्र महायज्ञ एवं पूजन कार्य कराया जा रहा है। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से प्रतिदिन आहुति दी जा रही है। आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भिखारी बाबा ने बताया कि जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से प्रतिदिन आहुति दी जा रही है, ताकि प्रकृति सुरक्षा हो सके साथ ही प्रदूषण से मुक्ति मिल सके और वातावरण भी शुद्ध रहे। महंत परमात्मा दास जी महाराज, सम्पूणानंद जी, बजरंग दल अयोध्या के जिला संयोजक सूर्यकांत पांडेय, मुख्य यजमान चोपड़ा चेनराज , कमला शंकर पांडेय,

पवन मिश्र,ओम नरायन पांडेय, अक्षत मिश्र, रमाकांत पांडेय, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, राम खेलावन, खुशहाल मिश्रा, प्रहलाद आदि लोग मौजूद रहे।

# सर्विस लेन सड़क नहीं बना तो सीएम के आगमन पर किया जायेगा घेराव- प्रमोद यादव

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। समाजवादी पार्टी कार्य कताओं ने जिला प्रशासन और भाजपा जनप्रतिनिधियों के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओ ने आरोप लगाया कि रॉबट्र्सगंज में जर्जर सड़कों से लोग घायल हो रहे हैं, स्कूल जाते समय स्कूली बच्चे सायकिल से गिर रहे हैं, जबकि सर्विस लेन सड़क चंडी होटल तक काफी जर्जर हो चुकी है। जबकि सोनभद्र जिला सबसे ज्यादा राजस्व देता है फिर यहां के लोगों के साथ बेहतर सुविधाएं न देकर धोखा किया जा रहा है। भाजपा के जन प्रतिनिधिओं को जनता की सस्याओ से कोई सरोकार नहीं है, जल्द ही भाजपा जनप्रतिनिधि को समाजवादी पार्टी कार्यकताओं द्वारा घेरने का काम किया जायेगा। जर्जर सड़कों से जब बच्चे चोटिल होते हैं तो मां को कितनी पीड़ा होती है, लेकिन भाजपा सरकार मां के दर्द को भी नहीं सुन रही है। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा सोनभद्र में जंगल राज कायम है गड्ढा युक्त सड़के जर्जर सड़के कायम है लेकिन यहां का जिला प्रशासन मौन है और इसी रास्ते पर समाज कल्याण मंत्री और भाजपा के जन प्रतिनिधि जाते हैं लेकिन मुदो आंख कतो कुछ नाहीं वाली कहावत है। भाजपा जन प्रतिनिधि आंख काली पट्टी बांधकर सोए हुए हैं इसलिए हम लोग यहां पर प्रदर्शन कर रहे हैं हम यह भी बताना चाहते हैं भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि अभी कुछ दिन पहले प्रदर्शनी पर बुलडोजर चलवाने का काम किये है। लेकिन उपसा कंपनी पर टोल प्लाजा पर जर्जर सड़कों को लेकर बुलडोजर आज तक नहीं गरजा। लगातार बच्चे छोटी हो रहे हैं लेकिन यह भारतीय जनता पार्टी के लोग आंख मरे हुए हैं चाय भरतार प्रदेश की भाजपा सरकार ने दावा किया था गड्ढा युक्त सड़कों को झज्जर सड़कों को इन्होंने भरने के लिए कहा था कि हम लोग अरबो रुपए खर्च करेंगे लेकिन हमको तो लगता है कि गड्ढा युक्त जो यह सड़क है उसके नाम पर और वह रुपए का बंदर बात हुआ है यहां के जिला प्रशासन चाहे जन प्रतिनिधि सब पैसे को डकारें हैं जनता से कोई मतलब नहीं है लेकिन हमें भी बताना चाहते हैं कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एक हफ्ते के अंदर अगर रोड का सुधार नहीं हुआ तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधियों के घर पर पहुंचकर गिराव करने का काम करेगी। जुनैद अंसारी ने कहा लगातार समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से कई बार सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के लिए ज्ञापन दिया गया, लेकिन यहां की जिला प्रशासन सुनने का नाम नहीं ले रही है। 15 तारीख को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सोनभद्र में आगमन है अगर रोड नहीं बनती है तो समाजवादी पार्टी योगी जी को भी ज्ञापन देने का काम करेगी।

# समाज सेविका और चिकित्सक डॉ रागिनी की पुण्यतिथि पर किया गया याद

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**



म्योरपुर/ सोनभद्र।म्योरपुर ब्लॉक के गोविंदपुर स्थित बनवासी सेवा आश्रम के प्रेरणा स्थल पर पुष्प अर्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना के साथ रविवार को आश्रम कार्यकताओं, छात्रों और ग्रामीणों ने प्रख्यात समाज सेविका, चिकित्सक, लेखिका, और पर्यावरण विद डॉ रागिनी की 12 वीं पुण्य तिथि पर उन्हें याद किया गया।वक्ताओं ने डा रागिनी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने ने 60 के दशक में जिले के दक्षिणांचल में गरीबों की सेवा की और स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण सरंक्षण को लेकर अपना जीवन समर्पित कर दिया। उस दौर में यह क्षेत्र विकट समस्याओं से जूझ रहा था। साथ ही संसाधनों का अभाव झेल रहा था। ऐसे में डॉ रागिनी ने पूरे क्षेत्र में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ इलाज कर हजारों लोगों की जीवन बचाई। साथ ही स्वास्थ्य संबंधी कई किताबें लिखी।उन्होंने पर्यावरण की समस्या को लेकर अलख जगाया और मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचने के साथ केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से क्षेत्र में प्रदूषण की जांच कराने में अहम भूमिका निभाई। गांधी वादी डा रागिनी ओ राष्ट्रीय स्तर के कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। मौके पर डा विभा, शुभा प्रेम, विमल सिंह, देवनाथ, जगत नारायण विश्वकर्मा, सीता देवी, दिवाकर, विजय कन्नौजिया, सुरेश कुमार, प्रदीप पाण्डेय, नीता समेट सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# दुद्धी - मगध सम्राट जरासंध महाराज की 5228 वीं जन्म जयंती चन्द्रवंशी समाज ने धूमधाम से मनाई

**ब्यूरो चीफ/ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। अखिल भारतवर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा जिला सभा सोनभद्र व चन्द्रवंशी समाज समिति शाखा दुद्धी द्वारा संयुक्त रूप से डीहवार बाबा स्थित मन्दिर परिसर वार्ड 2 दुद्धी में मगध सम्राट जरासंध महाराज की 5228 वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला व शाखा अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता राज नारायण चन्द्रवंशी एवं जितेन्द्र सिंह चन्द्रवंशी द्वारा चन्द्रवंशी समाज कें गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राजा बृहद्रथ की दो रानियां थीं जिन्हें संतान सुख प्राप्त नहीं हो रहा था, राजा बृहद्रथ को ऋषि --- द्वारा पुत्र रत्न की प्राप्ति के लिए राजा वृहद रथ को फल दिया की अपनी रानियां को खिला दें परंतु राजा के दो रानियां थी जिसके कारण बराबर बराबर दो भागों में फल को खिलाया जिससे दोनों रानियां के गर्भ से आधे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। परंतु चन्द्रवंशी समाज की कुलदेवी जरा माता जिसे वनदेवी कें नाम से भी जाना जाता है द्वारा रानियों के गर्भ से उत्पन्न आधे आधे पुत्रों को शक्ति द्वारा जोड़ा गया। जिसके कारण जरासंध नाम पड़ा। कहार कोई जाति नहीं अपितु पेशा है जो आजादी के उपरांत कहार शब्द जाति कें रूप में साजिश कें तहत थोपा गया। जबकि आजादी कें दौरान तत्कालीन गवर्नर ने लिखित में चन्द्रवंशी, रवानी, क्षत्रिय लिखें जानें की पौराणिक पुष्टि उपरान्त संस्तुति की। संवैधानिक विसंगतियों के कारण कहार शब्द जोड़ा गया। जो विकास से आज भी वंचित और अति पिछड़ा है। जिला अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी नें कहाँ राजगीर बिहार में मगध सम्राट जरासंध महाराज की गौरव गाथा कण कण में राजगीर में विराजित है जिसे वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा विशालकाय जरासंध महाराज की प्रतिमा स्थापित कर चन्द्रवंशियों के गौरवशाली इतिहास को संरक्षित करने का काम किया। जरासंध अखाड़ा, सरोवर, जरामाता का मन्दिर आदि हजारों एकड़ में गौरव गाथा है सच्चे सनातनी चन्द्रवंशी गप सेवा समिति काशी द्वारा चन्द्रवंशी व उपजाति यदुवंशियों द्वारा आज भी हजारों वर्षों से काशी में बाबा विश्वनाथ का प्रथम दुधाभिषेक शिवरात्रि पर की जाती है। मनदीप कुमार चन्द्रवंशी द्वारा कार्यक्रम की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। और समाज को एकजुट होने का आह्वाहन किया। अखिल भारतवर्षीय चन्द्रवंशी क्षत्रिय महासभा जिला महासचिव राजेन्द्र सिंह चन्द्रवंशी, अंजूलता चन्द्रवंशी, अध्यापिका सुनीता देवी चन्द्रवंशी, शाखा सचिव विजय कुमार चन्द्रवंशी, सुग्रीव चन्द्रवंशी द्वारा अपने-अपने विचार रखें गए। कार्यक्रम का शुभारंभ जरासंध महाराज के प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्प व दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी ने नागिन टू का तिथियां के प्रति आभार व्यक्त किया। जरासंध महाराज की आरती के उपरांत जय जरासंध, जय मधेश, जए जरा देवी के नारों से गूंज उठा परिसर। इस मौके पर जगत नारायण सिंह, नागेंन्द्र चन्द्रवंशी, कृष्ण चन्द्रवंशी, बबलू चन्द्रवंशी, गायत्री देवी, दीनानाथ चन्द्रवंशी, दीनानाथ चन्द्रवंशी, बंसी राम, राम कुमार, दिनेश चन्द्रवंशी, मुन्नीलाल, कुलदीप कुमार सहित सैकड़ो माता बहने उपस्थिति रहें।

# बभनडीहा में बेमौसम बरसात से लाखों का धान फसल नष्ट, किसानों के चेहरे पर छाई मायूसी

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**



म्योरपुर/ सोनभद्र। बेमौसम बरसात से 52 क्यारी धान का फसल खराब (नष्ट) हो गया है। जिससे किसान के चेहरे पर मायूसी छा गई है। क्षती होने से परिवार का जीवकोपार्जन करने में चिंता की लकीरें साफ झलक रही है। विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम बभनडीहा दक्षिण टोला में किसान बंधुलाल गोंड पुत्र स्व परमेश्वर गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करता है जो 52 क्यारी धान का फसल लगाया था फसल पकने के बाद कटाई चल रही थी कि अचानक कई दिन बेमौसम बरसात होने से धान क्यारी में ही अंकुर (जम) हो गया है जो पूरी तरह से खराब होकर नष्ट हो गया है केवल पुआल सा दिखाई दे रहा है। किसान बंधुलाल का लड़का रामऔतार ने बताया कि किसी तरह कर्ज लेकर धान का बीज खरीद कर फसल लगाया गया था लेकिन अचानक बेमौसम बरसात हो जाने के कारण पूरी फसल खराब हो चुका है अब परिवार का पालन पोषण कैसे हो पाएगा समझ से परे है। बहरहाल इस तरह अचानक मौसम करवट लेने से क्षेत्र में कई किसानों का फसल बर्बाद हो गया है। इस ओर तहसील प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है।

# म्योरपुर में इंटरलॉकिंग व पंचायत भवन गेट का उद्घाटन

**समाज जागरण/ सुभाष चंद्र यादव**

म्योरपुर/ सोनभद्र। स्थानीय कस्बे के रामलीला स्थल के पास रविवार को इंटरलॉकिंग व पंचायत भवन के गेट एवं इंटरलॉकिंग कार्य का विधिवत



उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गोंड उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान संगीता जायसवाल ने ग्रामीणों संग फीता काटकर कार्यों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सुजीत अग्रहरि, पंकज अग्रहरि, सतपाल अग्रहरि, मोनू जायसवाल,

आशु अंसारी, इरफान अहमद सहित क्षेत्र पंचायत सदस्य श्याम नारायण पनिका तथा अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। उद्घाटन के दौरान उपस्थित लोगों ने कहा कि इंटरलॉकिंग निर्माण से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और पंचायत भवन गेट निर्माण से ग्रामीण कार्यों में सुगमता आएगी। ग्रामीणों ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अंगूठा लगाने के बाद भी नही मिलता राशन, सरहंग कोटेदार से ग्रामीण परेशान

**दैनिक समाज जागरण**







सोनभद्र। दुद्धी विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डाला पीपर में कोटेदार द्वारा की जा रही अनियमितता से ग्रामीण परेशान है वही कोटेदार द्वारा विभागीय मिलीभगत में ग्रामीणों को कई महीनों से अनूठा लगाने के बाद भी राशन नहीं दिया गया। ग्राम पंचायत डाला पीपर में ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि कोटेदार राजू चेरो द्वारा किसी ग्रामीण को 2 माह से तो किसी को 3 माह से राशन नही दिया गया। वही ग्रामीणों ने बताया कि हर महीने अंगूठा लगवा कर पर्ची देते हुए यह बताया जाता है कि राशन अभी नही आया है। आते ही आप को दे दिया जाएगा। ग्रामीण सरकार द्वारा उपलब्ध राशन के उम्मीद में राह देख रहे है। ऐसे सैकड़ो ग्रामीणों ने अपनी शिकायत जताई। पूर्व ग्राम प्रधान गिरदावल खरवार ने बताया कि कोटेदार द्वारा हमारा ही राशन अनूठा लगवा कर दो माह से नही दिया गया। शिकायत करने पर कोटेदार ने बताया कि जहां जाना है आप जाओ जब राशन सरकार द्वारा ही नही आया है तो आपको हम कहाँ से देंगे। इस सम्बंध में सप्लाई इंस्पेक्टर परवेज असलम ने बताया कि जानकारी नही है। राशन तो सभी कोटेदार को समयानुसार उपलब्ध हो जाता है। जांच कराता हूं।

# कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के शहर अध्यक्ष बने प्रदीप गुप्ता

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**

सोनभद्र। कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ का शहर अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता को बनाये जाने पर जहाँ एक ओर कांग्रेस जनों मे प्रसन्नता व्याप्त है वही पार्टी के इस निर्णय से आम व्यापरीयों में खुशी की लहर है। प्रदीप गुप्ता के शहर अध्यक्ष



बनने के बाद उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेस जनों के साथ बजरंगबली प्रभु हनुमान के मंदिर जा कर मत्था ठेका और आशीर्वाद लिया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामराज गौड ने इस अवसर पर विश्वास व्यक्त किया की प्रदीप गुप्ता के शहर अध्यक्ष बनने से कांग्रेस को नई मजबूती मिलेगी। एन एस यू आई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राघवेंद्र नारायण ने कहा की मौजूदा सरकार की नीतियां पूर्ण रूप से व्यापारी विरोधी हैं। प्रदीप गुप्ता व्यापारी हितो की लड़ाई मजबूती से लड़ेंगे और व्यापारियों को हो रही दुस्वारियों से उन्हें निजात दिलाने का काम करेंगे। इस अवसर पर बधाई देने वाले प्रमुख नेताओं कार्यकर्ताओं और व्यापारियों में शैलेंद्र चतुर्वेदी शहर अध्यक्ष सेवादल, दिनेश धर दुबे, रजनीश चौबे एडवोकेट, लॉरेंस एंथोनी, दीपक कोहली, सुनील मिश्रा, पिंटू सिंह रामवृक्ष व अन्य कई प्रमुख थे।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी उमेश सिंह ने दिखाई मानवता की मिसाल, गरीब परिवार की मदद कर जीता दिल

**ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण**



सोनभद्र। थाना पिपरी, चौकी रेणुकूट क्षेत्रान्तर्गत मुर्धवा मोड़ के पास एक महिला अपने पति व बच्चों के साथ अपने मायके से अपने ससुराल जा रही थी। रास्ते में अचानक महिला को चक्कर आने से वह गिर पड़ी और बेहोश हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वहां मौजूद लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। इस दौरान मुर्धवा चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी उमेश सिंह ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी। 112 की गाड़ी के देर से पहुँचने पर स्थिति गंभीर होती देख उमेश सिंह ने अपने निजी खर्चे से टेंपो बुक कर महिला को अस्पताल भिजवाया तथा उसके परिवार की हर संभव मदद की। उन्होंने उस गरीब परिवार को अपना मोबाइल नंबर देते हुए आश्वासन दिया कि भविष्य में किसी भी प्रकार की कठिनाई आने पर वे निःसंकोच उनसे संपर्क करें – पूरा सहयोग किया जाएगा। इस प्रकार पुलिसकर्मी उमेश सिंह ने अपनी संवेदनशीलता, तत्परता और मानवता की अद्भुत मिसाल पेश की, जो पुलिस विभाग के लिए गर्व की बात है।

# एनडीए का संकल्प पत्र की घोषणा एक करोड़ जीविका दीदियां बनेंगी लखपति

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज जिला भाजपा कार्यालय धमंगज में एक प्रेस वार्ता कर विधायक अभय कुमार वर्मा ने एनडीए का संकल्प पत्र की घोषणा कर कहा कि हमारी घोषणा कोई कागजी नहीं वल्कि पार्टी का संकल्प पत्र है। इन्होंने जो संकल्प मध्यप्रदेश, राजस्थान एवं महाराष्ट्र में किया और सरकार बनने पर पूरा भी किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई लोक लुभावन घोषणा तो कर देता है और वह सिर्फ जनता को भ्रमित कर वोट पाना चाहते हैं। किन्तु हमारी सरकार की यह गारंटी है। यह गारेंटी पीएम नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा दी जा रही है। जो उसे पूरा भी किया गया है। उन्होंने कहा कि हर जिले में मेगा स्किल सेंटर खोले जाएंगे, अभी हाल ही में ही पिछले दिनों एनडीए के वर्तमान कार्यकाल में महिला सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक जीविका दीदियों को रोजगार के लिए दस हजार रुपए दिए गए और आने वाले एनडीए सरकार में महिला रोजगार योजना से महिलाओं को दो लाख तक की सहायता राशि दी जाएगी ताकि वह रोजगार बढ़ा सकें और लखपति दीदियां बन जाए। लक्ष्य है एक करोड़ महिलाएं बनेंगी लखपति। उन्होंने कहा कि फिर से एनडीए सरकार आएगी तो किसानों को सम्मान निधि कि राशि छह हजार से अब बढ़ाकर नौ हजार की सहायता राशि कर दी जाएगी। इसके अलावे भी अभय कुमार वर्मा ने एनडीए के संकल्प पत्र पर चर्चा कर बताया कि मत्स्य पालकों को 4,500 से बढ़ाकर 9,000 की सहायता राशि, एमएसपी की गारंटी सभी फसलों के लिए एग्री-इंफ्रास्ट्रक्चर में 1 लाख करोड़ का निवेश, हर अनुमंडल में एससी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आवासीय विद्यालय, उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत सभी अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को प्रति माह 2,000, ईवीसी वर्ग की जातियों को ?10 लाख तक की सहायता, गरीब परिवारों के छात्रों को केजी से पीजी तक मुफ्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्कूलों में मिड-डे मील के साथ पौष्टिक नाश्ता, 50 लाख नए पक्के मकान, मुफ्त राशन 125 यूनिट मुफ्त विजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन। 5,000 करोड़ से जिले के प्रमुख स्कूलों का कायाकल्प क7 एक्सप्रेसवे व 3,600 किमी रेल ट्रैक का आधुनिकीकरण मेडिसिटी और हर जिले में मेडिकल कॉलेज का निर्माण, मां जानकी की जन्मस्थली का विश्वस्तरीय आध्यात्मिक नगरी सीतापुरम के रूप में विकास, पटना, दरभंगा, पूर्णिया एवं भागलपुर में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट एवं 4 नए शहरों में मेट्रो इत्यादि देने का संकल्प लिया है।

# प्रत्येक बूथ पर स्वस्थ्य कर्मी रहेंगे सजग, जिला प्रशासन ने की तैयारी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

लोकतंत्र के इस महापर्व में जहां मतदाता अपनी भागीदारी निभाने जा रहे हैं, वहीं मतदान प्रक्रिया में लगे कर्मियों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी भी प्रशासन ने गंभीरता से ली है। लंबे समय तक ड्यूटी, बदलते मौसम और लगातार व्यस्तता के बीच किसी भी आकस्मिक स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने ठोस पहल की तैयारी में है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से हर मतदान कर्मी को मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे बिना किसी असुविधा के अपना कार्य कर सकें। मतदान कार्य में लगे कर्मियों को स्वस्थ और सक्षम बनाए रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल किट तैयार की है। यह किट जिला मुख्यालय स्थित सामग्री संग्रह केंद्र में रखी गई है, जिसे 10 नवंबर को रवाना होने वाली पोलिंग पार्टियों को वितरित किया जाएगा। इसमें सर्दी, खांसी, बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, और मामूली चोट के उपचार की दवाइयां शामिल हैं।सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि मतदान कार्य के दौरान कर्मियों के स्वास्थ्य की पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग की है। हर मेडिकल किट में 10 से 12 आवश्यक दवाएं रखी गई हैं, जिनसे कर्मी मामूली बीमारी या थकान से राहत पा सकेंगे।

**चार विधानसभा क्षेत्रों के लिए 1503 मेडिकल किट तैयार।**

जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों के 1366 बूथों के लिए कुल 1503 मेडिकल किट तैयार की गई हैं। इसमें 10 प्रतिशत अतिरिक्त किट भी रखी गई है ताकि किसी भी आकस्मिक आवश्यकता की स्थिति में तुरंत आपूर्ति की जा सके। सभी मेडिकल किट्स को सामग्री कोषांग को सुपुर्द कर दिया गया है, जिससे मतदान टीमों को प्रस्थान के समय ही यह सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।प्रत्येक पैकेट के साथ एक दवा-निर्देश पर्ची भी रखी गई है जिसमें यह बताया गया है कि कौन सी दवा कब और कितनी मात्रा में लेनी है। इससे मतदान कर्मियों को दवाइयों के सही उपयोग की जानकारी रहेगी।

**आपात स्थिति में मिलेगी एम्बुलेंस और अस्पताल सुविधा।**

सिविल सर्जन डॉ राज कुमार चौधरी ने कहा कि अगर किसी कर्मी की तबीयत ज्यादा बिगड़ती है तो उसके लिए विशेष चिकित्सा व्यवस्था की गई है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों में विशेष टीमें तैनात रहेंगी। साथ ही प्रत्येक स्तर पर एम्बुलेंस की व्यवस्था भी की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में कर्मी को तुरंत अस्पताल पहुंचाया जा सके।

# महाराज जरासंध की 5258वीं जयंती सादगीपूर्वक मनाई गई, समाज में एकता व नशा-मुक्ति का संकल्प

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता पदमा, समाज जागरण**




पदमा -अखिल भारतीय चंद्रवंशी समाज, पदमा के तत्वावधान में चंद्रवंशी भवन, पदमा में चंद्रवंशी वंश के महान सम्राट महाराज जरासंध की 5258वीं जयंती सादगीपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर समाज के सदस्यों ने महाराज जरासंध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष रंजीत चंद्रवंशी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि महाराज जरासंध केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि समाज को एकजुट रखने वाले आदर्श शासक भी थे। उन्होंने समाज के लोगों से महाराज जरासंध के उपदेशों को आत्मसात करने, आपसी एकता बनाए रखने और नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

अध्यक्ष ने बताया कि समाज के कुछ युवाओं के असमय निधन के कारण इस वर्ष जयंती समारोह को सादगीपूर्वक मनाया गया।

सभा को संबोधित करते हुए अशोक सिंह ने एकता का संदेश देते हुए कहा, जिस प्रकार झाड़ू के तिनके एक साथ मिलकर सफाई करते हैं, लेकिन अलग होने पर खुद कचरा बन जाते हैं, उसी प्रकार समाज को भी एकजुट रहना चाहिए।

वहीं, समाज के उपाध्यक्ष गौरीशंकर सिंह ने कहा कि एकजुटता से कोई भी कठिन समस्या का समाधान संभव है। गौतम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सृष्टि में महाराज जरासंध जैसे असाधारण व्यक्तित्व बहुत विरले हुए हैं, जिन्होंने दो माताओं की कोख से जन्म लेकर इतिहास रचा।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अजय सिंह, विजय सिंह, पंकज सिंह, गौतम चंद्रवंशी, प्रदीप सिंह, पिंटू सिंह, सुरेश सिंह, उमेश सिंह, मनोज वर्मा, सुदर्शन सिंह, वासुदेव सिंह, नंदकिशोर सिंह, बद्री सिंह, तनुज सिंह, शंकर सिंह, दीपक सिंह, प्रेम सिंह, नागो चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# चुनाव के दौरान किसी भी तरह की हिंसा बर्दाश्त नही:- चुनाव आयोग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। आयोग के अधिकारियों ने कहा कि चुनाव में कानून का पालन अनिवार्य है और किसी भी उम्मीदवार, पार्टी कार्यकर्ता या मतदाता द्वारा हिंसा करने की कोशिश की गई तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत में कहा की जहां तक हिंसा का सवाल है, इसे लेकर आयोग पूरी तरह गंभीर है। हिंसा के किसी भी मामले में कोई रियायत नहीं होगी। सभी पक्षों को यह समझना चाहिए कि लोकतंत्र में मतदाता की सुरक्षा सर्वोपरि है और चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए। राज्य के चुनावी माहौल को शांत और सुरक्षित बनाए रखना आयोग की पहली प्राथमिकता है। आयोग की टीम हर जिले और विधानसभा क्षेत्र में निगरानी रखेगी और किसी भी अप्रिय घटना पर तुरंत हस्तक्षेप किया जाएगा। हिंसा में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें गिरफ्तारी और जेल भेजना भी शामिल है। मतदाता मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से अपने मत का प्रयोग करें। मतदाता ही लोकतंत्र की नींव हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना आयोग की जिम्मेदारी है। हम सभी मतदाताओं से अनुरोध करते हैं कि वे बिना किसी डर या दबाव के मतदान करें। मतदान के दौरान किसी भी तरह के विवाद या झगड़े में मतदाता शामिल न हों और किसी भी असामाजिक गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय अधिकारियों को दें। सभी राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों को चुनाव के दौरान संयम बरतना होगा। किसी भी प्रकार के प्रचार या विरोध प्रदर्शन में हिंसा नहीं होनी चाहिए। मयदाता मतदान के अधिकार का प्रयोग अवश्य करें। मतदाता सुरक्षा के लिए हर मतदान केंद्र पर सुरक्षा गार्ड और पुलिस अधिकारी तैनात रहेंगे। किसी भी प्रकार के मतदाता उत्पीड़न, धमकी या दबाव की स्थिति में मतदाता सीधे चुनाव आयोग से संपर्क कर सकते हैं। चुनाव आयोग ने यह भी चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति या दल नियमों का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें चुनाव से निष्कासन और कानूनी दंड शामिल हो सकता है। आयोग ने जनता से यह अपील की कि वे अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग अवश्य करें और चुनाव को सफल, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष बनाएं। सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे मतदान केंद्रों पर अनुशासन बनाए रखें और लोकतंत्र की गरिमा को बनाए रखने में योगदान दें।

# कुटुंबा विधान सभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजेश राम जीत की हैट्रिक की ओर

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



नबीनगर (बिहार) कुटुंबा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजेश राम ने महागठबंधन के उम्मीदवार के रूप में अपनी हैट्रिक लगाने की ओर लगातार अग्रसर हैं। राजेश राम कुटुंबा से दो बार विधायक रह चुके हैं और वर्तमान में बिहार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनके पिता दिवंगत दिलकेश्वर राम भी कुटुंबा से विधायक और बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं।राजेश राम ने अपने चुनावी अभियान में क्षेत्र के विकास को प्रमुख मुद्दा बनाया है। उन्होंने दावा किया है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में क्षेत्र में कई विकास कार्य किए हैं और आगे भी जारी रखेंगे। क्षेत्र की जनता का समर्थन उनके साथ है, और वे उन्हें फिर से जिताने के लिए तैयार है ।राजेश राम की लोकप्रियता का एक कारण उनका सौम्य स्वभाव और दलितों एवं सवर्णों के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। कुटुंबा विधान सभा क्षेत्र में रविदास समुदाय के सबसे अधिक मतदाता है दूसरे स्थान पर भुईयां जाति है इस क्षेत्र में राजपूत मतदाता भी अच्छी संख्या में है और उनका मत निर्णायक होता है जिसपर राजेश राम की अच्छी पकड़ है।वे दो बार से कुटुंबा से विधायक हैं और अपने क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए जाने जाते हैं।साथ ही उनके दिवंगत पिता दिलेश्वर राम जी बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों की उपलब्धियां भी राजेश राम के साथ है। मतदाताओं के बीच यह भी चर्चा है कि अबकी बार बिहार में महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है जिसमें राजेश राम को उप मुख्यमंत्री बनाया जा सकता है जिससे इस क्षेत्र में विकास काफी तेजी से होगा। इस बीच राजेश राम के लिए क्षेत्र की जनता ने जन संपर्क अभियान व्यापक पैमाने पर चला रही है। महिलाएं भी राजेश राम को हैट्रिक लगाने में अपना योगदान दे रही है।वहीं महागठबंधन का चुनाव घोषणा पत्र का लाभ भी राजेश राम को हैट्रिक लगाने में मदद कर रहा है।

# दो युवक कमाने जा रहे थे प्रदेश,गलत ट्रेन में चढ़ने और जल्दबाजी में उतरने से गिर कर हुए मौत का शिकार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



किशनगंज शहर में ट्रेन से कटकर दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। घटना रूईधासा के निकट रेलवे पुल के पास कि है। मृतकों की पहचान बसंतपुर फरसा डांगी, चकला घाट, किशनगंज निवासी गोविंद कुमार यादव (23) और किरण कुमार यादव (21) के रूप में हुई है। दोनों एक ही गांव के निवासी थे और जयपुर मजदूरी करने जा रहे थे। वहां दोनों प्लाई बोर्ड फैक्ट्री में काम करते थे। वे गलती से गरीब नवाज एक्सप्रेस की बजाय किसी अन्य ट्रेन में चढ़ गए थे। अपनी भूल का पता चलने पर उन्होंने चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास किया, जिससे वे असंतुलित होकर रेलवे ट्रैक पर गिर गए और ट्रेन की चपेट में आ गए। एक का पैर कटने और दूसरे की शरीर कटने से मौके पर मौत हो गई।

**जल्दबाजी के कारण हादसा का हुए शिकार।**

सूचना मिलने पर किशनगंज रेल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना की खबर गांव में फैलते ही मृतकों के परिजन रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के पिता चंदन यादव ने बताया कि मेरा बेटा और उसका एक साथी सुबह 5.30 बजे दोनों को गरीब नवाज ट्रेन में चढ़ा दिया था। वहां से निकलने के बाद जब मैंने दोनों को कॉल किया तो दोनों ने फोन नहीं उठाया फिर पता चला कि ट्रेन से गिरकर दोनों की मौत हो गई है।

# 16 नवंबर को होगा झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन का चुनाव

**संवाददाता समाज जागरण**




हजारीबाग। झारखंड प्राइवेट स्कूल संगठन की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को इमली कोठी चौक स्थित जेडी पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संगठन का चुनाव आगामी 16 नवंबर को कराया जाएगा। इस दिन अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए मतदान संपन्न होगा।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष विनोद भगत ने की, जबकि संचालन संगठन के सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा ने किया। इस अवसर संगठन के संयोजक मधु मनोहर, मकसीर आलम, छोटेलाल साव, आमिर अफताब, अविरल बिहारी लाल ,मधुसूदन मेहता, मनोज राय ,सोहेलअहमद नूर, हरि नारायण प्रसाद , राजेश शर्मा, शैलेश यादव, रंजीत प्रजापति, अजीत कुमार मेहता, हरिनारायण प्रसाद, राहुल कुमार, नरेश यादव, राजन कुमार पंकज पाठक ,मनीष पाठक, विकास पांडे, अभिषेक मेहता सहित जिले भर के सैकड़ों स्कूल संचालकों ने भाग लिया।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी एवं लोकतांत्रिक ढंग से संपन्न किया जाएगा। नामांकन की तिथि 16 नवंबर ही तय की गई है। पद के लिए नामांकन भरने वाले प्रत्याशियों को 5000 का नामांकन शुल्क जमा करना होगा।

अध्यक्ष विनोद भगत ने कहा कि राज्य सरकार की दोहरी नीति के कारण निजी विद्यालयों को लगातार परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों पर मनमाने आदेश थोपे जा रहे हैं, जिनके खिलाफ संगठन ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। अदालत ने फिलहाल सरकार के आदेश पर स्थगन (स्टे) लगा दिया है। इस पर सभी सदस्यों के हर्ष व्यक्त किया । संगठन के सचिव प्रभु दयाल कुशवाहा में कहा हाई कोर्ट रांची का स्थगन आदेश स्वागत योग्य है। 2019 से पहले खुले प्राइवेट स्कूल, जिनको यू डाइस कोड प्राप्त है। उन स्कूलों वालों में अदालत के प्रति विश्वास जगा है । विश्वास व्यक्त करते हुए सचिव ने कहा अब निजी विद्यालयों को अनुमति मिलने में सहूलियत होगी।

**स्कूल संचालकों ने आशा व्यक्त करते हुए कहा**

कि सरकार की नीतियों के विरोध में संगठन को अब और मजबूत व सशक्त बनाना होगा, ताकि निजी विद्यालयों के हितों की रक्षा की जा सके।

# जिलाधिकारी ने टंडवा में मतदाता जागरूकता के तहत ग्रामीणों से संवाद कार्यक्रम किया आयोजित

**समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**




नबीनगर (बिहार) रविवार को औरंगाबाद के जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने नबीनगर प्रखंड के मध्य विद्यालय टंडवा में मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप कार्यक्रम मे महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में जिला पदाधिकारी ने ग्रामीणों से 11 नवंबर 2025 को होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की।ग्रामीणों ने इस दौरान अपनी समस्याओं को साझा किया, जिसमें मुख्य रूप से सड़क, बिजली,पानी, नल जल और नाली एवं सड़क की मांग प्रमुख रही। जिला पदाधिकारी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन देते हुए कहा कि बहुत जल्द प्रशासन द्वारा समस्याओं को समाधान किया जाएगा।कार्यक्रम में जिला वरीय समाहर्ता रत्ना प्रियदर्शी, युवा संस्कृति पदाधिकारी पप्पू कुमार, आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी, बीडीओ अरुण सिंह,बीपीआरओ मुकेश कुमार, थानाध्यक्ष टंडवा, शिक्षक विनोद दास, राजेश कुमार, धनंजय कुमार सिंह, संजीव कुमार सिंह, अशोक कुमार मेहता, संजय शास्त्री, बीपीएम नवर्चन गहरवाल, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ग्रामीण राजेश कुमार, अभय वैध, संजय पासवान सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# अंडर-15 शतरंज में आयुष और पलचीन ने मारी बाजी

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में तथा इसके लर्निंग पार्टनर चेस क्रॉप्स अकादमी के सहयोग से रविवार को खेल भवन, खगड़ा में 15 वर्ष से कम



आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के बीच एक निःशुल्क ओपन जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में आयुष कुमार और बालिका वर्ग में पलचीन जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय जायसवाल एवं वरीय उपाध्यक्ष मनीष कासलीवाल ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शतरंज खेलना छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी है, क्योंकि यह स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ उनकी एकाग्रता, तर्कशीलता और सकारात्मक सोच को भी बढ़ाता है।

संघ के मानद महासचिव शंकर नारायण दत्ता तथा आयोजन सचिव एवं चेस क्रॉप्स प्रमुख कमल कर्मकार ने बताया कि बालक वर्ग में सुरोनोय दास द्वितीय तथा श्रीजय पाल तृतीय स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में धान्वी कर्मकार को दूसरा और अपर्णा शर्मा को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता में नमन कुमार सिंह, केशव मित्तल, आदर्श भास्कर, दृष्टि दिया प्रामाणिक, अंश साहा, अमायरा रहमान, जयश्री प्रभा, रचित बियानी, हिमांश जैन, तनय अग्रवाल, सार्थक अग्रवाल, श्रेयांश दीप सहित अन्य प्रतिभागियों के प्रदर्शन की भी सराहना की गई।

प्रतियोगिता के शीर्ष विजेताओं को संघ की ओर से नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत करने के अवसर पर मुख्य अतिथि धनंजय जायसवाल के साथ मनीष कासलीवाल, दीप कुमार, बासुकीनाथ गुप्ता, विशाल जैन, साजिदूर रहमान एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मौके पर अभिभावकों में रंजीत प्रामाणिक, सुनीता दत्ता दास, हादिया रहमान, पिंकी भास्कर, देवयानी दे, प्रिया चौधरी, स्मिता दास, रंजना वर्मा, अनुपमा कुमारी, आनंद जैन, ज्ञान प्रकाश सहित कई लोग उपस्थित थे। निर्णायक मंडल में संघ के मुख्य निर्णायक सुधांशु सरकार, सहायक निर्णायक अंशुमन राज एवं रौनक कुमार तथा संयुक्त सचिव रोहन कुमार शामिल थे।

# बेमौसम बारिश ने किसानों की तोड़ी कमर, सैकड़ों एकड़ में लगी धान की फसल बर्बाद

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

किशनगंज जिले में लगातार तेज हवा के साथ बेमौसम बारिश ने किसानों के खेतों में धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। बारिश के साथ हवा के झोंको ने किसानों के खेत में लगभग तैयार हो चुकी फसलों को जमीन



पर सुला दिया है। जबकि कुछ फसल में अभी दाना बन रहा था, अब धान में खखरी होने की संभावना है। खेतों में गिरे फसल को देख किसान काफी मायूस एव परेशान हैं। अब उनकी उम्मीद चकनाचूर हो गई है। काफी पूंजी लगाकर किसान बिचड़ा के नर्सरी की तैयारी से लेकर खेतों की जोताई, रोपनी तथा फसलों के लिए महंगे मूल्य पर उर्वरकों को खेत में डाल फसल तैयार किया गया था,अब कटनी की तैयारी में थे। जिले में प्राकृतिक आपदा के कारण धान के की खेती पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। वही किसानों ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार से उचित मुआवजा की मांग किया है।

# पटना पुलिस ने किया अनन्त सिंह को गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के मोकामा में हुए दुलारचंद यादव हत्याकांड मामले में पुलिस ने तीन लोगों को अरेस्ट कर लिया है। जिसमें मोकामा के पूर्व विधायक सह बाहुबली नेता अनंत सिंह शामिल है। पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा के तरफ से यह जानकारी दी गई है कि गुलाबचंद हत्याकांड मामले में तीन लोगों को अरेस्ट किया गया है जिसमें अनंत सिंह का भी नाम शामिल है। उन्होंने यह जानकारी दी की घटना के बाद जब पुलिस की टीम वहां जांच पड़ताल करने पहुंची तो तो यह पाया गया की घटना के बाद जेडीयू प्रत्याशी वहां मौजूद थे। उनकी मौजूदगी में ही इस घटना को अंजाम दिया गया है। जिसके बाद अब उन्हें अरेस्ट कर लिया गया है इसके साथ ही इस मामले में दो अन्य लोगों की भी गिरफ्तारी हुई है। यह तीनों लोग बाढ़ थाना अंतर्गत नगमा गांव के रहने वाले बताए जाने जिसमें एक का नाम मणिकांत तथा दूसरे का नाम रणजीत राम है। शनिवार की देर रात हुई इस कार्रवाई की पुष्टि पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा और डीएम त्याग राजन ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में की।पटना डीएम त्याग राजन ने बताया कि इस घटना में कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश की गई थी। उन्होंने कहा कि ह्लजितने भी लीगल हथियार हैं, उन्हें भी जमा कराया जा रहा है।ह्व डीएम ने साफ किया कि प्रशासन हर कोण से मामले की जांच कर रहा है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पटना एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ह्लदोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज कराया गया हैह्व और इस घटना में आचार संहिता का उल्लंघन भी हुआ है। उन्होंने बताया कि अनंत सिंह उस समय घटनास्थल पर मौजूद थे, और जांच के बाद उनकी गिरफ्तारी की गई है। एसएसपी ने आगे बताया कि अनंत सिंह के दो सहयोगी मणिकांत ठाकुर और रणजीत राम भी घटनास्थल पर मौजूद थे जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल तीनों से पूछताछ की जा रही है, और पुलिस इस पूरे प्रकरण से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।

# पटना में आचार संहिता के उल्लंघन मामले में तीन वाहन जप्त

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पटना जिले के बाढ़ विधानसभा क्षेत्र में राजद प्रत्याशी कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया पर प्रचार अभियान के दौरान नियमों की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। इस मामले में प्रशासन ने तीन प्रचार वाहनों को जब्त कर लिया है और प्रत्याशी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना ने जानकारी दी कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में बाढ़ अनुमंडल में राजद प्रत्याशी द्वारा उपयोग किए जा रहे वाहनों की जांच में अनियमितता पाई गई। जिसके बाद प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए तीनों वाहनों को जब्त कर लिया और संबंधित थाना क्षेत्र में प्राथमिकी दर्ज कर दी।बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान यह कार्रवाई जिला प्रशासन की कानून-व्यवस्था और निष्पक्ष चुनाव के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

राजद प्रत्याशी पर एफआईआर दर्ज होने से राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई है और अब यह देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव आयोग आगे इस मामले में क्या रुख अपनाता है। प्रशासन ने बताया कि बाढ़ अनुमंडल समेत जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में फ्लाइंग स्क्वॉड, निगरानी दल और स्थैतिक निगरानी टीमों को सक्रिय रखा गया है। इनकी रिपोर्ट पर ही यह कार्रवाई की गई है। वही डीएम पटना ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक प्रत्याशी और राजनीतिक दल को आचार संहिता का पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, ताकि चुनाव प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। आचार संहिता जा पालन लोकतंत्र की स्वच्छता का प्रतीक है। किसी को भी कानून से ऊपर नही माना जाएगा।